
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 255
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
सोमवार 28 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 सुपरटेक इको विलेज 2 में डायरेक्ट कनेक्शन के लिए निवासियों ने शुरू किया अभियान
पेज 5 मोबाइल और 700 रुपए के लालच में की थी हत्या, वाराणसी में गन्ने के खेत में मिला था युवक का शव; आरोपी दोस्त भेजा गया
पेज 7 यूक्रेन-जॉर्जिया के बायोलैब्स का अमेरिका सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रहा है इस्तेमाल: रूस

## यदि 'लोकल के लिए वोकल' हो जाएं तो 'लोकल बनेगा ग्लोबल' : मोदी

### उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह हमने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की, जिसने हम सबको गर्व से भर दिया



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड महामारी के बीच देश का निर्यात 400 अरब डॉलर के पार जाने में देश के कृषि, हस्तशिल्प एवं हथकरघा उद्योगों की भूमिका को रेखांकित करते हुए आज कहा कि यदि प्रत्येक देशवासी स्थानीय वस्तुओं का आग्रही हो जाएगा तो भारत की स्थानीय वस्तुओं को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होने में देर नहीं लगेगी। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 87वें अंक में कहा कि यदि हर देशवासी 'लोकल के लिए वोकल' हो जाएगा तो 'लोकल को ग्लोबल' होते देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह हमने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की, जिसने हम सबको गर्व से भर दिया। आपने सुना होगा कि भारत ने पिछले सप्ताह 400 अरब डॉलर, यानी, 30 लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि पहली बार सुनने में लगता है कि ये अर्थव्यवस्था से जुड़ी बात है लेकिन ये अर्थव्यवस्था से भी ज्यादा भारत के सामर्थ्य एवं क्षमता से जुड़ी बात है। एक समय में भारत से निर्यात का आँकड़ा कभी 100 अरब, डेढ़ सौ अरब और कभी दो सौ अरब डॉलर तक हुआ करता था। अब आज भारत 400 अरब डॉलर पर पहुँच गया है। इसका एक मतलब ये है कि दुनिया भर में भारत में बनी चीज़ों की मांग बढ़ रही है, दूसरा मतलब यह है कि भारत की आपूर्ति श्रृंखला दिनों-दिन और मजबूत हो रही है।

मोदी ने कहा कि देश के कोने-कोने से नए-नए उत्पाद जब विदेश जा रहे हैं। असम के हैलाकांडी के चर्म उत्पाद हों या उस्मानाबाद के हथकरघा उत्पाद, बीजापुर की फल-सब्जियाँ हों या चंदौली का काला चावल, सबका निर्यात बढ़ रहा है।

अब, आपको लद्धाख की विश्व प्रसिद्द खूबानी दुबई में भी मिलेगी और सऊदी अरब में तमिलनाडु से भेजे गए केले मिलेंगे। अब सबसे बड़ी बात ये कि नए-नए उत्पाद नए-नए देशों को भेजे जा रहे हैं।

जैसे हिमाचल, उत्तराखण्ड में पैदा हुए मोटे अनाज की पहली खेप डेनमार्क को निर्यात की गयी। आंध्र प्रदेश के कृष्णा और चित्तूर जिले के बंगनपल्ली और सुवर्णरेखा आम, दक्षिण कोरिया को निर्यात किये गए। त्रिपुरा से ताजा कटहल, हवाई रास्ते से, लंदन निर्यात किये गए और तो और पहली बार नगालैंड की राजा मिर्च को लंदन भेजा गया। इसी तरह भालिया गेहूं की पहली खेप, गुजरात से केन्या और श्रीलंका निर्यात की गयी। यानी, अब आप दूसरे देशों में जाएंगे, तो मेक इन इंडिया उत्पाद पहले की तुलना में कहीं ज्यादा नज़र आएँगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह सूची जितनी लम्बी है, उतनी ही बड़ी मेक इन इंडिया की ताकत है, उतना ही विराट भारत का सामर्थ्य है और सामर्थ्य का आधार है – हमारे किसान, हमारे कारीगर, हमारे बुनकर, हमारे इंजीनियर, हमारे लघु उद्यमी, हमारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई), ढ़ेर सारे अलग-अलग पेशेवर के लोग, ये सब इसकी सच्ची ताकत हैं।

### राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सामूहिक प्रयासों की जरुरत : मोदी

नयी दिल्ली 27 मार्च (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल देते हुए रविवार को कहा कि भारत की ऐसी धारणा कभी नहीं रही कि सरकारें सब कुछ करेंगी। मोदी ने आज यहां अहिंसा यात्रा संपूर्ण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा , भारत में यह धारणा कभी नहीं रही कि सरकारें सब कुछ करेंगी अथवा जो सत्ता में हैं वही सब कुछ करेंगे। यह भारत का स्वभाव कभी नहीं रहा है। हमारे देश में राजनीतिक , आध्यात्मिक और सामाजिक सभी अधिकारों की समान भूमिका रही है। देश में कर्तव्य हमारा धर्म रहा है। प्रधानमंत्री ने तेरापंथ आचार्य महाश्रमणजी और उनके सभी शिष्यों को सात साल में ऐतिहासिक 18,000 किलोमीटर की यात्रा पूरी होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आचार्य महाश्रमणजी ने यात्रा के माध्यम से वसुधैव कुटुम्बकम के विचार का प्रचार किया तथा आचार्य महाश्रमणजी ने समाज में नैतिक मूल्यों के लिए काम किया है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि लाखों लोग समाज को नशीले पदार्थों और इस तरह की अन्य बुराइयों से मुक्ति दिलाने के आचार्य जी के मिशन में शामिल हुए। मोदी ने कहा , आध्यात्मिक क्षेत्र में हम आत्म-साक्षात्कार तभी कर सकते हैं जब हम इस तरह के दोषों से मुक्त हों। जब हम स्वयं से ऊपर उठते हैं, तभी हमें बड़े अच्छे के लिए अपने कर्तव्यों का एहसास होता है। आचार्य महाश्रमण 11वें आचार्य एवं जैन श्वेतांबर तेरापंथ संप्रदाय के सर्वोच्च प्रमुख हैं। उन्होंने 09 नवंबर 2014 को दिल्ली के लाल किले से अहिंसा यात्रा शुरू की जो आज संपन्न हुई।

## देश में कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या नये मामलों से अधिक

### देश में शनिवार को 149 मरीजों की संक्रमण से मौत हुई

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 1,421 नये मामले सामने आये हैं और इस दौरान 1,826 मरीज इससे ठीक हुए हैं। इसी के साथ नये मामलों और स्वस्थ होने वालों की संख्या क्रमश- 4,30,19,453 और 4,24,82,262 हो गई है।

देश में शनिवार को 149 मरीजों की संक्रमण से मौत हुई है, जिसके साथ अब मरने वालों का आंकड़ा कुल पांच लाख 21 हजार 004 तक पहुंच गया है जबकि शुक्रवार को यह आंकड़ा काफी अधिक 4,100 दर्ज किया गया था।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों की संख्या 554 घटकर 16,187 रह गई है।

उल्लेखनीय है कि देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.75 प्रतिशत और संक्रमण दर 0.04 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 338 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 4881 रह गई। वहीं, 693 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6457993 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 67772 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 1818 है।

इस दौरान 94 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 3903380 हो गई है।

वहीं राज्य में एक और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40049 पर पहुंच गया है।

असम में इस दौरान सक्रिय मामलों की संख्या एक घटकर 1362 हो गई है, वहीं इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 716194 तक पहुंच गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा भी 6639 पर स्थिर रहा।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में 47 सक्रिय मामले कम होने के साथ इनकी संख्या 1227 रह गयी है। इस दौरान राज्य में 192 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 221885 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 681 हो गया है।

महाराष्ट्र में इस दौरान एक सक्रिय मामला बढ़ने के साथ इनकी संख्या 893 हो गए हैं।

इस दौरान राज्य में 137 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7724697 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 143779 पर स्थिर है।

पश्चिम बंगाल में इस दौरान सक्रिय मामले नौ घटकर 729 रह गए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 21197 पर स्थिर है। राज्य में 1995212 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

तेलंगाना में सक्रिय मामले 39 घटकर 536 रह गए हैं, जबकि मृतकों का आंकड़ा 4111 पर स्थिर है। इस महामारी से 786463 लोग निजात पा चुके हैं।

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 383 घटकर 519 रह गई है और राज्य में अभी तक 428954 लोग इस जानलेवा वायरस से निजात पा चुके हैं। मृतकों का आंकड़ा 7691 पर स्थिर है।

उत्तर प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामले एक घटकर 490 रह गए हैं और संक्रमण से निजात पाने वालों की कुल संख्या 2046502 हो गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 23494 पर पहुंच गया है।

ओडिशा में कोरोना के सक्रिय मामले 42 बढ़कर 484 हो गए हैं। राज्य में कोरोना मुक्त होने वालों की संख्या 1277819 पर बरकरार है तथा मृतकों का आंकड़ा 9118 है।

**राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दौरान कोरोना के सक्रिय मामले दो घटकर 464 हो गए हैं, जबकि 122 और मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 1837864 तक पहुचं गई है। राजधानी में मृतकों का आंकड़ा 26150 है।**

## 6 दिन में पांचवी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

### पेट्रोल पर 50 पैसे और डीजल पर 55 पैसे बढ़े, पांच दिन में 3.70 रुपए महंगे हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने इस हफ्ते 5वीं बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। रविवार को पेट्रोल 50 पैसे और डीजल 55 पैसे प्रति लीटर महंगे हुए। नई कीमत लागू होने के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 99.11 रुपए/लीटर और डीजल 90.42 रुपए/लीटर मिल रहा है। इससे पहले, 22, 23, 25 और 26 मार्च को 80-80 पैसे की बढ़ोतरी हो चुकी है।

मार्च महीने में पिछले छह दिन महंगाई को बढ़ाने वाले रहे हैं। 22 मार्च से अब तक रसोई गैस और CNG-PNG के दाम बढ़ाए जा चुके हैं, तो वहीं पेट्रोल-डीजल के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं।



#### मूडीज का दावा- धीरे-धीरे बढ़ेंगे दाम

पिछले दिनों मूडीज रेटिंग एजेंसी ने रिपोर्ट जारी कर कहा था कि भारत के टॉप फ्यूल रिटेलर्स IOC, BPCL और HPCL को नवंबर से मार्च के बीच करीब 2.25 अरब डॉलर (19 हजार करोड़ रुपए) के रेवेन्यू का नुकसान हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सरकार रिफाइनर को नुकसान से बचाने के लिए कीमतें बढ़ाने की अनुमति देगी। लगातार दो दिन 80-80 पैसे बढ़ने पर मूडीज ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार में न बढ़ाकर धीरे-धीरे बढ़ाए जाएंगे।

#### भारत में कैसे तय होती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें?

जून 2010 तक सरकार पेट्रोल की कीमत निर्धारित करती थी और हर 15 दिन में इसे बदला जाता था।

26 जून 2010 के बाद सरकार ने पेट्रोल की कीमतों का निर्धारण ऑयल कंपनियों के ऊपर छोड़ दिया। इसी तरह अक्टूबर 2014 तक डीजल की कीमत भी सरकार निर्धारित करती थी। 19 अक्टूबर 2014 से सरकार ने ये काम भी ऑयल कंपनियों को सौंप दिया।

अभी ऑयल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत, एक्सचेंज रेट, टैक्स, पेट्रोल-डीजल के ट्रांसपोर्टेशन का खर्च और बाकी कई चीजों को ध्यान में रखते हुए रोजाना पेट्रोल-डीजल की कीमत निर्धारित करती हैं।

## सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के आरोप में एक भगोड़े को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में फरार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान गुजरात स्थित एक निजी फर्म के निदेशक संजय आर गुप्ता के रूप में हुई है। सीबीआई के अधिकारियों ने उसे केन्या की राजधानी नैरोबी से आते समय गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि 27 जून 2012 को अहमदाबाद में केनरा बैंक की अंचल कार्यालय की शिकायत पर गुजरात स्थित एक निजी कंपनी और उसके निदेशकों, एक अन्य निजी कंपनी के मालिक सहित कई लोगों के खिलाफ बैंक को 20.68 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। बाद में 24 दिसंबर, 2013 को अहमदाबाद के मिर्जापुर की अदालत में निजी कंपनी के निदेशक ,मालिक और बैंक अधिकारियों सहित आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था।

## जहरीली गैस से 4 की मौत

### ऊन फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक की सफाई करने एक-एक कर उतरे थे मजदूर, दम घुटा





एजेंसी

बीकानेर। सेप्टिक टैंक में दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत हो गई। वो सफाई के लिए टैंक में उतरे थे। फैक्ट्री मालिक ने मजदूरों को बाहर से बुलाया था। एक-एक कर चारों मजदूर टैंक में उतरे और उनकी मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा बीकानेर के बीछवाल थाना इलाके के करणी इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार दोपहर में हुआ।

करणी इंडस्ट्रियल एरिया में भगवानमल सुराणा की ऊन फैक्ट्री में बने सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए मजदूर लालचंद, कालूराम, चोरुलाल, कृष्णा राम गए थे। कृष्णा राम बिहार का निवासी था। शेष तीनों बीकानेर के ही थे।टैंक में कार्बन डाई ऑक्साइड बनी हुई थी। इससे टैंक में उतरा एक मजदूर बेहोश हो गया। काफी देर तक टैंक के अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो एक-एक कर उसके 2 और साथी टैंक में उतरे। दम घुटने से उनकी भी मौत हो गई। इसके बाद कृष्णाराम तीनों को बचाने के लिए उतरा। उसकी भी मौत हो गई। कृष्णाराम इसी फैक्ट्री का कर्मचारी था। बाकी तीनों बाहर से बुलाए थे।

ऊन बनाने के लिए उपयोग में आने वाले धागे धोने के लिए कई तरह के केमिकल यूज करते हैं। इसका पानी इस टैंक में जाता है। इस पानी को साफ करने के लिए तीन मजदूर बाहर से बुलाए थे। टैंक में उतरने के बाद लालचंद, कालूराम, चोरुलाल ने बाल्टी से पानी निकालने की कोशिश की, लेकिन कोई बाहर नहीं निकल पाया।

आसपास के लोगों ने चारों मजदूरों को अंदर अचेत पड़े थे। मजदूरों को बाहर निकालकर पीबीएम हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद पुलिस- प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हॉस्पिटल के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है। सूचना पर एएसपी अमित कुमार और सीओ सदर पवन भदौरिया भी मौके पर पहुंचे।


## बस दुर्घटना

### ाायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया

## चित्तूर में भीषण बस दुर्घटना, 7 की हुई मौत-45 घायल

चित्तूर। आंध्र प्रदेश के चित्तूर में भीषण बस दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 45 लोग घायल हो गए। यह हादसा भाकरपेट में शनिवार रात करीब 11.30 बजे हुआ, जब एक बस चट्टान से टकराकर 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि तिरुपति से 25 किलोमीटर दूर यह हादसा ड्राइवर की लापरवाही से हुआ।

तिरुपति के एसपी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, दुर्घटना उस समय हुई जब बस चालक की लापरवाही के कारण चट्टान से गिर गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।



#### सगाई की रस्म के लिए बुक थी बस

मिली जानकारी के अनुसार, यह बस शादी से पहले सगाई की रस्म के लिए बुक की गई थी। जिसमें 50 से अधिक लोग सवार थे। यह निजी बस अनंतपुर जिले के धर्मावरम से चित्तूर के नगरी के पास एक गांव में जा रही थी। इसी बीच कथित तौर पर बस ड्राइवर ने एक मोड़ को पार करते समय नियंत्रण खो दिया। ऐसे में बस एक चट्टान से जा टकराई और फिर करीब 100 फिर गहरी आदुपुताप्पी घाटी में गिर गई।

#### बचाव दल और दमकल विभाग के कर्मी पहुंचे

पुलिस के अनुसार, सूचना मिलते ही मौके पर बचाव दल और दमकल विभाग के कर्मी पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। हालांकि, अंधेरा अधिक होने के कारण ऑपरेशन में परेशानी आई, क्योंकि खाई की गहराई काफी थी। यह ऑपरेशन सुबह भी जारी रहा। मृतकों में कई बच्चे एवं महिलाएं भी हैं।

#### घटना पर दुख जताया

मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को दुर्घटना और बचाव कार्य की जानकारी दी। चंद्रगिरी के विधायक चेविरेड्डी भास्कर रेड्डी ने बचाव कार्य में भाग लिया। जगन मोहन रेड्डी ने अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम संभव इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सरकार की गलत नीतियों के कारण डूब रहे हैं बैंक : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बैंकों के माध्यम से देश की जनता की गाढ़ी कमाई लुट रही है और सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता संजय निरुपम और पवन खेड़ा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने दिवालापन और शोधन अक्षमता कानून लाकर देश के बैंकों को लूटने का रास्ता निकाला है। इस कानून के जरिए लगातार बैंकों को लूटने के काम हो रहे हैं और देश की जनता की गाढ़ी कमाई पूंजीपतियों के हाथों में लुटाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि जब से यह कानून बना है, तब से देश में 4946 दिवालियापन के मामले सामने आए हैं और सरकार के आंकड़े के अनुसार इनमें से 457 मामलों का निस्तारण हुआ है। इस निपटान के जरिए बैंकों के 8.3 लाख करोड़ रुपए के कर्ज में से छह लाख करोड़ से ज्यादा डूब गए हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले महीने एबीशिपयार्ड के 21 हज़ार करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश हुआ था और इस बार ऑटो पार्ट्स बनाने वाले एमटेक ग्रुप द्वारा बैंकों को 25 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण देश का बैंकिंग क्षेत्र लुट रहा है। बैंकों का भारी कर्ज डूब गया है, इसलिए सरकार को इस मामले में तत्काल श्वेत पत्र लाकर देश की जनता को हिसाब देना चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### बंगाल में एक शख्स ने पत्नी और दो बच्चों की कुल्हाड़ी से की हत्या, फिर खुद खा लिया जहर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पुरुलिया जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने पत्नी और दो नाबालिग बच्चों की कुल्हाड़ी से हत्या करने के बाद खुद जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। जिला पुलिस प्रमुख एस सेल्वामुरुगन ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यह मामला पुरुलिया के काशीपुर ब्लॉक के मनियारा गांव का है। सेल्वामुरुगन ने कहा कि जब उनकी टीम आरोपी के घर पहुंची, तो वहां कमरे में उसकी पत्नी ममता महतो और दो बच्चों, एक छह साल के पुत्र व तीन साल की पुत्री का शव पड़ा हुआ पाया। बहरहाल, मृतक पत्नी के परिजनों का आरोप है कि आरोपी गौतम शराब का आदि था, वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता रहता था।

### तीस जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि 43 दिन तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्र 30 जून से शुरू होगी। सिन्हा ने कहा, 43 दिवसीय पवित्र तीर्थयात्रा 30 जून को सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शुरू होगी और परंपरा के अनुसार रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। श्री सिन्हा श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने इस सिलसिले में रविवार को राजभवन में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, आगामी यात्रा को लेकर हमने विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। इस बीच आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड इस यात्रा ने लिए अप्रैल में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करेगा तथा प्रति दिन करीब 20 हजार तीर्थ यात्री आधिकारिक वेबसाइट के जरिए खुद पंजीकरण कर सकते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि वाहनों और तीर्थयात्रियों के लिए आरएफआईडी आधारित ट्रैकिंग भी की जाएगी। अमरनाथ श्राइन बोर्ड की ओर से रामबन जिला के चंदेरकोट में तैयार किये जा रहे एक यात्री निवास में 3200 से ज्यादा यात्रियों को ठहरने की व्यवस्था होगी। उल्लेखनीय है कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण पिछले दो साल श्री अमरनाथ तीर्थ यात्रा स्थगित रही थी।

### कश्मीर में बडगाम-बारामूला रूट पर ट्रेन सेवाएं निलंबित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम से बारामूला के बीच रविवार को एहतियाती उपाय के तहत रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बडगाम से बारामूला के बीच रविवार को एहतियाती उपाय के तहत रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं हालांकि बडगाम से बनिहाल तक सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि नदीगाम में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंकाओं के बीच ट्रेन सेवाएं रविवार को रद्द कर दी गई। बडगाम में शनिवार को आतंकवादियों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी की पहचान इशफाक अहमद के रूप में हुई है। घटना के दौरान उनके भाई उमर जान गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिनकी आज सुबह मौत हो गई।

### कश्मीर में आतंकवादी हमले में घायल एसपीओ के भाई की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादी हमले में घायल एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के भाई की रविवार तड़के मौत हो गयी। एसपीओ की पहचान इशफाक अहमद और उसके भाई की उमर जान के रूप में की गयी है, जो एक छात्र था। उन दोनों को शनिवार को बडगाम के चाडाबुग इलाके में उनके आवास पर आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। इशफाक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया था, जबकि गंभीर रूप से घायल उमर की आज अस्पताल में मौत हो गयी। इशफाक पिछले चार दिन में कश्मीर में मारे जाने वाला दूसरा पुलिसकर्मी है। इससे पहले 22 मार्च को श्रीनगर के जूनीमार सौरा इलाके में एक संक्षिप्त गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। इस घटना की जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने कड़ी निंदा की थी।

### दिल्ली-पंतनगर-देहरादून के लिए नियमित हवाई सेवा हुई शुरू

नैनीताल। उत्तराखंड की सैर पर आने वाले पर्यटकों व अन्य लोगों के लिए अच्छी खबर है। रविवार से दिल्ली-पंतनगर-देहरादून के बीच इंडिगो की नियमित हवाई सेवा शुरू हो गई। यह हवाई सेवा सप्ताह में सातों दिन चलेगी। पंतनगर एयरपोर्ट के निदेशक राजीव पुनेठा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दिल्ली-पंतनगर-देहरादून के बीच हवाई सेवा आज से शुरू हो गई है। इंडिगो कंपनी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। यह हवाई सेवा सप्ताह में सातों दिन संचालित की जाएगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 72 सीटर विमान दिल्ली से 12.45 पर उड़कर 1.50 बजे पहले पंतनगर पहुंचेगा और इसके बाद पंतनगर से 2.10 बजे देहरादून के लिए उड़ान भरेगा। यह सेवा 3.00 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसी प्रकार विमान 3.20 बजे देहरादून से पंतनगर के लिए वापस लौटेगा और 4.25 बजे पंतनगर के दिल्ली के लिए रवाना हो जायेगा। जानकारों का मानना है कि इस सेवा के शुरू होने से प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही फिल्मी जगत के लोगों का भी रुझान भी उत्तराखंड की ओर होगा।

### तेलंगाना सरकार का लक्ष्य लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना: रेड्डी

हैदराबाद। तेलंगाना के कृषि मंत्री एस निरजन रेड्डी ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना है। कुकटपल्ली में 15 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित रायथू बाजार का उद्घाटन करने के बाद श्री रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार शहर में यातायात की समस्याओं के समाधान के अलावा कॉलोनियों में सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि रायथु बाजार का निर्माण पड़ोसी किसानों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लाभ के लिए किया गया और अधिकारियों को व्यापारियों के बाजार में प्रवेश नहीं देने के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने इस दौरान किसानों से बातचीत की और ताजी सब्जियां खरीदी।

### हल्द्वानी में उप्र के शातिर चोरों का गैंग पकड़ा गया

नैनीताल। उत्तराखंड के हल्द्वानी में पुलिस ने नकबजनी की घटना में शामिल उत्तर प्रदेश के एक गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सोने व चांदी के आभूषण भी बरामद हुए हैं। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट ने इस हल्द्वानी में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि फरवरी व मार्च में हल्द्वानी कोतवाली व मुखानी थाना क्षेत्र में कुछ घरों से नकबजनी व चोरी की अलग-अलग घटनायें प्रकाश में आयी थीं। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर चोरों की तलाश के लिये तीन टीमों का गठन किया। टीम की ओर से शहर के 200 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। पुलिस को कुछ तथ्य हाथ लगे। आखिरकार पुलिस ने दो आरोपियों सैय्यद मो0 एहसान पुत्र स्व0 मो0 सैरूयद उस्मान निवासी खदरा, थाना हसनगंज, लखनऊ व कासिम पुत्र कादिर निवासी भदेवा, थाना थानगांव, सीतापुर को शनिवार रात को कालाढूंगी रोड स्थित भाखड़ा पुल से गिरफ्तार कर लिया। श्री भट्ट ने बताया कि यह एक शातिर गैंग है। गैंग का सरगना कासिम है और उसी के इशारे पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। आरोपियों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। उन्होंने बताया कि गैंग के सदस्य चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले दिन में बंद घरों की रेकी करते थे और रात को 9 से 11 के बीच उन घरों अपना शिकार बनाते थे जिन घरों में लाइट नहीं जली होती थी। आरोपी बंद घरों व अलमारी का ताला तोड़ने में माहिर हैं। वे इसके लिये सरिया व पेचकश का प्रयोग करते हैं। आरोपियों के पास से 114 ग्राम सोने व 600 ग्राम चांदी के आभूषण के अलावा नकदी व अन्या सामान भी बरामद हुआ है।

## बीरभूम हिंसा : फुटबॉल ग्राउंड से बरामद हुए क्रूड बम, बुलानी पड़ी बम स्कायड टीम





**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुई हिंसा के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हथियारों की बरामदगी को लेकर पुलिस को आदेश दिए हैं। इसी कड़ी में पुलिस टीम ने सिकंदर गांव में रविवार को एक फुटबॉल मैदान के पास प्लास्टिक की थैली में क्रूड बम बरामद किए। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि इन बमों को डिफ्यूज करने के लिए केंद्रीय जांच विभाग (सीआईडी) की एक बम स्क्वायड टीम बुलानी पड़ी। क्रूड बमों की बरामदगी ऐसे समय में हुई है जब केंद्रीय जांच ब्यूरो उस हिंसा की जांच के लिए बोगतुई गांव में है जिसमें दो बच्चों सहित आठ लोगों की जलकर मौत हो गई थी।

बीरभूम हिंसा के बाद, पश्चिम बंगाल पुलिस राज्य भर से हथियार और गोला-बारूद बरामद करने के लिए छापेमारी कर रही है। हथियार और गोला-बारूद जब्त करने के लिए चलाए गए अभियान में जगदल, बीजपुर और भाटपारा इलाकों से आठ जिंदा बम, तीन आग्नेयास्त्र बरामद किए जा चुके हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल सीबीआई की टीम आगजनी की जगह पर मौजूद है। टीम ने जले हुए मलबे के नमूने एकत्र किए हैं। केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) ने भी रामपुरहाट शहर के हिंसा प्रभावित गांव में नमूने एकत्र किए हैं।

सीबीआई के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, हम एक महिला और तीन अन्य लोगों से बात करेंगे, जो हिंसा में घायल हो गए थे और अब उनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। शनिवार को, एक पुलिस अधिकारी जो आग की घटना के पहले शिकायतकर्ता भी हैं, ने प्राथमिकी में कहा है कि तीव्र गर्मी के कारण दमकल टीम को जले हुए घरों में प्रवेश करने के लिए दस घंटे तक इंतजार करना पड़ा। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि अधिकारी ने यह भी दावा किया कि घरों में आग लगाने के अलावा तोड़फोड़ की गई थी। उधर, बीरभूम हिंसा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्ष विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के बीच बड़े पैमाने पर राजनीतिक संघर्ष शुरू कर दिया है। भाजपा ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते हुए बीरभूम स्थल की तुलना नाजी यातना शिविरों से कर दी है।

## गिरफ्तार पूर्व सभापति समेत आरोपियों से की रिमाण्ड पर पूछताछ

बारां। राजस्थान की बारां नगर परिषद के पूर्व कांग्रेस सभापति कमल राठौर समेत चार आरोपियों से पुलिस ने लिए रिमाण्ड के चलते आज गहन पूछताछ की। पुलिस अब सोमवार को चारो आरोपियों को बारां न्यायालय में पेश करेगीं। पूर्व सभापति कमल राठौर समेत चार आरोपियों की शुक्रवार रात गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शनिवार को जिले के छबडा उपखण्ड ले जाकर मजिस्ट्रेट के सम्मुख पेश कर अनुसंधान के लिए रिमाण्ड मांगा था। जहां मजिस्ट्रेट ने सोमवार तक का रिमाण्ड दिया था। पुलिस उपाधीक्षक तथा जांचाधिकारी मनोज गुप्ता ने बताया कि बारां निवासी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने जनवरी 22 में रिपोर्ट दी कि अग्रवाल समाज को धर्मशाला निर्माण के लिए नगर पालिका बारां ने बीएसएनएल अस्पताल रोड के पास आवासीय भूखंड संख्या 1 से 5 तथा14 से 22 का संपूर्ण भाग जिसका क्षेत्रफल17037.05 वर्ग फीट है। इसे 8 लाख 50 हजार रूपए में आवंटित की थी। इस भूमि व इसके रास्ते का ब्लू प्रिंट नक्शा भी जारी किया गया था। इसके अनुसार अस्पताल रोड पर स्थित मकानों के पीछे से 40 फीट का रास्ता इस भूखंड पर जाने के लिए था। जो भोलेनाथ के मंदिर के पास से अस्पताल रोड पर निकलता था। इस भूखंड पर अग्रवाल समाज की ओर से धर्मशाला का निर्माण 3 साल पहले करवाया जा चुका है। नगर परिषद में तत्कालीन सभापति कमल राठौर ने अपनी मां गीतादेवी के नाम अस्पताल रोड पर पुरूषोतम, नरेंद्र, ओमप्रकाश, दीनदयाल एवं बृजमोहन राठौर से उनके भूखंड खरीद किए थे।

सभापति राठौर ने अपने पद का गलत फायदा उठाते हुए उक्त खरीद शुदा भूखंडों के साथ गलत तथ्य पेश कर अग्रवाल समाज की धर्मशाला के 40 फीट के रास्ते का भी पट्टा अपनी मां के नाम से जारी करवा कर उसकी रजिस्ट्री भी करवा ली।

## हरियाणा में एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं फसल की खरीद

चंडीगढ़। हरियाणा की विभिन्न मंडियों में आगामी एक अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और इसके अलावा चना एवं जौ की खरीद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होकर 15 मई तक चलेगी। रबी खरीद सीजन 2022-23 के दौरान प्रदेश में गेहूं, चना, जौ एवं सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने के लिए मंडियां और खरीद केंद्र खोले गए हैं।

इस बार के रबी सीजन के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2015 रुपए प्रति क्विंटल, चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5230 रुपए प्रति क्विंटल, जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1635 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5050 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

गेहूं की खरीद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन और भारतीय खाद्य निगम द्वारा की जाएगी। चने की खरीद हैफड, सरसों की खरीद हैफड व हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन और जौ की खरीद भारतीय खाद्य विभाग, हैफड तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी।

## गुजरात चुनाव के लिए कांग्रेस की बड़ी तैयारी

### सोशल मीडिया टीम में 200 कार्यकर्ताओं की एंट्री



अहमदाबाद। गुजरात कांग्रेस ने इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले अपनी सोशल मीडिया टीम का पुनर्गठन किया है और मतदाताओं के बीच पार्टी के काम के बारे में जानकारी फैलाने और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के लिए करीब 200 कार्यकर्ताओं को शामिल किया है। पार्टी के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

गुजरात कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की नई भर्तियों में जिला और मेट्रो स्तर पर 41 अध्यक्ष, 15 उपाध्यक्ष, 30 महासचिव, 44 सचिव और 60 कार्यकारी समिति के सदस्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, चुनाव से पहले पार्टी ने अपनी सोशल मीडिया उपस्थिति को संभालने के लिए एक नई टीम की घोषणा की है। अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की जा रही हैं, और पार्टी आने वाले दिनों में सोशल मीडिया पर एक मेगा मीटिंग आयोजित करने की योजना बना रही है।

उन्होंने दावा किया कि टीम में समर्पित पार्टी कार्यकर्ता शामिल हैं अन्य राजनीतिक दलों की तरह भुगतान वाली सेना नहीं। उन्होंने कहा, वे हमारे अन्य कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे और उनके साथ एक नेटवर्क स्थापित करेंगे, जिनकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मौजूदगी है ताकि वे पार्टी के बारे में फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं का मुकाबला करके आगामी विधानसभा चुनावों में प्रभावी भूमिका निभा सकें। दोशी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर के व्हाट्सएप ग्रुप सहित सभी तरह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा, उनकी सबसे बड़ी भूमिका भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को बेनकाब करने और सच्चाई को सामने लाने की होगी। गौरतलब है कि गुजरात राज्य में भाजपा 1995 से सत्ता में है।

## चित्रकला परिषद को डीम्ड विश्वविद्यालय बनाया जाएगा : बोम्मई



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि चित्रकला परिषद को आगामी सत्र में डीम्ड विश्वविधालय घोषित किया जाएगा और राज्य के छह क्षेत्रीय स्थानों पर चित्र दीर्घाएं खोलने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

श्री बोम्मई रविवार को कर्नाटक चित्रकला परिषद द्वारा आयोजित चित्रसंत्र के 19वें संस्करण के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण कर्नाटक चित्रकला के लिए चुना गया है। यह सर्वव्यापी होने के लिए है।

उन्होंने कहा कि डीम्ड विश्वविद्यालय को एक स्वायत्त निकाय चित्र कला परिषद बनाने की मांग है, जिसे आगामी सत्र में डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएल शंकर के निर्देशन में काम कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दो साल बाद कलाकारों और कला संरक्षकों का संगम हो रहा है। यह एक अद्भुत फिल्म की तरह है। इसे स्थिर रखा जाना चाहिए। इसके लिए हमारी सरकार सभी सांस्कृतिक, साहित्यिक और कलाओं को बढ़ावा देने के लिए काम करती है। संस्कृति बहुत महत्वपूर्ण है। सभ्यता वही है जो हमारे पास है। संस्कृति वह है जो हम हैं। कला, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से ही हम स्वयं को समझ सकते हैं। जब इसे बचाया जाएगा और खेती की जाएगी, तो यह देश बरकरार रहेगा। हम अपनी संस्कृति के कारण अपनी संस्कृति से अलग हैं। इसे मेंटेन करना होता है। वह फिल्म की तरह बनना चाहता था। कन्नड़ की दुनिया एक तस्वीर के रूप में खुली है।

श्री बोम्मई ने कहा कि बीएल शंकर ने जो कुछ भी किया है, उसके पीछे उन्होंने एक नीति बनाई है, अर्थपूर्ण ढंग से। सार्वजनिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चित्र कला परिषद का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि चित्रकला परिषद के दरवाजे, जो कुछ लोगों तक ही सीमित थे, जनता के लिए खुले थे, जिसमें बीएल शंकर और उनकी टीम के सदस्य शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने विंडसर मनोर सर्कल से शिवानंद सर्कल तक आयोजित सुरम्य में विदेशी और विदेशी कलाकारों द्वारा कला के कार्यों को देखने के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित किया।

श्री बोम्मई ने भारतंबे कलाकृति को हस्तलिखित करके 'साथीदीनी - 2022' कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉ. अश्वत्थनारायण, एसटी सोमशेखर, विधायक रिजवान अरशद, चित्रकला परिषद के अध्यक्ष बीएल शंकर और पूर्व मंत्री रानी सतीश उपस्थित थे।

## गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का किया भंडाफोड़

एजेंसी

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में कस्वा कामां के नोनेरा रोड पर गोपाल कुंज कॉलोनी स्थित गोपाल गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का मामला सामने आया है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय महिलाओं ने गेस्ट हाउस पर धावा बोलकर वहां चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला और एक पुरुष की पकड़ जमकर धुनाई कर दी जबकि तीन युवक और एक महिला गेस्ट हाउस से भाग निकले। बताया गया कि गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट के जरिये बाहर से महिलाओं को बुला कर कराई जा रही वेश्यावृत्ति का स्थानीय लोगो को जब पता लगा तो उन्होंने इकट्ठे होकर गेस्ट हाउस पर धावा बोल दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला और युवक को हिरासत में लिया है। गेस्ट हाउस पर तैनात चौकीदार को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया की गेस्ट हाउस में दो महीने से वेश्यावृत्ति का काम चल रहा है। यह पूरा गोरखधंधा गेस्ट हाउस का मालिक राजू शर्मा करवा रहा है। जिसमें गेस्ट हाउस मालिक का कमीशन होता है।

## भागलपुर में कथित जहरीली शराब से तीन लोगों की मौत

भागलपुर। बिहार के भागलपुर जिले में चौबीस घंटे में जहरीली शराब के कथित सेवन से तीन लोगों की मौत हो गई तथा अन्य दो अन्य आक्रांत है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के परबत्ता इलाके में शनिवार देर रात को जहरीली शराब के कथित सेवन से तीन युवकों विकास कुमार, भवेश कुमार एवं गौतम कुमार की तबीयत बिगड़ने के बाद उसके परिजनों ने उन्हें भागलपुर जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान विकास कुमार की आज मौत हो गई जबकि भवेश एवं गौतम का इलाज चल रहा है। परिजनों ने कहा कि तीनों ने मिलकर शराब का सेवन किया था। सूत्रों ने बताया कि लोदीपुर क्षेत्र के चौधरीडीह गांव में शनिवार की रात को जहरीली शराब के अवैध सेवन से एक ही परिवार के दो चचेरो भाईयों की संदेहास्पद मौत हो गई। घर में दोनों की हालत गंभीर होने के बाद परिजनों ने भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के क्रम में दोनों की मौत हो गई। इस बीच वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम ने विश्वविद्यालय और लोदीपुर थाना क्षेत्रों में तीन लोगों की हुई संदेहास्पद मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष रीता कुमारी को तत्काल प्रभाव से रविवार को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही लोदीपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ साह के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक से अनुशंसा की गई है।

## कुष्ठ रोगियों के प्रति मानसिक अस्पृश्यता समाप्त करने की जरूरत



हरिद्वार। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि कुष्ठ रोगियों के प्रति मानसिक अस्पृश्यता समाप्त करने की जरूरत है।

कोविंद आज हरिद्वार के दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्थान में पधारे उन्होंने इस संस्था के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा उस रोगियों के सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा दिव्य प्रेम सेवा मिशन 25 वर्षों से कुष्ठ रोगियों के इलाज के साथ-साथ उनके बच्चों की शिक्षा व कौशल विकास के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि वह भी संस्था से काफी समय से जुड़े रहे हैं और उनके देखते ही देखते संस्था ने कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए कई प्रकल्प खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही कुछ लोग को एक अभिशाप के रूप में देखा जाता है रहा है। दुर्भाग्य से आज के लोगों की मानसिकता नहीं बदली है। परंतु संविधान में कुष्ठ रोग के विरुद्ध प्रावधान किए गए हैं।

कोविंद ने कहा कि समाज को कुछ रोगियों के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलना होगा इस प्रकार एक आम रोगी एक आम रोगी ठीक होकर सामान्य जीवन बताता है ऐसे ही कुष्ठ रोग ठीक होने के बाद भी ऐसे व्यक्ति को सामान्य दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा ने कहा भारतीय संसद ने भी अधिनियम 1916 के तहत दिव्यांगों के साथ-साथ कुष्ठ रोगियों के साथ भी भेदभाव समाप्त करने के लिए प्रावधान किया है।

उन्होंने बताया कि गांधीजी भी कुछ रोगियों की सेवा में तत्पर रहते थे। उन्होंने बताया कि गांधी जी की जयंती को राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस के रूप में मनाया जाता है।

गोविंद ने बताया कि गांधीजी कुछ लोग को एक बीमारी की तरह मानते थे और कुछ रोगियों की सेवा भी करते थे। उन्होंने कहा कि जो लोग कुछ रोगियों के साथ भेदभाव करते हैं वह मानसिक रोगी है।

राष्ट्रपति ने योगी शिवानंद का जिक्र करते हुए बताया कि हाल ही में उन्होंने 125 वर्षीय योगी शिवानंद को पदम श्री दिया है। शिवानंद भी कुष्ठ रोगियों की सेवा करते रहे हैं और वह कुष्ठ रोगियों की सेवा को ईश्वर की सेवा मानते हैं।

उन्होंने उन्होंने दिव्य प्रेम सेवा मिशन के इस सेवा कार्य को और आगे बढ़ाने तथा कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए मनोबल से कार्य करने के लिए इनके संचालक आशीष गौतम व संयोजक संजय चतुर्वेदी की प्रशंसा भी की।

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा बाबा रामदेव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## तीर्थ दर्शन योजना होगी फिर शुरु, कन्या विवाह की राशि भी बढ़ेगी

पचमढ़ी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि राज्य में आगामी 21 अप्रैल से कन्या विवाह शुरु किए जाएंगे, जिसके लिए राशि 51 हजार रुपए से बढ़ाकर 55 हजार की जा रही है।

श्री चौहान ने यहां आयोजित चिंतन बैठक के दूसरे दिन संवाददाताओं से चर्चा के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि चिंतन बैठक का उद्देश्य प्रदेश का विकास तथा जनता का कल्याण ही प्रमुख था। सभी मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये, जिससे योजनाओं को बेहतर बनाने में मदद मिली है।

इसी क्रम में उन्होंने कहा कि तीर्थ दर्शन योजना को पुन: प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि को अब 51 हजार रुपये से बढ़ाकर 55 हजार रुपये करने का निर्णय लिया है। 21 अप्रैल से कन्या विवाह योजना पुन: प्रारंभ की जा रही है। सीएम राइज स्कूल के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अभी जो सीएम राइज स्कूल के अनुरूप भवन उपलब्ध हैं, उनमें 13 जून से शिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मई माह से हर जिले में हर महीने 2 दिन विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। जल जीवन मिशन के लिए बजट में 6000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। जब जल स्रोत का पता चल जाएगा, तभी पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू करेंगे। श्री चौहान ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहां एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जाएगी। इससे उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष लाभ होगा, जो अंग्रेजी भाषा में थोड़े पीछे हैं। सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक सभी नगरीय निकायों में स्थापित किये जायेंगे। 22 अप्रैल से ये क्लिनिक कुछ स्थानों पर प्रारंभ हो जायेंगे, बाकी बचे निकायों में भी धीरे-धीरे स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की भर्ती में शारीरिक क्षमता के लिए 50 फीसदी अंक निर्धारित किया गया है, जिसका लाभ पढ़ने लिखने वाले विद्यार्थियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी मिलेगा, जो भाग दौड़ में माहिर होते हैं और उनमें शारीरिक क्षमताएं बेहतर होती हैं। इंसानों के लिए टेलीमेडिसिन की व्यवस्था करने के बाद अब पशुओं और फसलों के लिए भी टेलीमेडिसिन की सुविधा प्रारंभ करने का फैसला किया है।

श्री चौहान ने बताया कि साइबर तहसील की शुरुआत की जाएगी। किसी भी संपत्ति की रजिस्ट्री आदि होने पर इसकी जानकारी ऑनलाइन पता चल जाएगा। इससे संपत्तियों के दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। जो मामले विवादित हैं उनके लिए बाद में व्यवस्था करेंगे। %मां तुझे प्रणाम योजना% फिर से शुरू की जाएगी, जिसमें मध्यप्रदेश के युवा अपने गांव की मिट्टी लेकर देश की सीमाओं पर जाएंगे, जिससे उनके अंदर राष्ट्र की सेवा और देशभक्ति की भावना सुदृढ़ होगी।

## घर के बाहर सो रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

भिंड। मध्यप्रदेश के भिंड जिले में गोली लगने से एक निजी कंपनी के मैनेजर की मृत्यु का मामला सुलझ नहीं पाया कि एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आ गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यहां बाइपास रोड मेला मैदान के पास घर के बाहर कल देर रात 52 साल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मृतक के दामाद और उसके रिश्तेदारों पर लगाया जा रहा है। हत्या की वजह से मृतक की बेटी द्वारा ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराना बताया जा रहा है।

सूत्रों ने कहा कि मेला मैदान के पास भिंड में रहने वाले जगत सिंह बघेल की हत्या उस समय की गई, जब वो घर के बाहर सो रहा था। कुछ अज्ञात हमलावारों ने गोली मारकर हत्या की है।

मृतक के परिजनों के मुताबिक पुत्री प्रियंका की शादी 30 जून 2017 को बड़ा गांव खेरिया ग्वालियर के रहने वाले रंजीत बघेल से की थी। शादी के बाद से रंजीत अपनी पत्नी प्रियंका के साथ मारपीट करने लगा। दहेज की मांग करने लगा। इसी बात को लेकर प्रियंका अपनी ससुराल से पिता के घर आकर रहने लगी। प्रियंका ने इसी बीच रंजीत के बहनोई पर भिंड जिले के अटेर थाने में भी एक मुकदमा दर्ज कराया था।

## शार्ट न्यूज

### दिव्यांगजनों के लिए मुख्य आयुक्त कार्यालय को मिल रहा है दिल्ली में नया ठिकाना

**नयी दिल्ली।** दिव्यांगजनों के लिए मुख्य आयुक्त (सीसीपीडी ) के नए कार्यालय भवन का राजधानी में एक नया कार्यालय स्थापित किया गया है जिसका उद्घाटन सोमवार को किया जाएगा। रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यालय का उद्घाटन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार करेंगे। नयी दिल्ली के द्वारका इलाके में स्थित सीसीपीडी के नए कार्यालय में अत्याधुनिक सुविधाएं हैं और यह पूरी तरह से दिव्यांगजनों के अनुकूल है। दिव्यांगजनों के लिए मुख्य आयुक्त का कार्यालय सितंबर 1998 से दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा करने और समाज में समान अवसर और पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहा है। आरंभ में यह कार्यालय शास्त्री भवन से चल रहा था। बाद में इसे किराए के विभिन्न स्थानों से चलाया गया। इस दौरान यह आईटीओ के पास पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान, नोएडा में सेक्टर-39 और बाद में नई दिल्ली के भगवान दास रोड पर सरोजिनी हाउस में स्थानांतरित कर दिया गया। लंबी प्रतीक्षा के बाद अब इस कार्यालय को नई दिल्ली-75 के द्वारका सेक्टर-10 में में एनआईएसडी बिल्डिंग की 5वीं मंजिल में पर्याप्त जगह के साथ स्थापित किया गया है।

### स्कूली छात्रों के बीच झगड़े के दौरान चली गोली, युवक की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके में स्कूली स्टूडेंट्स के बीच हुए झगड़े में 19 वर्षीय युवक की गोली लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को स्कूल के स्टूडेंट्स के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी दौरान वहां गोलियां चल गई जिससे खुर्शीद नाम के लड़के की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार को द्वारका के सेक्टर 16 ए में अक्षय पब्लिक स्कूल के सामने कुछ स्कूली छात्रों के बीच लड़ाई हो गई। जिसमें गोली चलने से एक 19 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान खुर्शीद के रूप में हुई है, जबकि साहिल उर्फ मोनू उर्फ लाठेर नाम के युवक ने उस पर गोली चलाई थी। झगड़े के बीच गोली चलने से खुर्शीद घायल हो गया था जिसे तुरंत तारक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने इस मामले में अब तक साहिल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उसके पास से एक देशी पिस्टल और एक खाली कारतूस बरामद किया गया है। साहिल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### अब पांच अप्रैल तक भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

नोएडा। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने यूजी-पीजी रेगुलर व प्राइवेट में परीक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि बढ़ाकर पांच अप्रैल कर दी है। इससे जिले के सैकड़ों छात्रों को राहत मिली है। अब वह अपने कोर्स से संबंधित वार्षिक परीक्षा के लिए छह अप्रैल तक कॉलेज में फॉर्म जमा कर सकेंगे। कॉलेजों को छात्रों के फॉर्म सात अप्रैल तक विश्वविद्यालय में जमा कराने होंगे। नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय में इस सत्र की परंपरागत पाठ्यक्रम की परीक्षा सेमेस्टर प्रणाली के तहत हो रही है। लेकिन अब अध्ययनरत छात्रों की परीक्षा वार्षिक प्रणाली के तहत ही होगी। सेक्टर-39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि छात्रों से समय पर फार्म भरने के लिए कहा गया है। वैदिक गणित में डिप्लोमा कोर्स के विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 31 मार्च तक भरे जाएंगे। एक अप्रैल तक भरे हुए फॉर्म विभाग में जमा होंगे।

### तीन दिन में 2837 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

नोएडा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की 10वीं और 12वीं की 24 मार्च से बोर्ड परीक्षा जारी है। अबतक तीन दिन हुई परीक्षा में 2837 परीक्षार्थी पेपर देने नहीं पहुंचे हैं। परीक्षा छोड़ने के कारण जानने के लिए शासन ने जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह को आदेश दिए हैं कि वह परीक्षण कराकर इसकी पड़ताल करें कि छात्र परीक्षा क्यों छोड़ रहे हैं। जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में इस बार 37,520 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन परीक्षा छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या परीक्षा के साथ ही बढ़ती जा रही है। जल्द ही विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### सेवानिवृत्त होने वाले 20 अध्यापकों को किया सम्मानित

नोएडा। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की ओर से 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले जिले के 20 अध्यापकों को सम्मान किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने शिक्षकों का शील्ड व उपहार देकर मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान संघ की अध्यक्ष कविता भटनागर, आशा, शालिनी शर्मा, श्वेता रानी, रति गुप्ता, अभिलाषा विनय, डॉ. सारिका गोयल, डॉ. यशपाल आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

### सुपरटेक इको विलेज 2 में डायरेक्ट कनेक्शन के लिए निवासियों ने शुरू किया अभियान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज 2 में रविवार को निवासियों ने एनपीसीएल के डायरेक्ट बिजली कनेक्शन के लिए एक मेगा ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें सोसाइटी के लोगों को बिजली कनेक्शन के लिए फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया। सोसाइटी के निवासी अनुपम मिश्रा, दिगपाल सिंह ने बताया कि मेगा ड्राइव के दौरान करीब 800 लोगों ने डायरेक्ट कनेक्शन के लिए फॉर्म भरे। इसके अलावा करीब 500 लोग फॉर्म लेकर गए हैं, जो आगामी दो-तीन दिन में इन वालंटियर के पास अपने फार्म भरकर जमा करवाएंगे। उन्होंने बताया कि बिल्डर की मेंटेनेंस एजेंसी सोसाइटी के निवासियों से 7.50 रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा का चार्ज वसूल रही है जबकि एनपीसीएल की टैरिफ इससे काफी कम है। इसके अलावा यदि किसी निवासी को अपने फ्लैट पर बिजली का लोड बढ़वाना होता है तो उसके लिए भी सुपरटेक की तरफ से 20 हजार रुपये से ज्यादा की मांग रखी जाती है। इस पर जीएसटी अलग से वसूला जाता है। इस मेगा कैंप में एन पॉल, डीके सिन्हा, अमित कुमार, दीपक भट्ट, दीपक माथुर, गोविंद भट्ट, अपनत्व, नीरज श्रीवास्तव इत्यादि शामिल रहे।

### चेन झपटमार गिरोह के सरगना को मुठभेड़ में गोली लगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा दो कोतवाली पुलिस और बाइक सवार लुटेरे भाइयों के बीच रविवार दोपहर मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से चेन स्नेचर गिरोह का सरगना तुलसीराम बावरिया घायल हो गया, जबकि उसका भाई योगिंद्र उर्फ बाबू बावरिया पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घटनास्थल से फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक, बीस हजार की नकदी, मोबाइल और अवैध तमंचा बरामद किया है। घायल बदमाश पर राजस्थान, उत्तराखंड और गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 45000 का इनाम घोषित कर रखा था। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश तुलसीराम बावरिया शामली के खोकसा गांव का रहने वाला है। मुठभेड़ के दौरान फरार योगेंद्र उर्फ बाबू बावरिया की पुलिस तलाश कर रही है। डीसीपी ने बताया कि तुलसी पर उत्तराखंड की हरिद्वार पुलिस ने 15 हजार, राजस्थान की जयपुर पुलिस ने पांच हजार और गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। बीटा दो कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि तुलसी बावरिया पिछले एक साल से दिल्ली, यूपी, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड में चेन लूट की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पांच राज्यों की पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस ने बताया कि तुलसी चेन स्नेचर गिरोह का सरगना है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न जिलों में 50 से अधिक वारदात को अंजाम दे चुका है। इसके खिलाफ दिल्ली, यूपी, राजस्थान और उत्तराखंड के विभिन्न थानों में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# दिल्ली में चलेगी धूल भरी आंधी, बढ़ेगा तापमान

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हफ्ताभर तेज धूप के साथ मौसम साफ रहेगा। यहां सामान्य से पांच से छह डिग्री अधिक तापमान रहेगा जो दिल्ली वालों के उमस व गर्मी से पसीने छूटाएगा। रविवार को यहां अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर तेज धूप के साथ मौसम साफ रहा।



पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु निगरानी एजेंसी सफर के मुताबिक अगले तीन दिन 28 से 30 मार्च तक वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम से खराब श्रेणी में बना रहेगा। 28 और 29 मार्च को वेस्टर्न रीजन से धूल आने की संभावना है। 29 मार्च को दिल्ली में 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है जिससे इस दिन धूल भरी हवा चलने की संभावना बनी हुई है। इसके अलावा हवा की गति कम रहने से एक्यूआई में अधिक सुधार नहीं होगा।

#### 37 डिग्री जाएगा

28 से 2 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक रहने के आसार हैं। अधिकतम तापमान सामान्य से पांच से छह डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 से 31 मार्च तक सामान्य तौर पर पिछले कुछ सालों में अधिकतम तापमान 32 और न्यनूतम तापमान 18 डिग्री देखा गया है। वहीं, 1 से 5 अप्रैल के बीच सामान्य तौर पर अधिकतम तापमान 33.5 और न्यनूतम तापमान 18.6 डिग्री दर्ज किया गया है।

#### प्रदूषक तत्व रहे

रविवार को हवा में प्रदूषक तत्व पीएम 10 मध्यम श्रेणी में 205 दर्ज किए गए वहीं पीएम 2.5 मध्यम श्रेणी में 72 दर्ज किए गए।
मौसम विभाग के मुताबिक 28 मार्च को प्रदूषक तत्व पीएम 10 मध्यम श्रेणी में 184 रहने और पीएम 2.5 मध्यम श्रेणी में 65 रहने के आसार बने हुए हैं।
इस सीजन अब तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है। जिसके चलते ही दिल्ली में बारिश नहीं हुई है। यहीं कारण है कि यहां तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है।

# परीक्षा में कंपार्टमेंट आने पर छात्रा ने दी थी जान

गुरुग्राम। राजीव चौक फ्लाईओवर से कूदकर छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है कि अकाउंट की परीक्षा में कंपार्टमेंट आने से वह कई दिनों से परेशान थी। इसी वजह से उसने शनिवार को खुदकुशी कर ली। परिवार की तरफ से पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। सदर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि हंस एन्क्लेव में रहने वाली 23 वर्षीय छात्रा सपना दिल्ली से सर्टिफाइड मैनेजमेंट अकाउंटेंट का कोर्स कर रही थी। परीक्षा के एक विषय में कंपार्टमेंट आ गई थी। इस वजह से वह बीते तीन-चार दिनों से काफी परेशान थी। पुलिस का कहना है कि छात्रा ने इसी बात से परेशान होकर शनिवार दोपहर राजीव चौक फ्लाईओवर से कूदकर आत्महत्या कर ली। परिवार की तरफ से कोई शिकायत नहीं दी गई है और न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। 23 वर्षीय सपना शनिवार दोपहर वह घर से काले रंग की स्कूटी लेकर निकली थी। दिल्ली से जयपुर की तरफ राजीव चौक फ्लाईओवर पर दोपहर तीन बजे पहुंची और स्कूटी को खड़ा कर दिया। वहां पर दोनों हाथों की नसें काटकर फ्लाईओवर से नीचे छलांग लगा दी। युवती को फ्लाईओवर के नीचे खून से लथपथ देखकर वहां पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा किया कि उस पर 29 मुकदमे चल रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से नीमका जेल भेज दिया है। थाना एसजीएम नगर प्रबंधक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार व पुलिस चौकी नंबर 3 प्रभारी सबइंस्पेक्टर सोमपाल की टीम ने सूचना के आधार पर अवैध हथियार रखने वाले आरोपी भूपेंद्र उर्फ सोनू को देसी कट्टा और दो जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। उसने हथियार कार में रखे थे। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 3700 रुपए में बाटा पुल के पास से शराब पीने वाले व्यक्ति से इस कट्टे को खरीदा था। आरोपी से पता चला कि आरोपी अभी 15 मार्च को स्नैचिंग के मुकदमे में जमानत पर आया है। जेल के अंदर आरोपी का झगड़ा हो गया था, जिसकी रंजिश के चलते आरोपी ने देसी कट्टा खरीदा था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है।

# सांसद रमेश बिधूड़ी ने विधवा महिलाओं के बच्चों को छात्रवृत्ति के चेक बांट

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने अपने संसदीय क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को उनकी शिक्षा में आर्थिक मदद की। दक्षिणी दिल्ली के बदरपुर,प्रह्लादपुर वार्ड की गरीब विधवा महिलाओं के लगभग 120 स्कुली प्रतिभाशाली बच्चों को सी.एस.आर फंड से 10वीं तक के बच्चों को 51,00 रुपए व 11वीं, 12वीं कक्षा के बच्चों को 11,000 रुपए की शिक्षा में मदद हेतु सांसद रमेश बिधूड़ी ने चैक प्रदान किए। इस मौके पर सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि हमें हमेशा कोशिश करनी चाहिए कि हम अपने बच्चों के साथ - साथ अपने आस पड़ोस में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को भी शिक्षा में मदद करें। हमारे समाज में रहने वाले कई प्रतिभावान बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी तो अपने परिवार के साथ साथ देश का भी विकास करेंगे।



मैंने देखा है कि शिक्षा के अभाव में जीवन बहुत कठिनाइयों से भरा होता हैं। मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि जरूरतमंद लोगों के बच्चों को शिक्षा के लिए जितनी मदद कर सकूं करू। इस दिशा मैं पिछले कई सालों से कार्य कर रहा हूं।
हमें कोशिश करनी है कि हम लड़कियों को भी लड़कों की तरह ही आगे बढ़ाएं। रमेश बिधूड़ी ने आगे कहा कि जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए मदद हमेशा उनकी प्राथमिकता पर रहती हैं।
जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए समय-समय पर सांसद रमेश बिधूड़ी सी.एस.आर फंड के तहत कई कंपनियों से मदद दिलवाने का प्रयास करते हैं। दक्षिणी दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा में मदद उपलब्ध करवाई जाती है। इस अवसर पर रमेश बिधूड़ी ने कहा कि वह हमेशा जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा में मदद के लिए उपलब्ध है।
इस अवसर पर सांसद रमेश बिधूड़ी ने अपने समर्थकों व क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात भी सुनी। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद राजपाल पोसवाल एवं क्षेत्रीय निवासी और शिक्षा से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें व बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहें।

# रिश्तों का कत्ल : युवक ने सोते हुए बड़े भाई की चाकू से गोदकर की हत्या

साहिबाबाद। साहिबाबाद के शहीदनगर में रविवार सुबह छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू से गोरकद हत्या कर दी। हत्या का कारण आपसी कलह व संपत्ति विवाद को लेकर होना सामने आया है। दोनों भाई नशे का सेवन करते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। आरोपी को आला कत्ल के साथ हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। युवक की मौत से परिजन में कोहराम मचा हुआ है।

साहिबाबाद के शहीदनगर निवासी 29 वर्षीय सुलेमान रविवार सुबह को अपने घर पर सो रहा था। पुलिस के मुताबिक उसका 22 वर्षीय छोटा भाई अमान करीब साढ़े नौ बजे ऊपर छत से नीचे आया। उसने अपने बड़े भाई सुलेमान पर सोते हुए हमला कर दिया। पहला चाकू सुलेमान के पैर पर चाकू मारा। सुलेमान ने जागने विरोध किया



तो अमान ने सुलेमान पर चाकू से कई वार किए। इससे सुलेमान लहूलुहान हो गया। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर आ गए और आरोपी मौके से भाग गया। चाकू के वार से काफी खून बहने की वजह से सुलेमान की मौत हो गई। परिजन सुलेमान को अस्पताल भी नहीं ले जा सके।

लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरा। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शहीद नगर चौकी प्रभारी ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी अमान सीमापुरी के कूड़ेदान में खून से सने कपड़े और चाकू फेंक आया था। घर के पास से पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आला कत्ल चाकू बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी छोटे भाई ने घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से ही अपने बड़े भाई सुलेमान की हत्या की। दोनों ही नशे का सेवन करते थे। दोनों में आए दिन विवाद भी होता रहता था। दोनों के बीच आए दिन लड़ाई झगड़े को लेकर परिवार के अन्य लोग भी परेशान रहते थे। साहिबाबाद थाना प्रभारी नागेंद्र चौबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया है। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी की निशानदेही पर आला कत्ल भी बरामद हुआ है। इस मामले में शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# निर्धारित समय पर पूरे किए जाएं परियोजनाओं के कार्य : मुख्य सचिव

गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि परियोजनाओं को प्लान करते समय हर पड़ाव या स्तर की उदारता से समय सीमा निर्धारित करें, लेकिन उस प्लान को लागू करते समय निर्धारित की गई समय सीमा का दृढ़ता से पालन करें, ताकि प्रोजेक्ट निर्धारित समय अवधि में पूरा हो और उसमें किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। संजीव कौशल शनिवार को गुरुग्राम मंडल के सभी जिली उपायुक्तों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह विजन डॉक्युमेंट ऐसा हो जिसमें अपने जिला में करवाए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए सूची बनाएं । इसमें लघु अवधि से लेकर दीर्घ अवधि तक पूरे होने वाले कार्य शामिल हों। कुछ कार्य जो 3 महीने में, तो कुछ कार्य 6 महीने की अवधि में और कुछ कार्य एक साल में या उससे ज्यादा समय में पूरे करवाए जा सकते हों। गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह के सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि विजन डॉक्युमेंट तैयार करने का विचार उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से आया। जब वे राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीसी के पद पर रहते हुए पूरा दिन व्यस्त रहते हैं, लेकिन उन तमाम व्यस्तताओं के बावजूद जिले में कुछ ऐसा करना है, जिसे यहां से जाने के बाद याद करके गर्व महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि अपनी प्राथमिकता तय करते समय एक चीज का जरुर ध्यान रखें कि जिले में किस चीज की जरुरत है अर्थात जिला कौन से पैरामीटर में पीछे है और क्या करना चाहोगे, उसमें भी जिला आगे आए।
मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के तौर तरीके भी बताए और कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट को लागू करते समय मैथोडोलॉजी या क्रियाविधि विकसित कर सकते हैं। आज के दिन हर चीज के लिए सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं, पावरफुल टेक्नोलॉजी आपके पास है। इसके अलावा कोविड काल में टेक्नोलॉजी के पावरफुल टूल %वीडियो कांफ्रेंस% को जाना, हालांकि यह पहले भी उपलब्ध था, पर इतना इस्तेमाल नहीं हुआ था। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सरकारी सेक्टर में भी विभिन्न विषयों के अच्छे विशेषज्ञ हैं, उनकी विद्वता का लाभ उठाएं। इस बैठक का मूल उद्देश्य विचार प्रक्रिया को केंद्रित करना था। इस मौके पर गुरुग्राम उपायुक्त निशांत कुमार यादव, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, रेवाड़ी डीसी यशेंद्र सिंह, महेंद्रगढ़ डीसी श्याम लाल पूनिया, फरीदाबाद स्मार्ट सिटी की सीईओ गरिमा मित्तल ने अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

# आनंद विहार और सीमापुरी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## चार महिलाओं समेत छह आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की पुलिस ने आनंद विहार और सीमापुरी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में चार महिलाओं समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। शाहदरा के डीसीपी आर. सत्य सुंदरम ने बताया कि शुक्रवार को जिले की स्पेशल स्टाफ टीम और आनंद विहार थाना पुलिस को ऋषभ विहार में एक स्पा में सेक्स रैकेट चलने की सूचना मिली।
पुलिस टीम ने पंकज प्लाजा स्थित स्पा सेंटर में छापेमारी की योजना बनाई। पहले एक पुलिसकर्मी को ग्राहक बनाकर स्पा सेंटर में भेजा गया, जहां मैनेजर रामू प्रसाद मिला। उसने मसाज के लिए 500 रुपये लिए। इसके बाद ग्राहक को केबिन के अंदर भेज दिया, जहां एक महिला संबंध बनाने के लिए एक हजार रुपये मांगने लगी। ग्राहक ने उसे एक हजार रुपये दे दिए और मिस्ड कॉल से पुलिस टीम को सूचना दी।
बाहर मौजूद टीम तुरंत स्पा के अंदर पहुंच गई और मैनेजर रामू प्रसाद व महिला को पकड़ लिया। उनके पास से कथित ग्राहक से लिए गए रुपये भी बरामद कर लिए। जांच में पता चला कि स्पा का लाइसेंस नितिन गुप्ता के नाम से था। लाइसेंस एक्सपायर हो चुका है, जिसके बाद से स्पा सेंटर को अवैध रूप से चलाया जा रहा है। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी शाहदरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने



आरोपियों की तलाश कर रही है।
वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार को जिले की स्पेशल स्टाफ टीम और सीमापुरी थाना पुलिस को दिलशाद कॉलोनी के एक मकान में देहव्यापार की सूचना मिली। पुलिस टीम ने एक सिपाही को ग्राहक बनाकर भेजा। वहां उसे सुधीर नाम का एजेंट मिला। वह ग्राहक बने पुलिसकर्मी को मकान के भूतल पर एक महिला के पास लेकर गया और कहा कि यह लड़कियां उपलब्ध कराएगी। महिला ने 1500 रुपये मांगे तो ग्राहक ने उसे दे दिए।
इसके बाद महिला ने दो लड़कियों से मिलवाया, जिसके बाद ग्राहक ने मिस्ड कॉल कर पुलिस टीम को सूचना दे दी। पुलिस टीम मकान में पहुंची और मौके पर एजेंट सुधीर व तीनों महिलाओं को धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से दिए गए रुपये भी बरामद कर लिए। आरोपी 38 वर्षीय महिला मकान में देह व्यापार का धंधा चला रही थी। तीन आरोपी यमुना पार और एक आरोपी महिला गाजियाबाद के साहिबाद की रहने वाली है।

# सत्यम-लिबर्टी सिनेमा बम ब्लास्ट का एक आरोपी बरी

## कोर्ट ने कहा- पुलिस आरोप साबित करने में रही असफल

नई दिल्ली। वर्ष 2005 में हुए सत्यम एवं लिबर्टी सिनेमा बम विस्फोट के मामले में एक आरोपी को अदालत ने यह कहते हुए बरी कर दिया है कि पुलिस आरोप साबित करने में असफल रही है। इस शख्स पर कथित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य होने का भी आरोप था।

पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा की अदालत ने कहा कि हालांकि अभियोजन पक्ष ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्लॉट, खेत, फसल, पानी आदि जैसे सामान्य शब्दों के अर्थ बताए थे, लेकिन किसी उत्साही पुलिस अधिकारी द्वारा गलत व्याख्या करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान संदेहास्पद हैं और रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य आरोपी त्रिलोचन सिंह को धारा 18 (आतंकवादी कृत्यों की साजिश) और 20 के तहत दंडनीय अपराध के लिए



उत्तरदायी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस यह साबित करने में बुरी तरह विफल रही कि आरोपी बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 2005 में हुए सत्यम सिनेमा और लिबर्टी सिनेमा बम विस्फोटों की जांच के तहत एक ड्राइवर त्रिलोचन सिंह को वर्ष 2007 में गिरफ्तार किया था और दावा किया था कि वह पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा था। अदालत ने यह भी कहा कि त्रिलोचन को सिर्फ इस आधार पर यूएपीए की धारा 18 (आतंकवादी कृत्यों की साजिश) के तहत अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि अन्य आरोपियों को दोषी ठहराया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के मामले में स्वतंत्र रूप से उसके गुण-दोषों के आधार पर निर्णय लेने की आवश्यकता है। उसे केवल इसलिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि अन्य सह-आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

#### टेलीफोन पर हुई बातचीत के आधार पर बनाया था आरोपी

पुलिस के अनुसार, नौ लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से आठ ने अपना गुनाह कबूल कर लिया था। लेकिन, त्रिलोचन ने धारा 121ए (अपराध करने की साजिश), 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र), यूएपीए अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत दायर अपने मामले को लड़ने का फैसला किया। पुलिस ने एक दोषी बलजीत सिंह और त्रिलोचन के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत पर भरोसा किया था। पुलिस ने दावा किया था कि आरोपी जानते थे कि वे निगरानी में हैं और इस कारण कूट शब्दों में बोल रहे थे। अदालत ने कहा कि सामान्य शब्दों के अर्थ को सही ठहराने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ विश्वसनीय सामग्री उपलब्ध होनी चाहिए, जो नहीं है।

#### पुलिस ने लगाए थे ये आरोप

पुलिस ने यह आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी कि आरोपी व्यक्ति बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े थे, जो कथित तौर पर जर्मनी में स्थित एक आतंकी संगठन था। यह आरोप लगाया गया था कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ बातचीत की और भारत सरकार को डराने की साजिश रची। पुलिस ने दावा किया था कि त्रिलोचन बब्बर खालसा के सदस्य बलजीत सिंह के संपर्क में था, जिसने एक सिख धार्मिक नेता, बाबा प्यारा सिंह पनिहारी वाला और कुछ अन्य को मारने व पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की साजिश रची थी।

# टैंपो पलटने से दो की मौत, ड्राइवर समेत तीन घायल

फरीदाबाद। गुरुग्राम रोड पर हनुमान मंदिर के पास मोड़ पर रविवार शाम एक पिकअप टैंपो पलट गया। टैंपो में पीछे खड़े होकर सफर कर रहे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आगे बैठे चालक, क्लीनर सहित एक अन्य को भी चोट आई है। हालांकि, चालक और क्लीनर फरार हो गए। एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव बीके अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिए गए हैं। मृतकों में एक की पहचान फतेहपुर चंदीला निवासी पिंटू शर्मा के रूप में हुई है। पिकअप में पिंटू का साथी बलदेव भी सवार था। वह आगे बैठा था। वह बच गया। दूसरे मृतक के पास पुलिस को एक आधार कार्ड मिला है, जिसमें नाम धर्मेंद्र और पता गांव बांस जोखी आगरा यूपी लिखा है। मृतक पिंटू के साथी बलदेव ने बताया कि पिंटू उनके साथ मेहनत मजदूरी करते थे। उन्हें किसी ने बताया था कि गांव मांगर के निकट उनके लायक काम है। दोनों काम की तलाश में गांव मांगर गए थे। वहां से वापस लौटते हुए उन्होंने गुरुग्राम की तरफ से लौट रहे एक पिकअप टैंपो से लिफ्ट ली थी। बलदेव गाड़ी में आगे बैठ गया, जबकि पिंटू पीछे खड़ा हो गया। उसके साथ पीछे एक और व्यक्ति खड़ा था। जब टैंपो हनुमान मंदिर के निकट पहुंचा तो यहां तीव्र मोड़ है। अचानक एक ट्रक भी साइड में आ गया। उससे बचने के लिए ड्राइवर ने पिकअप ज्यादा मोड़ दिया। इससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। पिकअप चार बार पलटी खाकर सीधा खड़ा हो गया। चालक और क्लीनर को मामूली चोट लगी थी।

## संपादकीय



# अपने संगठन की नहीं समाज की शक्ति बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन गया है। वैश्विक स्तर पर कई देशों में तो संघ की कार्य पद्धति पर कई शोध कार्य किए जा रहे हैं कि किस प्रकार यह संगठन अपने 97 वर्षों के लम्बे कार्यकाल में फलता फूलता रहा है एवं किस प्रकार यह समाज के समस्त वर्गों को अपने साथ लेते हुए अपने कई कार्यकर्मों को लागू करने में सफलता अर्जित करता आया है। आज जब कई देशों में अलगाववाद के बीज बोकर भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है ऐसे माहौल में संघ भारत के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित कर उनमें सामाजिक समरसता के भाव को जगाने में सफल रहा है।

यूं तो संघ में अलग अलग प्रकार की कई बैठकें होती हैं परंतु इनमें सबसे बड़ी एवं निर्णय की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण बैठक प्रतिनिधि सभा के रूप में होती है। अभी हाल ही में दिनांक 11 मार्च से 13 मार्च 2022 के बीच प्रतिनिधि सभा की बैठक गुजरात के कर्णावती में सम्पन्न हुई है। पूर्व में प्रतिनिधि सभा की बैठकें केवल नागपुर नगर में ही हुआ करती थीं परंतु अब नागपुर नगर के बाहर भी इस बैठक का आयोजन किया जाने लगा है। प्रतिनिधि सभा की बैठक में चयनित प्रतिनिधि, प्रान्त संघचालक, प्रान्त कार्यवाह एवं विविध संगठनों के प्रतिनिधि अपेक्षित रहते हैं। इस वर्ष देश भर के सभी प्रांतों से 1248 कार्यकर्ता बैठक में अपेक्षित थे। प्रतिनिधि सभा की बैठक में आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों के बारे में योजना बनायी जाती है तथा गत वर्ष में सम्पन्न किए गए कार्यों की समीक्षा की जाती है। सरकार्यवाह संघ कार्य एवं विभिन्न प्रांतों का प्रतिवेदन भी इस बैठक में प्रस्तुत करते हैं। आज संघ समाज में समरसता, पर्यावरण, परिवार प्रबोधन अदि विषयों पर अनेक संगठनों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है, इन विषयों पर भी प्रतिनिधि सभा की बैठक में चर्चा की जाती है।

हाल ही के समय में देश भर में संघ का कार्य बहुत तेजी से फैला है। हालांकि कोरोना महामारी के चलते संघ की प्रत्यक्ष शाखाओं का कार्य भी प्रभावित हुआ था परंतु अब तो संघकार्य 2020 की तुलना में 98.6त्न पुन: प्रारम्भ हो चुका है। साप्ताहिक मिलन की संख्या भी बढ़ी है। दैनिक शाखाओं में 61त्न शाखाएं छात्रों की हैं और 39त्न व्यवसायी शाखाएं हैं। संघ की दृष्टि से देशभर में 6506 खंड हैं, इनमें से 84त्न में शाखाएं हैं। 59,000 मंडलों में से लगभग 41त्न मंडलों में संघ का प्रत्यक्ष शाखा के रूप में कार्य है। 2303 नगरीय क्षेत्रों में से 94त्न में शाखा का कार्य चल रहा है एवं आने वाले दो वर्षों में सभी मंडलों में संघ की शाखा हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ कार्य एक लाख स्थानों तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 2017 से 2021 तक संघ की वेबसाइट में 'जवॉइन आरएसएस' के माध्यम से 20 से 35 आयु वर्ग के लगभग 1 लाख से 1.25 लाख युवाओं ने प्रतिवर्ष संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है। कोरोना महामारी के दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने समाज के साथ मिलकर सक्रियता के साथ सेवा कार्य किया था। लगभग 5.50 लाख स्वयंसेवकों ने महामारी के पहले दिन से ही सेवा कार्य प्रारम्भ कर दिया था तथा पूरे समय समाज के साथ सक्रिय सहयोग किया। विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां बहुत बड़ी संख्या में मठ, मंदिर, गुरुद्वारों से बहुत बड़ा वर्ग सेवा कार्य के लिए निकला। यह एक जागरूक राष्ट्र के लक्षण हैं। साथ ही संघ द्वारा धर्म जागरण, कृषि विकास, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, गौसंवर्धन एवं ग्रामीण विकास का कार्य बहुत अच्छी मात्रा में एवं अच्छी गति के साथ चल रहा है। देश को अंग्रेजों से स्वतंत्रता दिलाने के उद्देश्य से पूर्व में तो देश भर में एक सार्वदेशिक और सर्वसमावेशी राष्ट्रीय आन्दोलन चलाया गया था। इस आंदोलन के माध्यम से स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद आदि आध्यात्मिक नेतृत्व ने देश के जन और जननायकों को ब्रिटिश अधिसत्ता के विरुद्ध सुदीर्घ प्रतिरोध करने हेतु प्रेरित किया था। इस आन्दोलन से देश में महिलाओं, जनजातीय समाज तथा कला, संस्कृति, साहित्य, विज्ञान सहित राष्ट्रजीवन के सभी आयामों में स्वाधीनता की चेतना जागृत हुई थी।

# 'आप' को क्या तकलीफ गांधी जी से

**आर.के. सिन्हा**

पंजाब और दिल्ली सरकारों के दफ्तरों से गांधी जी के चित्र हटा दिए गए हैं। उनका स्थान ले लिया है भगत सिंह और डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्रों ने। दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकारें हैं। आखिर क्यों दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को और पंजाब में भगवंत मान को यह जरूरी लगा कि वे अपने-अपने राज्यो में गांधी जी के चित्र हटवाएं दें ? क्या गांधी जी का चित्र हटाना ज़रूरी था ? 'आप' के इस कदम से संकेत यह जाता है कि वह भगत सिंह और बाबा साहेब को गांधी जी के सामने खड़ा करना चाहती है। हालांकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। ये तीनों ही पूरे देश के लिये आदरणीय हैं। इन सबका देश ह्रदय से आदर सम्मान करता है। गांधी जी का नाम लेकर हुए अन्ना आंदोलन से निकली 'आप' ने ऐसा क्यों किया, यह जवाब उन्हें देना तो चाहिए ही ।

यह समझा जाए कि गांधी जी हिंसा के साथ नहीं थे और भगत सिंह बापू की अहिंसा के साथ नहीं थे। इसका यह मतलब नहीं कि वे लोग अंग्रेजों के मुखबिर थे या एक-दूसरे के शत्रु थे। गांधी जी वैचारिक स्तर पर भगत सिंह के साथ न होते हुए फांसी की सजा मुक्ति दिलवाना चाहते थे। दिल्ली के सुभाष पार्क (पहले एडवर्ड पार्क) में 7 मार्च, 1931 को गांधी जी ने एक बड़ी सभा को संबोधित किया था। वह सभा इसलिए खास थी ताकि गोरी सरकार पर भगत सिंह और उनके दोनों साथियों राजगुरु और सुखदेव को फांसी के फंदे से बचा लिया जाए। गांधी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा था मैं किसी भी स्थिति में, किसी को फांसी की सजा देने को स्वीकार नहीं कर सकता हूं। मैं यह सोच भी नहीं सकता हूं कि भगत सिंह जैसे वीर पुरुष को फांसी हो। महात्मा गांधी उन दिनों दिल्ली में ही थे। वे उस दौरान ब्रिटिश वायसराय लार्ड इरविन से भगत सिंह को फांसी के फंदे से मुक्ति दिलाने के लिए मिल रहे थे। दिल्ली यूनिवर्सिटी के इतिहास विभाग से जुड़े हुए डॉ. चंदर पाल सिंह ने भगत सिंह पर लिखी अपनी किताब में बताया है कि गांधी जी ने 19 मार्च,1931 को लार्ड इरविन से भेंटकर उनसे भगत सिंह और उनके साथियों को जीवनदान देने की अपील की थी। उन्हें लग रहा था कि लार्ड इरविन, भगत सिंह को राहत देना नहीं चाहते। संभवत-इसलिए ही गांधी जी ने अपने प्रयत्न तेज कर दिए थे। यह अलग बात है कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 23 मार्च, 1931 को फांसी दे दी गई । गांधीजी अपनी किताब %स्वराज% में लिखते हैं, भगत सिंह की बहादुरी के लिए हमारे मन में सम्मान उभरता है। लेकिन, मुझे ऐसा तरीका चाहिए जिसमें खुद को न्योछावर करते हुए आप दूसरों को नुकसान न पहुंचाएं। लोग फांसी पर चढ़ने को तैयार हो जाएं। इन साक्ष्यों के आलोक में समझा जाना चाहिए कि गांधी जी के मन में भगत सिंह को लेकर सम्मान का भाव था। वे भी मानते थे कि भगत सिंह देश के सच्चे सपूत हैं। दरअसल दोनों का लक्ष्य तो भारत को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाना ही तो था। हां, दोनों के रास्ते भिन्न अवश्य थे। पर 'आप' तो गांधी जी के चित्र सरकारी दफ्तरों से इस तरह से हटा रही है मानो उन्होंने देश के साथ कोई अहित किया हो। आखिर 'आप' के नेता बताएं तो सही कि उन्हें गांधी जी से तकलीफ क्या है ? 'आप' ने सरकारी दफ्तरों में भगत सिंह के साथ बाबा साहेब के चित्र भी लगाए हैं। बहुत अच्छी बात है। पर किस कीमत पर ? गांधी जी के चित्र हटाकर। इसका क्या मतलब है। आम आदमी पार्टी के नेता संविधान के महत्व पर लगातार अपने विचार रखते हैं। जरा वे बता दें कि बाबा साहेब को संविधान सभा का अध्यक्ष किसकी सिफारिफ पर बनाया गया था ?

# आत्मविश्वास : तनावमुक्त परीक्षाओं की कुंजी है



**परीक्षा का थोड़ा तनाव हमें सक्रिय, प्रेरित और हमारा ध्यान केंद्रित करता है परंतु पूर्ण तनाव परीक्षा के सफ़ल प्रदर्शन में रुकावट पैदा करता है**

**विद्यार्थी सकारात्मकता से, मैं मेहनती हूं, साहसी हूं, यह कर सकता हूं, सब कुछ अच्छा ही होगा की मानसिकता रख़ आत्मविश्वास रूपी चाबी का प्रयोग करें- एड किशन भावनानी**

गोंदिया - कोविड-19 महामारी से वैश्विक स्तरपर पिछले दो वर्षों से, किसी भी देश का भविष्य तय करने वाले शिक्षा क्षेत्र पर बहुत विपरीत असर पड़ा क्योंकि उस अवधि में यह क्षेत्र वैश्विक स्तरपर ठप्पा रहा था। विदेशियों सहित अपने मूल देश के बड़े शहरों से भी विद्यार्थी अपने अपने पैतृक घरों में वापस आकर एक लंबी अवधि तक घर बैठे रहे, फ़िर ऑनलाइन क्लासेस से पढ़ाई की,10वीं 12वीं की परीक्षाओं में उनका पिछले प्रदर्शन के आधार पर नतीजा भी निकला और स्वास्थ्य क्षेत्र ने बड़ी सफलता अर्जित कर टीकों को विकसित किया!! जनता को दोनों डोज़ लगाकर महामारी पर नियंत्रण पाने में सफलता की ओर अग्रसर हैं।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में स्कूल कॉलेजों की ऑफलाइन क्लासेस और चल रहे परीक्षाओं के दौर की करें तो पिछले दो सालों के बाद विद्यार्थी अलग-अलग स्तर पर अलग -अलग क्लासेस की फ़रवरी 2022 से ऑफलाइन परीक्षाएं दे रहे हैं। स्वभाविक ही होगा कि इतने लंबे अरसे के बाद मुख्य फाइनल ऑफलाइन परीक्षाओं को फेसकरना किसी अति गंभीर तनाव से कम नहीं!!! क्योंकि हर विद्यार्थी की चाहत,न केवल पास होने की रहती है अपितु अच्छे, बहुत अच्छे, टॉप टेन रैंक में आने की भी रहती है!!!

इसलिए स्वाभाविक है कि विद्यार्थी तनावग्रस्त होगा ही!!

साथियों परंतु मेरा मानना है कि परीक्षा में थोड़ा सा तनाव हमें सक्रिय, प्रेरित और हमारा ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है जबकि पूर्ण तनावग्रस्त होना एक गंभीर मामला है जो हमारे स्वास्थ्य और बौद्धिक क्षमता, सोच को कम कर देता है और मन में नकारात्मक के भाव उत्पन्न हो जाते हैं जो हमारे परीक्षा के प्रदर्शन में रुकावट पैदा करते हैं उत्तर लिखते समय हमें कंफ्यूज कर देते हैं और हम सही उत्तर लिखनें की बजाय तनावग्रस्त मन से गलत उत्तर लिख देते हैं। हालांकि हमें उसका सही उत्तर अच्छी तरह मालूम था!!!

साथियों वर्तमान परीक्षाओं के दौरमें विद्यार्थियों को संयमता सकारात्मकता और सबसे महत्वपूर्ण अस्त्र आत्मविश्वास का प्रयोग करना चाहिए जो तनाव मुक्त परीक्षाओं की कुंजी भी है!!! जब हमारे पास आत्मविश्वास होगा तो हम सही दिशा




में आगे बढ़ेंगे हमें अपनें अध्ययन को एक सामान्य रुचि लगाव, किसी कहानी, नाटक, पिक्चर, चुटकुले, सामान्य सकारात्मक हंसी मजाक के द्वारा हमारी किसी पसंदीदा सकारात्मक शौक से जोड़कर उस विषय का पठन करना चाहिए ताकि तकनीकी विषय वस्तु की सेंट्रल पॉइंट को पकड़कर उसकी विस्तृत विषय वस्तु को हम अपने वैचारिक क्षमता से उसका सटीक विस्तुतिकरण अपने शब्दों में कर सकें जिससे हो सकता है कि हमारी पाठ्य पुस्तकों में जो विस्तृत वर्णन है हम उससे भी अच्छा विस्तृतवर्णन कर सकें क्योंकि हमारी बौद्धिक क्षमता विश्व प्रसिद्ध है और आज की पराकाष्ठा में युवाओं की नित्य नई समावेशित सोच वैचारिक दृष्टिकोण, नवाचार, नवोन्मेष, अविष्कार, अद्भुत सकारात्मक परिणामों में वैश्विक स्तरपर आगे हो रहे हैं जो हमारे लिए भविष्य के शुभ संकेत है।

साथियों बात अग रहम आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच की करे तो, सफलता की एकमात्र कुंजी आत्मविश्वास और आपका अपनी तैयारी पर भरोसा है। यह ज्ञात रहे कि आपने अपनी क्षमताओं के अनुसार मेहनत की है और आपको अपनी तैयारी पर भरोसा है।

घबराहट/और दिल की तेज़ होती धड़कन को एक गहरी सांस लेने से कम किया जा सकता है इसीलिए इस प्रकार के उपायों का प्रयोग करें7 चिंताओं, भारी भावनाओं और ध्यान केंद्रित करने जैसे कार्योंपरबायोमैट्रिकली गहरी सांस लेना कारगर सिद्ध हुआ हैं।सभी नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों के साथ बदलें। उदाहरण के लिए, परीक्षा में खराब प्रदर्शन के परिणामों के बारे में सोचने के बजाय ये सोचें कि यदि आप परीक्षा बहुत अच्छे अंकों से प्राप्त कर लेते हैं तो क्या होगा7 अपने आप को बताने का प्रयास करें कि मैं मेहनती हूँ, मैं साहसी हूँ, मैं यह कर सकता हूँ, या सब कुछ अच्छा ही होगा। इस तरह आप अपनी सोच से नकारात्मकता को बाहर करने, मानसिक रूप से अधिक स्वास्थ्य होने और अपनी खुशहाली बढाने में सक्षम होंगे।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परीक्षाओं के दिनोंमें अभिभावकों की करे तो, अक्सर ऐसा होता है कि परीक्षाओं का भूत केवल बच्चों पर ही नहीं अपितु उनके माता-पिता पर भी सवार हो जाता है।

कुछ अजब-सा तनाव शुरू हो जाता है।

कुछ बच्चे पास होने के लिए और कुछ अपनी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तो कुछ माता-पिता व अध्यापकों की उम्मीदों को पूर्ण करने के लिए, कुछ डर से तो कुछ आत्मविश्वास की कमी के कारण तनाव से घिर जाते है। बच्चों के इस तनाव को कम करने की कुंजी उनके माता-पिता के हाथों में भी है।

साथियों बात अगर हम अभिभावकों की एक सामान्य सोच की करें तो, अभिभावकों को यह समझना आवश्यक है कि सभी बच्चे एक समान नहीं होते, सभी की योग्यता व बुद्धि का स्तर एक जैसा नहीं होता, सभी बच्चों की पढ़ाई में रुचि एक समान नहीं होती, सभी की प्रेरणा व प्रेरक तत्व भी एक समान नहीं होते और सभी के व्यक्तित्व के गुण-दोष भी एक समान नहीं हो सकते। यदि कुछ भी एक समान नहीं होता तो फिर हम एक जैसी अपेक्षा कैसे रख सकते हैं ? तनाव या चिंता का एक आदर्श स्तर होता है। इससे कम और अधिक चिंता होना दोनों ही बच्चे के लिए हानिकारक है परंतु हमें समझना होगा कि सभी बच्चों की ड्क्षचता का स्तर एक समान नहीं होता। कुछ बच्चों के तनाव, चिंता का स्तर उस स्तर से निम्र, तो कुछ का स्तर उससे ऊपर होता है। इसलिए सभी अभिभावकों को अपने बच्चों के तनाव अथवा चिंता का स्तर पता होना आवश्यक है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आत्मविश्वास तनाव मुक्त परीक्षाओं की कुंजी है।परीक्षा का थोड़ा तनाव हमें सक्रिय प्रेरित और हमारे ध्यान को केंद्रित करता है परंतु पूर्ण तनाव परीक्षाओं के सफ़ल प्रदर्शन में रुकावट पैदा करता है विद्यार्थी सकारात्मकता से मैं मेहनती हूं, साहसी हूं, यह कर सकता हूं, सब कुछ अच्छा ही होगा की मानसिकता रख आत्मविश्वास रूपी चाबी का प्रयोग करें।

# बुलडोजर इंसानी इशारों पर चलने वाला भावहीन यंत्र।


**नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'**

इन दिनों बुलडोजर बहुत अधिक चर्चा में है, इसकी इतनी अधिक चर्चा इसलिए हो रहीं हैं की देश के एक राजनैतिक दल ने एक बड़े सूबे में अपने राज्य प्रधान को बुलडोजर बाबा के रूप में प्रचारित किया और इस गढ़ी गई छवि पर चुनावी मैदान में उतरकर विजयी प्राप्त करतें हुए सारे देश में बुलडोजर के साथ विजय जुलूस भी निकाल दिया। यूपी प्रधान की बुलडोजर बाबा की गढ़ी गई छवि एमपी में इसी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को खूब भा रही है। यह भी सुना गया है की राजधानी भोपाल में बुलडोजर मामा के बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए है। अब चूंकि यूपी के बाबा ने बुलडोजर की सहायता से चुनावी वैतरणी को पार कर लिया है, सो एमपी के मामा ने भी चुनाव करीब आता देख अपनी छवि को बदलने का प्रयास करते हुए बुलडोजर मामा बनने के प्रयास अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से शुरू कर दिए है। बुलडोजर बाबा की अपार सफलता के बाद देश-दुनियां की निगाह बुलडोजर मामा पर टिक गई है। बुलडोजर विनाश का प्रतीक है या विकास का यह तो बहस का विषय हो सकता है किंतु यह भी सच हैं की बुलडोजर के अविष्कार ने इंसानी दुनियां को आसान बना दिया है। अब बुलडोजर है तो अंग्रेजी अविष्कार किंतु स्वदेशी समर्थक भी अब बुलडोजर का सहारा लेने में कोई गुरेज महसूस नहीं कर रहें। सरकारी बुलडोजर जिसे देखकर अक्सर बस्ती के लोग खौफ खाने लगते है। आज वहीं बुलडोजर विजय का प्रतीक बन गया। यूपी के बाबा ने तो बुलडोजर के सहारे अपनी चुनावी जंग में विजय हासिल कर ली है। अब एमपी के मामा की बुलडोजर छवि कितना रंग जमा पाती है। यह एमपी के आगामी विधानसभा चुनाव में पता लग सकेगा। दरअसल नेतागण जितनी तेजी से बुलडोजर छवि को अपनाने में रुचि दिखा रहें है। वह बड़ा सोचनीय, विचारणीय सवाल बन गया हैं। ऐसा क्या है ? बुलडोजर में जो नेताओं को बुलडोजर की छवि इतनी भा रहीं है की बुलडोजर सा दिखने तथा बुलडोजर सा चरित्र धारण करने की होड़ सी मची हुई है। दरअसल बुलडोजर इंसानी दिमाग की उपज है। इस बुलडोजर को इंसान अपने इशारे पर चलाता है। इसकी सहायता से एक और तो इंसान ने प्रगति के नवीन मापदंडों को तय करते हुए समृद्धि की चौड़ी सड़कों का निर्माण किया। नागरिकों के लिए रेल की पटरियां बिछाने के लिए बड़े-बड़े पहाड़ों को खोदकर छुकछुक को जाने का रास्ता बना दिया। गगनचुंबी इमारतों के निर्माण को भी बुलडोजर ने आसान बना दिया। बड़े-बड़े पहाड़ों की अकड़ को इस बुलडोजर ने खत्म करते हुए सड़कों और रेलमार्गो में तब्दील कर दिया है। इसका दूसरा पक्ष भी है। बुलडोजर की खोज के बाद सबसे अधिक नुकसान किसी का हुआ तो वह इंसानों का हीं हुआ है। जो कार्य श्रम शक्ति से होते थे। अब वह बुलडोजर की शक्ति से होने लगे। यह 100 आदमी के काम को एक से दो घंटे में पूरा करने लगा। यह यंत्र भारत जैसे देश में बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण बन गया है। इसी के नुकीले डंको की सहायता से प्रकृति की बहुमूल्य रेत,मिट्टी, खनिज संपदाओं का दोहन किया जाने लगा जिसने पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़कर रख दिया है।

आखिर बुलडोजर है तो महज एक यंत्र। जिस यंत्र का रचियता ही इंसान है फिर इंसान और उसमें भी नेता बुलडोजर की छवि गढ़ने का प्रयास क्यों कर रहे है। यह सच है की दूसरी मशीनों की तरह यह भी इंसान के निर्देशों पर ही संचालित होता हैं। इंसान के यंत्र होने की कल्पना करना बेहद कठिन है।




# राजनीति का 'बुलडोज़र काल'



**तनवीर जाफ़री**

किसी सच्चे संत,महात्मा,त्यागी अथवा योगी को यदि बुल्डोज़र बाबा की उपाधि से नवाज़ा जाये तो मुझे नहीं लगता कि यह उपाधि उसे पसंद आयेगी या अच्छी लगेगी। क्योंकि निश्चित रूप से बुलडोज़र विध्वंस तोड़ फोड़ का ही प्रतीक है। और किसी संत योगी का विध्वंस से आख़िर क्या वास्ता हो सकता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को भी जब टी वी व समाचारपत्रों में बुलडोज़र बाबा के नाम से उद्धृत किया जाता था तो ऐसा ही लगता था कि शायद यह उपाधि उन्हें भी ठीक न लगती हो। परन्तु पिछले दिनों जब योगी आदित्य नाथ को उनके मुख्यमंत्री पद की दूसरी बार शपथ ग्रहण करने से पूर्व गत 20 मार्च को ही उनके गोरखपुर प्रवास के दौरान कुछ व्यवसायियों द्वारा चांदी का बुलडोज़र भेंट किया गया और योगी जी प्रसन्नचित मुद्रा में चांदी के उस बुलडोज़र को स्वीकार करते हुये नज़र आये तो मेरी ग़लतफ़हमी दूर हो गयी। यह समझने में देर नहीं लगी कि योगी जी को बुलडोज़र बाबा की उपाधि से कोई आपत्ति नहीं बल्कि शायद वे स्वयं को इस उपाधि से गौरवान्वित ही महसूस कर रहे हैं। और जब सूत्रों से यह पता चला कि योगी को चांदी का बुलडोज़र भेंट करने वाले व्यापारी भी गोरख पीठ से ही जुड़े हुए लोग हैं फिर इस निष्कर्ष पर पहुँचने में भी कोई हर्ज नहीं कि यह बुलडोज़र भेंट भी प्रायोजित एवं नियोजित था।

बहरहाल बुलडोज़ की लोकप्रियता अब उत्तर प्रदेश से सटे राज्य मध्य प्रदेश में भी पहुँच चुकी है। उत्तर प्रदेश में बुलडोज़र बाबा तो मध्य प्रदेश में बुलडोज़र मामा के पोस्टर लगने शुरू हो चुके हैं। मामा के नाम से लोकप्रिय हो चुके मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी लगता है %बुलडोज़र मामा % की उपाधि से उतना ही ख़ुश हैं जितना कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ %बुलडोज़र बाबा की उपाधि से प्रसन्न नज़र आते हैं। मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर भाजपा कार्यकर्त्ता मुख्यमंत्री चौहान और बुलडोज़र छपे फ़्लेक्स लगाने में जुटे हैं। उधर बुलडोज़र मामा की उपाधि मिलते ही चौहान बुलडोज़र की तरह गरजने भी लगे हैं। मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुये उनकी बुलडोज़री भाषा पर भी ग़ौर कीजिये - मुख्यमंत्री चौहान फ़रमाते हैं कि-मध्यप्रदेश में जितने गुंडे और अपराधी हैं, वो भी सुन लें। अगर ग़रीब कमज़ोर की तरफ़ हाथ उठे तो मकान को मैदान बना दूंगा। गुंडागर्दी करने वालों, मध्यप्रदेश की धरती से तुम्हारा अस्तित्व मिटा दिया जाएगा। सबको कुचल दिया जाएगा। मामा का बुलडोज़र चला है, जो अब रुकेगा नहीं, जब तक गुंडों-बदमाशों को दफ़न नहीं कर देगा। एमपी के सारे अपराधी सुन लो, किसी ग़रीब या कमज़ोर पर हाथ उठाया तो तुम्हारे घर उखाड़कर उसे मिट्टी में मिला दूंगा. तुम्हें यहां शांति से जीने नहीं दूंगा।% आदि आदि ....मुझे नहीं लगता कि इस तरह की शब्दावली का प्रयोग पहले भी राजनेताओं द्वारा किया गया हो।

किसी भी अपराधी या बलात्कारी के विरुद्ध प्रशासन को निश्चित रूप से सख़्त व न्यायसंगत कार्रवाई ज़रूर करनी चाहिये। ऐसा करते समय न तो किसी का धर्म या जाति देखकर किसी तरह का पक्षपात करना चाहिये न ही किसी का रुतबा अथवा पद देखना चाहिये। %राम राज% लाने का दावा करने वाले शासन को सबके लिये एक समान न्याय सुनिश्चित करना चाहिये। किसी शासक को अपनी छवि किसी आक्रामक या दबंग नेता के बजाये एक सौम्य,विवेकपूर्ण,लोक सेवक तथा मृदुभाषी नेता के रूप में स्थापित करनी चाहिये। जहाँ तक किसी अपराधी का घर ढहाने का प्रश्न है तो इस बात को भी मद्देनज़र रखना चाहिये कि जिस मकान पर सिर्फ़ इसलिये बुलडोज़र चलाया जा रहा है कि इस मकान में कोई अपराधी रहता है,तो इससे पहले यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि आरोपी उस मकान का मालिक है भी अथवा नहीं ? इस मानवीय पक्ष को भी नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि किसी आरोपी के बुज़ुर्ग माता पिता और भाई बहन का क्या दोष जिन्हें उनकी नालायक़ औलाद के चलते घर से बेघर किया जाये ? देश की अदालतें भी किसी के जघन्य अपराधी साबित होने के बावजूद किसी के मकान पर बुलडोज़र चलाने का आदेश नहीं देतीं। क्योंकि वह न्यायालय है जहाँ इंसाफ़ मिलता है। अपराध करने वाले को सज़ा मिलती है न कि उसका मकान ढहा कर उसके बूढ़े मां बाप और परिजनों को भी बेघर व बेसहारा कर दिया जाये ?

आज सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक के अधिकांश राजनैतिक दलों में अपराधी भरे पड़े हैं। अभी ज़्यादा समय नहीं बीता है जबकि सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने अपने देश की संसद में भारतीय राजनीतिज्ञों का काला चिट्ठा खोला था। भारतीय मीडिया की रिपोर्ट्स के हवाले से ही उन्होंने यह आंकड़े रखे थे कि किन किन आरोपों में संलिप्त कितने महामहिम इस समय भारतीय संसद की रौनक़ बढ़ा रहे हैं। क्या सरकार का बुलडोज़र कभी इन महामहिम के मकानों की तरफ़ भी गया ? उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में कई ऐसी इमारतों को भी बुलडोज़र से धराशायी करने की ख़बरें मिलीं जिन्हें या तो सरकारी ज़मीन पर क़ब्ज़ा बताया गया या अवैध निर्माण बताकर गिराई गयीं। बेशक सरकार व प्रशासन के पास निर्धारित नोटिस दिये जाने के बाद इस तरह के अवैध निर्माण गिराये जाने का प्रावधान है। परन्तु इस बात की भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस तरह के अवैध निर्माणों में स्थानीय सम्बद्ध विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों की भी मिलीभगत होती है। प्रशासन के लोग आख़िर इस तरह के अवैध निर्माणाधीन भवन को आंखे मूँद कर क्यों देखते रहते हैं ?

अवैध निर्माणों को प्रोत्साहन देने वाले भ्रष्टाचारी लोग लगता है राजनीति का सौम्य-शिष्ट व उदार काल अब समाप्त हो चुका है। अब ठोक दो,बक्कल उतार दो,गर्मी उतार दो, मकान को मैदान बनाडालो,कुचल दो जैसे आक्रामक संवाद भाषा का दौर शुरू चुका है। जिस देश में पंडित नेहरू की पहचान गुलाब के फूल से होती थी उसी देश में अब बुलडोज़र बाबा और बुलडोज़र मामा की उपाधि पाकर राजनेता प्रफुल्लित महसूस कर रहे हैं। राजनीति के इस विषम दौर को राजनीति का बुलडोज़र काल कहना ग़लत नहीं होगा।

## हो अब तो दमदार !



भूमिका विपक्ष की ।  
हो अब तो दमदार ।।  
चलती है फिर ठीक से ।  
कोई भी सरकार ।।  
आज समय की मांग है ।  
होगा अब तो छा जाना ।।  
हो जाए कुछ अलग ।  
जो है दिल से ठाना ।।  
मिला अभी जो मौका ।  
उपयोग हो भरपूर ।।  
लगन से करके काम ।  
हो जाना मशहूर ।।  
मुद्दे है उठाना ।  
लाभ मिले हर पल ।।  
इसी में भलाई ।  
और संवरना कल ।।

**कृष्णेन्द्र राय**

## शार्ट न्यूज

### गुड्डू जमाली ने बसपा में की वापसी, आजमगढ़ लोकसभा सीट से लड़ेंगे उपचुनाव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) छोड़ने वाले पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू लमाली ने एक बार फिर घर वापसी कर ली है। इसके साथ ही रविवार को बसपा ने भी आजमगढ़ सीट पर संभावित लोकसभा उपचुनाव में उनकी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। बसपा सुप्रीमो मायावती की अध्यक्षता में यहां संपन्न हुयी पार्टी की अहम बैठक में जमाली को प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा की गयी। मायावती ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा के लिये आज बसपा की उत्तर प्रदेश इकाई की बैठक बुलाई थी। इसमें पार्टी की भावी रणनीति की घोषणा के साथ जमाली की उम्मीदवारी भी घोषित की गयी। जमाली ने बसपा में अपनी वापसी की पुष्टि करते हुए यूनीवार्ता को बताया कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मायावती के प्रति अपनी निष्ठा को बरकरार रखते हुए घर वापसी की है। उन्होंने कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई की बैठक में बसपा प्रमुख ने आजमगढ़ से उपचुनाव में उनकी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी है। ज्ञात हो कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा आजमगढ़ लोकसभा सीट से बतौर सांसद इस्तीफा देने के कारण यह सीट रिक्त हुयी है और जल्द ही इस पर उपचुनाव होना है। अखिलेश ने मैनपुरी की करहल सीट से विधायक चुने जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया है।

### बिजली कर्मचारियों का राष्ट्रव्यापी कार्य बहिष्कार आज से

लखनऊ। विद्युत संशोधन विधेयक के विरोध में देश भर के बिजली कर्मचारी सोमवार से दो दिवसीय कार्य बहिष्कार की शुरूआत करेंगे। उप्र विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने रविवार को कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की निजीकरण की नीतियों एवं इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 के विरोध में प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मी देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मियों के साथ कल से दो दिन का कार्य बहिष्कार प्रारम्भ करेंगे। इस दौरान सभी जिला मुख्यालयों एवं परियोजनाओं व लखनऊ में मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध सभा की जायेगी। संघर्ष समिति के वी पी सिंह,प्रभात सिंह ,जी वी पटेल समेत अन्य पदाधिकारियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केंद्र सरकार निजीकरण की दृष्टि से इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 को संसद में पारित कराने जा रही है जिसका बिजली कर्मियों और बिजली उपभोक्ताओं पर व्यापक प्रतिगामी प्रभाव पड़ने वाला है। बिल पर बिजली कर्मचारियों और बिजली उपभोक्ताओं से कोई राय नहीं ली गई है केवल औद्योगिक घरानों से ही विचार विमर्श किया गया है। इस प्रकार केंद्र सरकार की इस एकतरफा कार्यवाही से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा है। बिजली कर्मियों की यह मांग है इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 को जल्दबाजी में संसद से पारित कराने के बजाय इसे बिजली मामलों की लोकसभा की स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाए जिससे स्टैंडिंग कमेटी के समक्ष बिजली कर्मी और उपभोक्ता अपना पक्ष रख सकें। उन्होने मांग की कि विद्युत वितरण क्षेत्र के निजीकरण के लिये जारी किये गए स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट तत्काल वापस लिया जाए, ग्रेटर नोएडा के निजीकरण और आगरा का फ्रेंचाइजी करार रद्द किया जाए, केरल के केएसईबी लिमिटेड और हिमाचल प्रदेश के एचपीएसईबी लिमिटेड की तरह उत्तर प्रदेश में भी सभी बिजली निगम का एकीकरण कर यूपीएसईबी लिमिटेड का गठन किया जाए, सभी बिजली कर्मियों को पुरानी पेंशन दी जाए।

### सहारनपुर के बागवानों से निकलेगी अमेरिकन प्रजाति के आमों की मिठास

**सहारनपुर।** देश और दुनिया में जायकेदार और उत्तम प्रजाति के आमों के लिए भी विख्यात सहारनपुर में देखने में खूबसूरत और खाने में बेहद जायकेदार आम की अमेरिकन प्रजाति सेंसेशन की बागवानी भी शुरू होगी। सहारनपुर की फल पट्टी में 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में चैसा, लंगडा और दशहरी प्रजाति के आम की बागवानी होती है। सहारनपुर से आम का जापान, इंग्लैड और अन्य कई मुल्कों को निर्यात होता है। अब सहारनपुर में आम की अमेरिकन प्रजाति सेंसेशन की बागवानी भी शुरू होगी जिसकी पौध सहारनपुर के कंपनी बाग में जुलाई तक तैयार हो जाएगी। औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त निदेशक भानु प्रकाश राम ने रविवार को यूनीवार्ता को बताया कि इस प्रजाति के पेड बौने होते है और कम स्थान लेते है। पौध लगने के तीन साल बाद फसल मिलनी शुरू हो जाती है और प्रत्येक वर्ष फल मिलते है। उन्होंने बताया कि बागवानों के लिए यह प्रजाति इस मायने में वरदान साबित होगी क्योंकि आकर्षक और सुगंधित एवं जायकेदार आम होने के कारण बाजार मे उसके दाम डेढ गुणा मिलेंगे। लागत कम आएंगी। एक पौध की कीमत मात्र 39 रूपए है। आम बाहर से देखने में लाल और उसका गुद्दा नारंगी रंग का होता है। भानु प्रकाश राम ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा ने इस प्रजाति को भारत के आम्रपाली और अमेरिकन सेंसेशन के क्रास से विकसित किया है। इस प्रजाति का आम मीठा तो होता ही है और एक हफ्ते तक खराब नहीं होता। कंपनी बाग में कई और उन्नत और उपयोगी प्रजातियों की आम की पौध तैयार करने पर काम चल रहा है। उन पर दो वर्ष के पौधे पर अच्छे साइज के आम लगते है।

### तीन माह बाद जेल में मुलाकात की पाबंदी हटी, नियमों का करना होगा पालन

लखनऊ। तीन माह बाद जिला कारागार में मुलाकात करने पहुंचे अपनों को देखकर बन्दी भावुक हो गए। उनकी आंखें भर आईं। कई बन्दी जोर जोर से बिलखने लगे। मुलाकात घर में मौजूद बंदियों की पत्नी, पिता, बेटा व भाई भी आंसू नहीं रोक पाए। घर वलों ने इन्हें जल्द जमानत कराकर रिहाई की दिलासा दिलाई। तब जाकर बंदियों ने राहत की सांस ली। रविवार को 180 बन्दियों के परिजनों ने मुलाकात की। जनवरी में प्रदेश में ओमीक्रोन के मामले आने पर शासन ने जेलों में बन्दियों की मुलाकात पर पाबंदी लगा दी थी। तबसे बन्दी घरवालों से मिल नहीं पा रहे थे। 23 मार्च को शासन द्वारा मुलाकात की पाबंदी हटाने के आदेश के अगले दिन जेल प्रशासन ने मुलाकात शुरू कर दी। जिला कारागार लखनऊ में रविवार को करीब 180 मुलाकात की पर्ची लगी। जेल प्रशासन ने उन मुलाकातियों को इजाजत दी। जिन्हें वैक्सीन की दोनों डोज या कोरोना जांच रिपोर्ट थी। अन्य को बिना मुलाकत लौटना पड़ा। वरिष्ठ अधीक्षक आशीष तिवारी के मुताबिक शासन से जारी नियम और शर्तों के अनुसार बंदियों की मुलाकात शुरू कर दी गई है।

### गौरीगंज के पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र पर मुकदमा, जानिए पूरा मामला

लखनऊ। अमेठी की गौरीगंज सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़े और बीएसपी से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी के खिलाफ विभूतिखंड कोतवाली में धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। देवरिया भटवलिया निवासी बलिराम के मुताबिक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी बसपा से विधायक थे। पीड़ित के अनुसार वर्ष 2015 में गोमतीनगर विशेषखंड स्थित मकान पर विधायक से मुलाकात हुई थी। उस दौरान चंद्र प्रकाश मिश्र ने बताया था कि वह प्लाटिंग करते हैं। बलिराम भी मकान लेना चाहते थे। इसलिए चंद्र प्रकाश मिश्र पर भरोसा कर जमीन खरीदने के लिए हामी भर दी थी। पीड़िता के अनुसार सात मई 2015 को दो लाख और 20 अक्टूबर 2015 को चार लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए चंद्र प्रकाश की लिंक एसोसिएट्स के खाते में जमा किए थे। बलिराम का आरोप है कि उसे प्लाट नहीं दिया गया। पूछताछ करने पर चंद्र प्रकाश मिश्र टाल मटोल करते रहे। बलिराम के अनुसार प्लॉट नहीं मिलने पर उन्होंने पूर्व विधाकय से रुपये लौटाने के लिए कहा था। 20 जून 2016 को तीन लाख और 25 जून 2016 को तीन लाख रुपये के चेक दिए थे। बलिराम ने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया देवरिया ब्रांच में दोनों चेक लगाए थे। जो बाउंस हो गए थे। पीड़िता का आरोप है कि चंद्र प्रकाश मिश्र ने खाते में रुपये नहीं होने के बाद भी चेक जारी किए थे। ऐसे में उनकी मंशा साफ नहीं थी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड डा. आशीष मिश्र के मुताबिक बलिराम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भाजपा को सत्ता मिलने के लिये मुस्लिम जिम्मेदार: मायावती



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के लिये मुसलमानो को कसूरवार बताते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि विधानसभा चुनाव के परिणामों से साफ हो चुका है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के पास न तो उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने की और न ही भाजपा को सत्ता में आने से रोकने की काबलियत है। भाजपा का सत्ता से बेदखल करने की कुव्वत सिर्फ बसपा के पास है। आज़मगढ़ लोकसभा उपचुनाव में शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को बसपा का प्रत्याशी घोषित करते हुये सुश्री मायावती ने रविवार को यहां प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में कहा कि चुनाव नतीजो से साफ हुआ कि इस चुनाव में जब बसपा से जुड़ा मुस्लिम समाज का वोट एकतरफा सपा में जाते दिखा जबकि हिन्दू समाज ने भाजपा सरकार की नीतियों व कार्यशैली से दु:खी होते हुये भी यह सोचकर अपना अधिकांश: वोट भाजपा को दे दिया कि कहीं यहाँ फिर से सपा का गुण्डा, माफिया, आतंकी, हल्ला बोल व भ्रष्ट राज आदि वापिस ना आ जाये। इससे सपा तो सत्ता में नहीं आ सकी बल्कि भाजपा सत्ता में जरूर वापिस आ गई।इसका काफी जबरदस्त राजनैतिक नुकसान बसपा को हुआ है जिसके लिए सपा व अधिकांश: मुस्लिम समाज पूरे तौर से जिम्मेवार व कसूरवार भी है।

उन्होने कहा कि मुस्लिम समाज का एकतरफा वोट लेकर तथा दर्जन भर संगठनों एवं पार्टियों से गठबन्धन करके चुनाव लड़ने के बावजूद भी सपा सत्ता में आने से काफी दूर रह गई है। ऐसे में अब सपा कभी भी आगे यहाँ सत्ता में वापिस नहीं आ सकती है तथा ना ही यह पार्टी बीजेपी को सत्ता में आने से रोक सकती है।

मायावती ने कहा कि हमेशा की तरह मुस्लिम समाज के लोग सपा को वोट देकर काफी ज्यादा पछता रहे हैं और इनकी इसी कमजोरी का सपा यहाँ यूपी में बार-बार फायदा भी उठा रही है जिसे रोकने के लिए अब हमें इन भटके व दिशाहीन हुये लोगों से कतई भी मुँह नहीं मोड़ना है बल्कि इनको सपा के शिकंजे से बाहर निकाल कर अपनी पार्टी में पुन: वापिस लाने का भी पूरा-पूरा प्रयास करना है। अन्य सभी हिन्दू समाज को भी अब फिर से बसपा में 2007 की तरह ही कैडर के जरिये जोड़ना है।

बसपा अध्यक्ष ने कहा दलितों में भी मेरी जाति को छोड़कर जो अन्य दलित समाज की जातियों के लोग हैं उन्हें भी इन पार्टियों के हिन्दुत्व से बाहर निकाल कर बसपा में जोड़ना है।

उन्होने कहा भाजपा ने इस चुनाव में एक सोची-समझी रणनीति व साजिश के तहत दुष्प्रचार करवाया है कि यूपी मे बसपा की सरकार नहीं बनने पर हम आपकी बहनजी को देश का राष्ट्रपति बनवा देंगे। इसीलिए आपको बीजेपी को सत्ता में आने देना चाहिये, जबकि मेरे लिए देश का राष्ट्रपति बनना तो बहुत दूर की बात है बल्कि इस बारे में मैं सपने तक में भी ऐसा कुछ सोच भी नहीं सकती हूँ। इनको यह भी मालूम है कि बहुत पहले ही कांशीराम जी ने इनका यह प्रस्ताव ठुकरा दिया था और मैं तो उनके पदचिन्हों पर चलने वाली उनकी मजबूत शिष्या हूँ। सुश्री मायावती ने कहा कि जब-जब भी यूपी के मुस्लिम समाज ने सपा को एकतरफा वोट दिया है तथा जोड़- तोड़ के आधार पर जब भी सपा सत्ता में आई है तब-तब यहाँ बीजेपी और भी ज्यादा मजबूत बनकर उभरी है, लेकिन बसपा जब यहाँ चुनाव में मजबूत होकर उभरी है तथा चार बार सरकार बनाई है तब-तब यहाँ बीजेपी काफी कमजोर हुई है तथा सत्ता से भी बाहर हुई है और यह सब होते हुये यहाँ मुस्लिम समाज ने भी देखा है। अब आगे इनको ऐसी कोई गलती नहीं करनी चाहिये जिससे बीजेपी को और भी ज्यादा मजबूती मिले।

उन्होने पार्टी कैडरों से कहा कि प्रदेश में बसपा को फिर से सत्ता में लाने के लिए यहाँ कदम-कदम पर सभी जातिवादी, पूँजीवादी व सामन्तवादी ताकतों से काफी कड़ा संघर्ष व सामना करना होगा और इसके लिए उन्होने फिर से अपनी कमर कस ली है। लोगों के हताश व निराश होने से यहाँ अपनी पार्टी का मूवमेन्ट व जनाधार आगे नही बढ़ सकता है तथा ना ही हमारी पार्टी यहाँ आगे सत्ता में भी आ सकती है बल्कि इसके लिए आप लोगों को अपने पूरे हिम्मत व हौसले से तथा पूरी ज़िद्द के साथ ही अपनी पार्टी की मूवमेन्ट को तथा जनाधार को भी आगे बढ़ाना है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सपा ने लगभग एक दर्जन छोटे-मोटे संगठनों व पार्टियों आदि से गठबन्धन करके यह चुनाव लड़ा है, लेकिन इसके बावजूद भी सपा सत्ता में आने से काफी दूर रह गई है। ऐसे में अब सपा कभी भी आगे यहाँ सत्ता में वापिस नहीं आ सकती है तथा ना ही यह पार्टी बीजेपी को सत्ता में आने से रोक सकती है। सच्चाई तो यह है कि यू.पी. में सपा नहीं बल्कि बी.एस.पी. ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बीजेपी को सत्ता में आने से जरूर रोक सकती है जिसका बेस वोट व खासकर मेरी खुद की जाति का दलित वोट ऐसे हालातों में भी बिल्कुल नहीं भटका है तथा ना ही गुमराह हुआ है।

## चुनाव काल खत्म होते ही फिर शुरू हुई चाचा भतीजे की महाभारत



**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा (शिवपाल सिंह यादव) के बीच 2017 में शुरू हुआ सत्ता संघर्ष एक बार फिर से दिखाई देने लगा है। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उत्तर प्रदेश की सत्ता से बेदखल करने के लिये प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल अपने भतीजे के साथ खड़े हो गए थे लेकिन नतीजे प्रतिकूल आने से दोनों के बीच अनबन की बातें भी सामने आने लगी है।

शिवपाल अपनी परंपरागत सीट जसवंत नगर विधानसभा से सपा के चुनाव चिन्हे 'साइकिल' पर चुनाव मैदान में उतरे थे लेकिन जब विधानसभा चुनाव के नतीजे सपा गठबंधन के पक्ष में नहीं आए तो शिवपाल सीधे तौर पर अखिलेश पर निशाना साधने लगे हैं। 26 मार्च को सपा मुख्यालय में हुई पार्टी विधायक दल की बैठक में शिवपाल को आमंत्रित नहीं किया गया तो नाराज शिवपाल ने पत्रकारों से कहा कि वह अब अपने गृह जिले इटावा जा रहे हैं जहां अपने लोगों के बीच बैठकर के निर्णय करेंगे और उसके बाद कोई सही ऐलान किया जाएगा।

राजधानी लखनऊ से शिवपाल सीधे अपने विधानसभा क्षेत्र जसवंतनगर के उदयपुरा कला गांव पहुंचे जहां वे प्रसपा की छात्र सभा इकाई के महासचिव प्रशांत यादव के यहां हो रही भागवत समारोह में शामिल हुए। उन्होने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए रामायण और महाभारत के चरित्रों का उदाहरण देते हुए कहा हमें हनुमान की भूमिका भूलनी नहीं चाहिए, क्योंकि हनुमान की वजह से राम ने रावण के खिलाफ युद्ध में जीत हासिल की थी। भगवान राम का राजतिलक होने वाला था, लेकिन उनको वनवास जाना पड़ा । इतना ही नहीं हनुमान जी की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण थी क्योंकि अगर वह नहीं होते, तो राम युद्ध नहीं जीत पाते । ये भी याद रखने वाली बात है कि हनुमान ही थे, जिन्होंने लक्ष्मण की जान बचाई ।

शिवपाल ने कहा कि विषम परिस्थितियां कभी-कभी सामने आती हैं । आमजन ही नहीं, भगवान पर भी विषम परिस्थितियां आईं । कई संकट आए लेकिन अंत में जीत सत्य की ही होती है। महाभारत के पात्रों का भी जिक्र करते हुए कहा धर्मराज युधिष्ठिर को शकुनि से जुआ नहीं खेलना चाहिए था । अगर जुआ खेलना ही था तो दुर्योधन के साथ खेलते लेकिन जुआ शकुनि के साथ खेल लिया । अब ये भी सच है कि वह शकुनि ही थे, जिन्होंने महाभारत करा दी थी ।

धार्मिक समारोह में शिवपाल के साथ उनके समधी सिरसागंज के पूर्व विधायक हरिओम यादव भी मौजूद थे।

शिवपाल ने कहा कि हम तो चाहते थे कि हरिओम यादव विधायक बन जाएं, लेकिन वह हार गये ।

अगर शिवपाल के तल्ख रुख की बात करें तो अखिलेश से उनके रिश्ते सामान्य जैसे नहीं है। 26 मार्च को पार्टी के विधायकों की बैठक में शिवपाल को ना बुलाए जाने को लेकर के उनकी तल्खी सार्वजनिक हो चुकी है हालांकि सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने स्पष्ट किया है कि यह बैठक समाजवादी पार्टी के विधायकों से जुड़ी हुई थी। 28 मार्च को समाजवादी गठबंधन से जुड़े हुए विधायकों की बैठक बुलाई गई है जिसमें प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव को भी बुलाया गया है और उनके साथ साथ गठबंधन के जितने भी दल है, सभी को शामिल करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

ऐसे में शिवपाल सिंह यादव की ओर से उठाए गए सवालों ने भले ही राजनीतिक गर्मी ला दी हो लेकिन इस गर्मी का राजनीतिक फायदा शिवपाल के खाते में जाएगा या फिर अखिलेश के, यह तो शिवपाल सिंह यादव के निर्णय पर ही तय करेगा अगर 28 मार्च की बैठक में शिवपाल सिंह यादव शामिल करने के लिए नही जाते है तो फिर सवालो का ठीकरा शिवपाल पर फूटना तय है। वैसे अभी शिवपाल सिंह यादव ने 28 मार्च की बैठक में शामिल होने या ना शामिल होने के सिलसिले में कोई अपनी रायशुमारी नही की है। अभी उम्मीद है इस बात की जताई जा रही है कि शिवपाल सिंह यादव 28 मार्च को समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में होने वाली बैठक में शामिल हो सकते हैं क्योंकि अभी तक उन्होंने अपने आप को समाजवादी पार्टी का विधायक बताया हुआ है और इस लिहाज से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शिवपाल सिंह यादव 28 मार्च को होने वाली समाजवादी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे।

## गांजे की सप्लाई देने आए तीन तस्कर गिरफ्तार

अलीगढ़। अलीगढ़ की क्वार्सी थाना पुलिस ने गांजे की सप्लाई करने जा रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से गांजा, असलहा और एक स्कूटी बरामद हुई है। स्स्कके निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन नार्को के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। क्वार्सी पुलिस को आरोपियों की सूचना मिली थी। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम एक्टिव हो गई थी। पुलिस नाकाबंदी करके वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान जब आरोपी वहां से गुजरे, तो उन्होंने भागने की कोशिश की। हालांकि पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

पुलिस ने बिस्मिल्लाह कॉलोनी निवासी भूरा पुत्र अली मोहम्मद, जमालपुर गली नंबर-2 निवासी सलमान पुत्र हासिफ और डोरीनगर नौरंगाबाद कॉलोनी निवासी ध्रुवराज सिंह पुत्र विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस को 1.1 किलो गांजा, अवैध असहला और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

तीनों आरोपियों का पुराना अपराधिक इतिहास है। क्वार्सी थाने में तीन मुकदमे पंजीकृत हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमे चल रहे हैं। जिसके बाद पुलिस इनकी तलाश कर रही थी।

अलीगढ़ में लगातार मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है। 10 मार्च को प्रदेश में विधानसभा चुनावों की गणना थी और सारा पुलिस प्रशासन इसी में व्यस्त थी। ऐसे में तस्करों ने इसी दिन को चुना था और जिले में गांजे की बड़ी खेप सप्लाई करने के लिए लाए थे। जिसके बाद अकराबाद पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से लगभग 35 लाख रुपए कीमत का 1.37 क्विंटल गांजा बरामद किया गया था। जिसके बाद आरोपियों को कोर्ट के माध्यम से जेल भेजा गया था। इसके बाद से पुलिस लगातार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के पीछे लगी है।

इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि आरोपी जिले के बाहर से मादक पदार्थ लाते हैं और फिर इसके जिले में बेंचते हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, जिससे मुख्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके। उन्होंने बताया कि कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल बालकराम, कांस्टेबल सुशील कुमार, कांस्टेबल प्रमोद कुमार और कांस्टेबल सौरव कुमार शामिल रहे।

## वीडियो कॉल करके महिला संग अश्लील हरकत कर रहा था दरोगा, एसपी ने किया सस्पेंड



बदायूं। सोशल मीडिया पर एक अश्लील वीडियो वायरल होने की वजह से एसएसपी डॉ.ओपी सिंह ने उघैती के थानेदार वीरेंद्र सिंह राणा को निलंबित कर दिया है। इस वीडियो में थानेदार हनी ट्रैप का शिकार हुए हैं या फिर मामला थाने से जुड़ा है। इसकी जांच के लिए एसपी सिटी को जांच सौंपी है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे की फजीहत हो रही है। पिछले एक साल से उघैती पर तैनात थानेदार एक महिला के साथ वीडियो कॉल में अश्लील बातें करने में फंस गए। महिला भी वीडियो में अश्लील हरकतें करती नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद मामला एसएसपी डॉ. ओपी सिंह के अलावा आईजी रमित शर्मा के संज्ञान में पहुंच गया। इसके बाद सीओ बिल्सी बलदेव सिंह से वीडियो कॉल की रिकॉर्डिंग की जांच के आदेश जारी कर दिए गए। जांच में प्रकरण सत्य पाए जाने के बाद देर रात थानेदार वीरेंद्र सिंह राणा को एसएसपी ने निलंबित कर दिया। एसएसपी ने अपने पीआरओ राजीव सिंह तोमर को थाने का चार्ज सौंपा है। पूरे मामले की जांच एसपी सिटी को सौंप दी गई है।

## गोरखपुर से वाराणसी और कानपुर के लिये विमान सेवा शुरू





**लखनऊ।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी (वाराणसी) और शिवावतारी गुरु गोरखनाथ की नगरी गोरखपुर के बीच रविवार को स्पाइस जेट की नियमित उड़ान सेवा शुरू हो गयी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की वर्चुअल उपस्थिति में वाराणसी-गोरखपुर समेत प्रदेश के अलग अलग छह शहरों से सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ हुआ। स्पाइस जेट का 70 सीटर विमान गोरखपुर से रोजाना वाराणसी व कानपुर के लिए उड़ान भरेगा। इस सेवा के साथ ही गोरखपुर से अब कुल उड़ानों की संख्या 13 हो जाएगी।

स्पाइस जेट का विमान रोजाना वाराणसी से गोरखपुर सुबह 9.35 बजे आएगा और 9.55 बजे गोरखपुर से वाराणसी के लिए उड़ान भरेगा जबकि कानपुर से गोरखपुर की फ्लाइट रोज दोपहर 12.35 पर आएगी और 12.55 बजे कानपुर रवाना होगी। गोरखपुर से अभी दिल्ली के लिए पांच, मुंबई दो तथा कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ व प्रयागराज के लिए रोजाना एक-एक समेत कुल 11 विमान उड़ान भरते हैं। इस अवसर पर विमानन सेवा प्रदाता कंपनी स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की संयुक्त सचिव उषा पाढ़ी, पिपराइच के विधायक महेंद्र पाल सिंह समेत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया व स्पाइस जेट के कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार से सिर्फ आवागमन ही सुगम नहीं हुआ है बल्कि इससे पर्यटन और रोजगार की संभावनाओं को भी पंख लगे हैं। प्रदेश में आज नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं जबकि पांच वर्ष पूर्व तक यह संख्या महज चार थी। पहले इन एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों के लिए हवाई यात्रा की सुविधा थी जबकि आज 75 गंतव्यों की यात्रा की जा सकती है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं।

आवश्यकता इन संभावनाओं को आगे बढ़ाने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में उत्तर प्रदेश के विकास की महती भूमिका होगी।

इस दृष्टिगत गोरखपुर-वाराणसी, गोरखपुर-कानपुर, वाराणसी-मुम्बई, कानपुर-पटना समेत यूपी से देश और प्रदेश के छह गंतव्यों के लिए फ्लाइट का आज से शुरू होना विकास की नई ऊंचाइयों को छूने में सहायक होगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री का सपना भी पूरा हो रहा है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की यात्रा कर सके।

# मोबाइल और 700 रुपए के लालच में की थी हत्या

### वाराणसी में गन्ने के खेत में मिला था युवक का शव; आरोपी दोस्त भेजा गया जेल



वाराणसी। वाराणसी के धन्नीपुर गांव निवासी 20 वर्षीय अशरफ अली की हत्या उसके दोस्त अशफाक उर्फ पनारू ने महज 700 रुपए और एक मोबाइल के लालच में की थी। यह खुलासा अशफाक को गिरफ्तार करने के बाद रविवार को वाराणसी ग्रामीण पुलिस ने किया। अशफाक के पास से अशरफ अली का मोबाइल, उसकी साइकिल और 700 रुपए बरामद कर पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

#### 21 मार्च को खेत में मिला था शव

लोहता थाना अंतर्गत धन्नीपुर गांव निवासी अशरफ अली का शव बीती 21 मार्च को विशुनपुर गांव स्थित गन्ने के खेत में मिला था। वह 17 मार्च से गायब था। एसपी ग्रामीण अमित वर्मा ने घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच प्रभारी अश्वनी चतुर्वेदी और लोहता थानाध्यक्ष राजेश सिंह की संयुक्त टीम गठित की थी। क्राइम ब्रांच और लोहता थाने की पुलिस ने तफ्तीश शुरू की तो सामने आया कि अशरफ को आखिरी बार 17 मार्च को उसके दोस्त अशफाक उर्फ पनारू के साथ देखा गया था। सर्विलांस की मदद से साक्ष्य जुटाकर अशफाक से पूछताछ शुरू की गई तो वारदात की गुत्थी परत दर परत सुलझती चली गई।

पुलिस की पूछताछ में 20 वर्षीय आरोपी अशफाक ने बताया कि होलिका वाले दिन यानी 17 मार्च को वह अपने घर पर था। उसी दिन अशरफ अली उसके पास आया और शराब लेने के लिए साइकिल से भट्ठी गांव ले गया। सरकारी ठेके से शराब लेकर दोनों ने पी।इसके बाद दोनों विशुनपुर गांव स्थित गन्ने के खेत मे शराब पीने पहुंचे। अशरफ ज्यादा शराब पीने के कारण नशे में होश खो बैठा और खेत मे लेट गया।

अशफाक ने बताया कि उसी समय अशरफ के मोबाइल और 700 रुपए के चक्कर में हमने गमछे से उसका गला कस कर उसे मार डाला था। 700 रुपए अशरफ अपने जांघिया में रखा था इसलिए उसे उसके शरीर से उतार लिया था। इसके बाद उसका जांघिया और उसकी साइकिल केराकतपुर-भिटारी मोड़ स्थित नाले के पास झाड़ में फेंक दिया था।

शव से बदबू आने पर ग्रामीणों को हत्या की जानकारी हुई और मामला पुलिस तक पहुंचा। उधर, एसपी ग्रामीण अमित वर्मा ने बताया कि आरोपी अशफाक को गिरफ्तार करने वाली टीम में क्राइम ब्रांच प्रभारी अश्वनी चतुर्वेदी व उनकी टीम के दरोगा मनीष मिश्रा, गुफरान खान, रजनीश त्रिपाठी, विजय शंकर, संतोष पासवान, चंद्रसेन सिंह, कुलदीप सिंह और थानाध्यक्ष लोहता राजेश सिंह शामिल रहे।

## आगरा में एक गैंगस्टर समेत तीन अभियुक्त पकड़े

### तीन अलग-अलग थानों की पुलिस ने किए गिरफ्तार

**एजेंसी**

आगरा। आगरा में तीन अलग-अलग थानों में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अभियुक्त गैंगस्टर में वांछित चल रहा था। जबकि दूसरे को एटीएम मशीन तोड़ने के प्रयास में गिरफ्तार किया गया है। तीसरे अभियुक्त को नशीले पाउडर की बिक्री करते हुए पुलिस ने दबोच लिया।

बता दें कि थाना कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त शैलेस वर्मा पुत्र सुनील शर्मा निवासी बझेरा थाना अछनेरा को गिरफ्तार किया है। उससे एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक सुभाषचंद पांडेय ने बताया कि शैलेश को रावतपाड़ा से चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। वह गैंगस्टर में वांछित चल रहा है।

थाना एत्माददुदद्दौला पुलिस ने राहुल पुत्र ओमप्रकाश निवासी कर्मवीर नगर, धनौली, थाना मलपुरा आगरा को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सत्यदेव शर्मा ने बताया कि राहुल को रामबाग चौराहे के पास चेकिंग के दौरान नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से छह सौ ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है।

थाना सदर पुलिस ने एटीएम मशीन की चोरी का प्रयास कर रहे अभियुक्त मनोज पुत्र अशोक निवासी तुलसीनगर गोबर चौकी राठौर मंदिर थाना ताजगंज को गिरफ्तार किया गया है। उससे एटीएम तोड़ने का सामान प्लास, छेनी, हथोड़ी, समसी, पेचकस आदि बरामद किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### सोना 213 और चांदी में 357 रुपये की साप्ताहिक उछाल



**मुंबई।** वैश्विक बाजार की तेजी और स्थानीय स्तर पर मांग आने से बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 213 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी में 357 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी रही। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी का रुख रहा। सोना हाजिर 15.21 डॉलर प्रति औंस चढ़कर सप्ताहांत पर 1953.11 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 23.4 डॉलर प्रति औंस चमककर 1961.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर भी 0.37 डॉलर प्रति औंस मजबूत होकर 25.59 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में मांग निकलने से सप्ताहांत पर सोना 213 रुपये चढ़कर 51815 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। साथ ही सोना मिनी 35 रुपये की मामूली बढ़त लेकर 51590 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी 357 रुपये चमककर 68867 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं, चांदी मिनी 325 रुपये बढ़कर 68984 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### एटीजीएल का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में पदार्पण, लॉन्च किया पहला ईवीसीएस

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख गैस वितरक कंपनी अदानी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने आज अहमदाबाद में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपने पहले चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) की शुरुआत कर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में पदार्पण कर लिया। कंपनी ने रविवार को जारी बयान में बताया कि यह ईवीसीएस अहमदाबाद के मणिनगर में एटीजीएल के सीएनजी स्टेशन पर शुरू किया गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों के लिए सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास फास्ट चार्जिंग तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। एटीजीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश पी. मंगलानी ने कहा, अहमदाबाद में पहला चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के साथ इलेक्ट्रिक वाहन व्यवसाय की शुरुआत अदानी टोटल गैस के लिए भारत में बड़े उपभोक्ता आधार को नए हरित ईंधन का विकल्प प्रदान करने के लिए एक और मील का पत्थर है। यह एक उभरते हुए व्यावसायिक अवसर को समय पर हासलि करने के उद्देश्य से भारत के सभी प्रमुख शहरों और कस्बों में ईंधन स्टेशन उपलब्ध कराने के हमारे विजन से जुड़ा हुआ है। कंपनी का लक्ष्य देश भर में 1500 ईवीसीएस स्थापित करके अपने नेटवर्क का विस्तार करना है। सीएनजी के खुदरा विक्रेता के रूप में एटीजीएल का देश भर में मजबूत प्रभाव है। उसके के पास इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में कारोबार करने और तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के एक महत्वपूर्ण हिस्से पर कब्जा करने की रणनीति तैयार है।

### मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव गिरावट लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल सस्ता बिका। तिलहनों में लिवाली रही इससे भाव मजबूत रहे। कपास्या खली में तेजी दर्ज की गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1590 से 1600 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1580 से 1590 रुपये होकर थमा। सोयाबीन रिफाइंड 1535 से 1540 रुपये पर खुलकर 1520 से 1525 रुपये बिका। पाम तेल 1565 से 1570 रुपये खुलकर 1545 से 1550 रुपये होकर पर बंद हुआ।
तिलहन जिन्सों में भाव ऊपर-नीचे हुए। सप्ताहांत सरसो सोयाबीन में मांग रही। खली में मजबूत ।बताई।

### मसूर महंगी, दालों में मिश्रित रंगत

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग के साथ सप्ताहांत दलहन जिन्सों में मिश्रित रंगत दर्ज की गई। मसूर बढ़कर बिका। इस दौरान दालों के भाव भी ऊपर-नीचे हुए। रवा- मैदा में मांग बढ़ी रही इससे भाव ऊंचे बोले गए। चावल में पूछपरख से तेजी रही। सप्ताहांत चना कांटा 5050 से 5100 रुपये खुलने के बाद 5100 से 5150 रुपये होकर बंद हुआ। मूंग 7200 से 7400 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 6000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 7200 से 7400 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार के प्रथम दिन तुअर 5500 से 6700 रुपये खुलने के बाद शनिवार को 5500 से 6700 रुपये प्रति क्विंटल बिकी। उड़द 6800 से 7000 के बाद 6800 से 7000 रुपये होकर बंद हुई। मसूर 6400 से 6450 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 6600 से 6650 रुपये होकर प्रति क्विंटल बिकी। दालों में मांग सुस्ती से नरमी दर्ज की गई। सप्ताहांत तुअर दाल घटकर बिकी। वहीं मसूर दाल तथा उड़द दाल में तेजी रही। चावल तथा पोहा में ग्राहकी बढ़ी बताई गई।

### शक्कर, नारियल मजबूत, खोपरा गोला सस्ता

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर में आन्शिक सूधार दर्ज किया गया। खोपरा गोला में पूछपरख सुस्त बताई गई इससे भाव नरम रहे। नारियल में तेजी हुई। साबूदाना में भाव ऊंचे बने रहे। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3500 से 3540 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3500 से 3550 रुपये बोली गई। शक्कर की दैनिक आवक 07 से 08 गाड़ी की रही। गुड़ में ग्राहकी से भाव मजबूती लिए बताए गए। नारियल में तेजी दर्ज की गई। खोपरा गोला 200 से 220 रुपये प्रति किलो के स्तर पर खुलकर 195 से 215 पर थमा। हल्दी 110 से 167 रुपये की रंगत लिए रही। खोपरा बूरा में लिवाली सुधरी रही इसमें कामकाज 2500 से 4400 रुपये प्रति 15 किलोग्राम पर चला। साबूदाना में उठाव बढा बताया गया। इससे सौदे 4300 से 5600 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर चले।

### स्कूलनेट का अगले सात साल में 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी स्कूलनेट ने स्कूलों में सेवाओं के विस्तार और ऐप पर ग्राहकों की वृद्धि के जरिये अगले सात वर्षों में 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है। स्कूलनेट के रणनीति प्रमुख अरिंदम घोष ने कहा कि 25 साल पुरानी कंपनी वर्तमान में लगभग 40,000 स्कूलों को डिजिटल शिक्षण सामग्री और शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के साथ डिजिटल कक्षाएं प्रदान कर रही है। कंपनी का दावा है कि कोविड-19 से पहले उसका राजस्व 800 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। महामारी से संबंधित प्रतिबंधों के दौरान स्कूलों के बंद होने के कारण उसका राजस्व हालांकि कुछ कम हो गया है। घोष ने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो चालू वित्त वर्ष में उसका एकीकृत राजस्व लगभग 400 से 450 करोड़ रुपये रह सकता है। उन्होंने कहा, ''कोविड महामारी के समय में कुल राजस्व प्रभावित हुआ लेकिन हमने इस चालू वर्ष में भी लाभ को बनाये रखा है। हम इस लाभ को बनाए रखेंगे। हम अगले पांच से सात साल में 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इसके लिए संसाधनों की महत्वपूर्ण वृद्धि की आवश्यकता होगी।''इसके अलावा कंपनी को उम्मीद है कि उसके शिक्षा प्रौद्योगिकी ऐप पर स्कूलों और खुदरा चैनलों के माध्यम से लगभग दस लाख ग्राहक जुड़ेंगे।

### रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए अडाणी, टाटा एआईजी सहित 54 कंपनियों की बोली

नयी दिल्ली। कर्ज के बोझ से दबी अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए 54 कंपनियों ने बोली लगाई है। इन कंपनियों में अडाणी फिनसर्व, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, टाटा एआईजी, एचडीएफसी एर्गो और निप्पन लाइफ इंश्योरेंस शामिल हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त प्रशासक ने बोलियां जमा करने की अंतिम तारीख को 11 मार्च से बढ़ाकर 25 मार्च कर दिया था। बोली लगाने वाली अन्य कंपनियों में यस बैंक, बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट, ओक ट्री कैपिटल, ब्लैकस्टोन, ब्रुकफील्ड, टीपीजी, केकेआर, पीरामल फाइनेंस और पूनावाला फाइनेंस शामिल हैं।

# शेयर बाजार पर वाहन बिक्री, पीएमआई और आईआईपी आंकड़ों का रहेगा असर

मुंबई। वैश्विक बाजार के कमजोर संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह लगभग एक प्रतिशत की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह जारी होने वाले वाहन बिक्री, विनिर्माण पीएमआई और औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) आंकड़ों से निर्धारित होगी।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 501.73 अंक लुढ़ककर 57362.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी सप्ताहांत पर 133.05 अंक टूटकर 17153 अंक पर रहा।

बीते सप्ताह बीएसई की दिग्गज और मझौली कंपनियों में जहां बिकवाली का दबाव रहा वहीं छोटी कंपनियों के प्रति निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत रहा। इससे मिडकैप 37.7 अंक फिसलकर 23789.91 अंक जबकि स्मॉलकैप 94.28 अंक चढ़कर 27800.60 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजार के कमजोर रुख का घरेलू शेयर बाजार पर असर रहा, जिससे पांच में से चार कारोबारी दिवस सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर रहे। अगले सप्ताह स्थानीय स्तर पर फरवरी में वाहनों की हुई बिक्री के आंकड़े, विनिर्माण पीएमआई और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने वाले हैं, जिसका असर बाजार पर देखा जा सकेगा।

इसके अलावा रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अप्रैल में होने वाली




इस वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा को लेकर भी निवेशक प्रतिक्रिया करेंगे। अगले सप्ताह इसका असर भी बाजार में दिखाई पड़ सकता है।

वैश्विक बाजार के सकारात्मक संकेत के बावजूद स्थानीय स्तर पर एसबीआई, एलटी, एचडीएफसी, रिलायंस, आईटीसी और टाटा स्टील जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से कारोबारी सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शेयर बाजार की पिछले दो दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 571.44 अंक का गोता लगाकर 57292.49 अंक और निफ्टी 169.45 अंक टूटकर 17117.60 अंक पर आ गया।

वहीं, वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर एनर्जी, तेल एवं गैस, आईटी, टेक और बैंकिंग जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर मंगलवार को सेंसेक्स 696.81 अंकों की बढ़त के साथ 57989.30 अंक पर और निफ्टी 197.90 अंकों की तेजी के साथ 17315.50 अंक पर रहा।

दुनिया के प्रमुख सूचकांकों के बढ़त में रहने के बीच घरेलू स्तर पर बैंकिंग, ऑटो, वित्त, टेक और इंडस्ट्रियल्स जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण बुधवार को सेंसेक्स 304.48 अंक उतरकर 57684.82 अंक और निफ्टी 69.85 अंक गिरकर 17245.65 अंक पर रहा। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर बैंकिंग, वित्त, कैपिटल गुड्स और ऑटो जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट में रहा। सेंसेक्स 89.14 अंक टूटकर 57595.68 अंक और निफ्टी 22.90 अंक उतरकर17222.75 अंक पर रहा। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, आईटी जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट लेकर बंद हुआ। सेंसेक्स 233.48 अंक गिरकर 57362.20 अंक पर और निफ्टी 69.75 अंक उतरकर 17153 अंक पर रहा।

## एसबीआई म्यूचुअल फंड के नए एसआईपी में 39 प्रतिशत की वृद्धि

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संपदा प्रबंधन के आधार पर देश के सबसे बड़े फंड हाउस एसबीआई म्यूचुअल फंड ने चालू वित्त वर्ष में 01 जनवरी 2022 तक 30 लाख से अधिक नए एसआईपी पंजीकृत किए हैं, जिसमें वित्त वर्ष 20-21 के मुकाबले 39 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।
चालू वित्त वर्ष में फंड हाउस को औसतन मासिक 1,800 करोड़ रुपये का एसआईपी हासिल हुआ, जिसमें औसत एसआईपी का आकार लगभग 2,500 रुपये का था।
कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नए एसआईपी में मजबूत वृद्धि का श्रेय आईएफए, राष्ट्रीय वितरकों और एसबीआई शाखाओं के मजबूत वितरण नेटवर्क के माध्यम की जाने वाली पेशकशों की उपलब्धता को जाता है। एसबीआई म्यूचुअल फंड ने कई टियर 2 स्थानों में भी नई शाखाएं खोलने के साथ देश में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है।
पिछले दो वर्षों में महामारी के दौरान देश भर के निवेशकों से फंड हाउस ने एसआईपी के माध्यम से निवेश प्राप्त किया और सभी क्षेत्रों में लगभग समान वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें चालू वित्त वर्ष में उत्तर (25 प्रतिशत), पूर्व (22 प्रतिशत), पश्चिम (25 प्रतिशत) और दक्षिण में (28 प्रतिशत) वृद्धि शामिल है।
कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भी एसबीआई म्यूचुअल फंड ने अन्य प्रमुख उपलब्धियों को हासिल किया, जिसमें छह लाख करोड़ रुपये के एएयूएम पार करने वाले देश का पहला फंड हाउस बनने की उपलब्धि भी शामिल है। लगातार निवेशक जागरूकता पहल और कुछ बेहद उपयुक्त बाजार पेशकशों के लॉन्च ने मौजूदा और नए दोनों निवेशकों के साथ ब्रांड की हिस्सेदारी को बढ़ाने में मदद की।
इस फंड हाउस ने एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (14,691 करोड़ रुपये की कमाई) के साथ खुली अवधि के एक्टिव इक्विटी कैटेगरी में सबसे ज्यादा फंड को प्रबंधित किया। इसके बाद (8,095 करोड़ रुपये की कमाई) के साथ मल्टीकैप कैटेगरी में एसबीआई मल्टीकैप फंड का स्थान रहा।

## खराब प्रेशर कुकर बेचने के मामले में पेटीएम मॉल, स्नैपडील पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स कंपनी पेटीएम मॉल और स्नैपडील पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।
सीसीपीए बिना मानक वाले प्रेशर कुकर बेचने के लिए जुर्माना लगाते हुए दोनों कंपनियों से बेची गई वस्तुओं को वापस लेने के साथ-साथ उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की गई राशि को वापस करने का आदेश दिया है। सीसीपीए ने दो अलग-अलग आदेशों में पेटीएम ईकॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (पेटीएम मॉल) और स्नैपडील प्राइवेट लिमिटेड को खराब प्रेशर कुकर बेचने का दोषी पाया। उसने पाया कि यह प्रेशर कुकर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) मानकों के अनुरूप नहीं थे और घरेलू प्रेशर कुकर (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश-2020 (क्यूसीओ) का अनुपालन नहीं करते थे। पेटीएम मॉल ने प्रिस्टिन और क्यूबा कंपनी के प्रेशर कुकर को अपने मंच पर बेचने के लिए डाला था, जबकि उत्पाद विवरण में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि इसमें आईएसआई मार्क नहीं है। सीसीपीए ने 25 मार्च को अपने आदेश में पेटीएम मॉल को अपने मंच पर बिकने वाले 39 प्रेशर कुकर के सभी उपभोक्ताओं को सूचित करने, प्रेशर कुकर को वापस लेने और उपभोक्ताओं को उनकी कीमत वापस देने के लिए कहा है।

## खाद्य तेल हुआ सस्ता

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार की भारी गिरावट से समर्थन मिलने और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल 953 रुपये प्रति क्विंटल तक सस्ता हो गया वहीं अनाज में तेजी, मीठे में नरमी और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।
तेल तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 845 रिंगिट लुढ़ककर 6248 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी सप्ताहांत पर 0.99 सेंट गिरकर 73.73 सेंट प्रति पाउंड पर रहा।
सप्ताहांत पर मूंगफली तेल 953 रुपये, वनस्पति तेल 953 रुपये, सरसों तेल 513 रुपये, पाम ऑयल 439 रुपये, सूरजमुखी तेल 293 रुपये और सोया रिफाइंड 219 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया।
सप्ताहांत पर सरसों तेल 19267 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19413 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18754 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 17729 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 16410 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 17215 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।
दाल-दलहन : बीते सप्ताह उठाव सुस्त रहने से दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये और मसूर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि मूंग दाल 50 रुपये, उड़द दाल 150 रुपये और अरहर दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई।
सप्ताहांत पर चना 4750-4850, दाल चना 5750-5850, मसूर काली 8700-8800, मूंग दाल 8800-8900, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रही।
अनाज : बीते सप्ताह अनाज के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर गेहूं 60 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता जबकि चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।
सप्ताहांत पर अनाज (भाव प्रति क्विंटल) : गेहूं दड़ा 2290-2390 रुपये और चावल ॰2600-2700 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।
चीनी-गुड़ : आलोच्य सप्ताह मीठे के बाजार में नरमी रही।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमश: 50 और 55 पैसे प्रति लीटर का इजाफा कर दिया। कंपनियों ने लगातार तीसरे दिन पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी की है।
राजधानी दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी के साथ यहां पेट्रोल 99.11 रुपये और डीजल 90.42 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जबकि शनिवार को पेट्रोल 98.61 और डीजल 89.87 की कीमत पर था।
तेल कंपनियों ने 137 दिनों की स्थिरता के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू कर दी है। जिससे अब तक बीते छह दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमत पांच बार बढ़ चुकी है।
मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम इस बढ़ोत्तरी से 113.88 और 98.13 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।
रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल इसके कारण 13 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है।
अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। लंदन ब्रेंट क्रूड 120.65 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 112.60 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।
पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

**देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम**

**महानगर............पेट्रोल......डीजल (रुपए प्रति लीटर)**

दिल्ली..............99.11........90.42
कोलकाता ......108.53........93.57
मुंबई ..............113.88.........98.13
चेन्नई...............104.90..........95.00

## कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क से अर्जित 26 लाख करोड़ रुपये का हिसाब मांगा

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को पिछले छह दिन में पांचवीं बार ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद सरकार पर हमला किया और मांग की कि वह पेट्रोल और डीजल पर आठ वर्षों में उत्पाद शुल्क के माध्यम से जुटाए गए 26 लाख करोड़ रुपये का हिसाब दे।
रविवार को पेट्रोल की कीमत में 50 पैसे प्रति लीटर और डीजल के दाम में 55 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिससे एक हफ्ते से भी कम समय पहले दैनिक मूल्य संशोधन फिर से शुरू होने के बाद से दरों में कुल वृद्धि 3.70-3.75 रुपये प्रति लीटर हो गई।
कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, ''पूरी ताकत से ही बताएंगे। आठ साल में डीजल, पेट्रोल पर टैक्स लूट से 26,00,000 करोड़ रुपये मुनाफा कमाया। चुनाव में चूना लगाने के लिए 137 दिन चुप, फिर 6 दिन में ही पेट्रोल, डीजल पर 3.75 रुपये प्रति लीटर की लूट?'' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पुराना वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें विपक्ष द्वारा पेट्रोल की कीमतों में कमी के लिए उनके नसीब को श्रेय देने की बात कही गई थी। वीडियो टैग करते हुए सुरजेवाला ने पूछा, ''अब किसकी 'बदनसीबी' और 'बदनीयती' से जनता बेतहाशा महंगाई झेलने को मजबूर है?'' संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी को धन्यवाद, जिन्होंने कहा था कि चुनाव के बाद ईंधन की कीमतें बढ़ाई जाएंगी, सरकार ने बढ़ोतरी के लिए कुछ दिनों तक इंतजार किया। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस अकेली पार्टी है, जो इसे सिर्फ चुनाव जीतने से ज्यादा सार्वजनिक मुद्दे के तौर पर उठा रही है। खेड़ा ने कहा, ''पेट्रोलियम और डीजल पर उत्पाद शुल्क के जरिए अर्जित 26 लाख करोड़ रुपये का हिसाब कहां है। देश को यह जानने का अधिकार है।'' सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य संबंधी अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 98.61 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर अब 99.11 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.87 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 90.42 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

# 28-29 मार्च को पूरे देश में हड़ताल, बैंकों का कामकाज होगा प्रभावित

**नई दिल्ली।** अगर आपको इस सोमवार और मंगलवार बैंक संबंधित कोई काम है और आप ब्रांच जाने का प्लान कर रहे हैं तो आपको परेशानी हो सकती है। दरअसल, 28 और 29 मार्च को बैंकों में हड़ताल के चलते कामकाज बंद रहेंगे। देश के सबसे बड़े स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से कहा गया है कि बैंक यूनियन की तरफ से किए जाने वाले हड़ताल की वजह से 28 मार्च और 29 मार्च को बैंक कामकाज प्रभावित रहेगा। साथ ही एटीएम सर्विस भी प्रभावित हो सकती है। बता दें यह हड़ताल प्राइवेटाइजेशन के विरोध में किया जा रहा है।

### क्या कहा एसबीआई ने?

भारतीय स्टेट बैंक का कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। SBI ने कहा कि उसकी बैंकिंग सेवाएं एक हद तक प्रभावित हो सकती हैं क्योंकि




विभिन्न कर्मचारी संघों ने दो दिन की हड़ताल का ऐलान किया है। एसबीआई ने एक नियामक फाइलिंग में कहा, हमने हड़ताल के दिनों में बैंक ब्रांच और कार्यालयों में सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की है, लेकिन संभावना है कि हड़ताल से हमारे बैंक में काम सीमित सीमा तक प्रभावित हो सकता है।
एसबीआई ने कहा कि भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने उसे सूचित किया है कि अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए), बैंक कर्मचारी संघ (बीईएफआई) और अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ (एआईबीओए) ने अपने निर्णय देशव्यापी हड़ताल पर जाओ के बारे में नोटिस जारी किया है। बैंक ने कहा कि वह हड़ताल के कारण संभावित नुकसान का आकलन नहीं कर सकता।

### ...इसलिए है बैंकों में हड़ताल

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के सरकार के कदम और बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2021 के विरोध में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। पिछले साल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के तहत बैंक यूनियनों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की थी।

### 28 मार्च और 29 को भारत बंद

बता दें कि 28 मार्च और 29 को केंद्रीय ट्रेड संघों के एक फोरम ने भारत बंद का ऐलान किया है। यह भारत बंद मोदी सरकार की उन नीतियों के खिलाफ बुलाया जा रहा है।

# एसएफआईओ में 62 प्रतिशत पद पड़े हैं खाली : आरटीआई

इंदौर। देश के बड़े कॉरपोरेट घोटालों की छानबीन कर रहे गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) में मानव संसाधन की कमी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें स्वीकृत पदों के मुकाबले 62 प्रतिशत रिक्त पड़े हैं। यह केंद्रीय एजेंसी पिछले 10 वित्त वर्षों के दौरान सरकार द्वारा सौंपे गए 54 प्रतिशत मामलों में जांच पूरी कर सकी है। नीमच के सूचना के अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अधीन एसएफआईओ ने उन्हें 28 फरवरी तक की स्थिति के मुताबिक यह जानकारी दी है। गौड़ को आरटीआई कानून के तहत मिले ब्योरे के मुताबिक, एसएफआईओ में कुल 238 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 91 पद भरे हैं और 147 रिक्त हैं। अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञ अधिकारियों की मदद से सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ तहकीकात करने वाली इस एजेंसी में अतिरिक्त या संयुक्त निदेशक (जांच) के नौ स्वीकृत पदों के मुकाबले चार पदों पर अधिकारी काम कर रहे हैं, जबकि पांच पद खाली पड़े हैं। वहीं, अतिरिक्त या संयुक्त निदेशक (कानून) के दो पद मंजूर हैं और दोनों पद खाली पड़े हैं। इसी तरह, एसएफआईओ में उपनिदेशक (जांच) के 11 पद स्वीकृत हैं जिनमें सभी पद रिक्त हैं।
देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के बीच आरटीआई कानून के तहत यह अहम खुलासा भी हुआ है कि एसएफआईओ में डिजिटल फॉरेंसिक के अफसरों का भारी टोटा है। एसएफआईओ में उपनिदेशक का केवल एक पद स्वीकृत है और वह भी खाली पड़ा है। वरिष्ठ सहायक निदेशक (डिजिटल फॉरेंसिक) के दो स्वीकृत पदों में से एक भी पद भरा नहीं जा सका है। सहायक निदेशक के छह पद स्वीकृत हैं और सभी छह पद नियुक्तियों की बाट जोह रहे हैं। इसके अलावा एसएफआईओ में सहायक निदेशक (जांच) के 39 स्वीकृत पदों के मुकाबले महज आठ पद भरे हैं और शेष 31 पर अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। गौड़ को आरटीआई कानून के तहत मिले जवाब से पता चला है कि एसएफआईओ में 17 सलाहकार अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं। इस जवाब से यह भी पता चला है कि पिछले 10 वित्त वर्षों यानी 2011-12 से 2020-21 के बीच एसएफआईओ को कॉरपोरेट धांधलियों के कुल 211 प्रकरण जांच के लिए सौंपे गए।

## शार्ट न्यूज

### पिछले सीज़न से ही कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे थे धोनी : फ़्लेमिंग



मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीवन फ्लेमिंग ने कहा है कि महेंद्र सिंह धोनी पिछले सीज़न से ही कप्तानी का दारोमदार किसी और को देने पर विचार कर रहे थे और इस बारे में धोनी ने उनसे बात भी की थी। इस सीज़न के शुरू होने से तुरंत पहले कप्तानी छोड़ने का भी निर्णय उनका ही था और टीम इसका सम्मान करती है। कोच ने कहा, हमने इस बारे में पिछले सीज़न में ही बात की थी। वह नए कप्तान रवींद्र जाडेजा को पूरा समय और मौक़ा देना चाहते थे। इसके बारे में हमने सबसे पहले टीम मालिक एन. श्रीनिवासन को बताया और फिर पूरी टीम को बताया गया। हम उनके फ़ैसले का पूरा सम्मान करते हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स के ख़िलाफ़ धोनी के प्रदर्शन पर फ़्लेमिंग ने कहा, धोनी का रन बनाना हमेशा महत्वपूर्ण है, लेकिन अगर शीर्षक्रम अच्छा करता तो और बेहतर होता। हालांकि हमारी बल्लेबाज़ी में गहराई है जो कि बहुत अच्छी बात है। अब बस हमें उसमें सुधार करने की ज़रूरत है। हार से शुरुआत पर फ़्लेमिंग ने कहा कि यह हार हमारे लिए उत्प्रेरक का काम करेगी। उन्होंने कहा, पिछले सीज़न में भी हमने हार से शुरुआत की थी लेकिन फिर हम टूर्नामेंट जीते। यह हार भी हमें आगे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

### मिताली विश्व कप में दूसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं

क्राइस्टचर्च। भारतीय महिला वनडे क्रिकेट की कप्तान मिताली राज रविवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई। 39 वर्षीय मिताली ने यहां हेगले ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2022 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारत के आखिरी लीग मैच 84 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 68 रन बना कर यह कीर्तिमान हासिल किया। विश्व कप में मिताली के नाम अब 36 पारियों में 1321 रन हैं। वह केवल न्यूजीलैंड की डेबी हॉकले से पीछे हैं, जिनके 43 पारियों में 1501 रन हैं। इंग्लैंड की जेनेट ब्रिटिन (35 पारियों में 1299 रन) और चार्लोट एडवर्ड्स (28 पारियों में 1231 रन) तथा न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (26 पारियों में 1179 रन) शीर्ष पांच में शामिल हैं।

### आखिरी लीग मैच में जीत के साथ इंग्लैंड महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में

वेलिंगटन। युवा ऑलराउंडर सोफिया डंकले (67) के शानदार अर्धशतक और फिर गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने यहां रविवार को अपने आखिरी लीग मैच में बंगलादेश को 100 रन से एकतरफा अंदाज में हरा कर 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड ने आठ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में प्रवेश किया। गत विजेता इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और डंकले के अर्धशतक और नताली साइवर, टैमी ब्यूमोंट तथा एमी जोन्स के महत्वपूर्ण पारियों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 234 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। फिर जवाब में सोफी एक्लेस्टोन, चार्लोट डीन और फ्रेया डेविस की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश को 48 ओवर में महज 134 रन पर ऑलआउट कर दिया। एक्लेस्टोन और चार्लोट ने तीन-तीन, जबकि फ्रेया ने दो और कप्तान हीथर नाइट ने एक विकेट लिया। वहीं बल्लेबाजी में डंकले ने आठ चौकों की मदद से 72 गेंदों पर सर्वाधिक 67 रन बनाए। उनके अलावा नताली ने 40, ब्यूमोंट ने 33 और जोन्स ने 31 रन का योगदान दिया। डंकले को मैच विजयी अर्धशतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। बंगलादेश के लिए लता मंडल ने तीन चौकों के सहारे 45 गेंदों पर सर्वाधिक 30 रन बनाए और एक विकेट लिया। वहीं गेंदबाजी में सलमा खातून ने 10 ओवर में 46 रन पर दो, जबकि जहांआरा आलम, रितु मोनि और फहीमा खातून ने एक-एक विकेट लिया।

### चैपमैन कोरोना संक्रमित, वर्कर न्यूजीलैंड टीम में शामिल

तौरंगा। नीदरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मार्क चैपमैन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उनकी जगह जॉर्ज वर्कर को न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है। चैपमैन, जो नेपियर में न्यूजीलैंड की टी-20 टीम का हिस्सा थे, ने 26 मार्च को ऑकलैंड के लिए उड़ान भरी और 27 मार्च की सुबह वायरस के लक्षण दिखने के बाद किए गए रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) में कोरोना पॉजिटिव पाए गए। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने माउंट माउंगानुई पहुंचने पर इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा, मार्क के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है और हम सभी इस समय उनके लिए सच में बुरा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन करके और फिर पॉजिटिव पाए जाने के बाद सही काम किया। स्टीड ने कहा, वर्कर, जो 2018 में संयुक्त अरब अमीरात में न्यूजीलैंड टीम के साथ थे, प्रशिक्षण से पहले 28 मार्च की सुबह माउंट माउंगानुई में वनडे टीम में शामिल होंगे। जॉर्ज के लिए न्यूजीलैंड टीम में वापस आने का यह एक रोमांचक समय है। वह फोर्ड ट्रॉफी में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पूरी तरह से टीम में जगह पाने के हकदार हैं। उल्लेखनीय है कि टीम के अन्य सदस्य वायरस से अप्रभावित हैं और कोरोना दिशा-निर्देशों का पालन करना और रोजाना स्वास्थ्य जांच कराना जारी रखेंगे। न्यूजीलैंड और नीदरलैंड के बीच 29 मार्च को बे ओवल में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला शुरू होगी।

### छह मैराथन धावकों ने एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया

नयी दिल्ली। छह एलीट धावकों ने रविवार को प्रतिष्ठित एजिस फ़ेडरल लाइफ इंश्योरेंस नयी दिल्ली मैराथन से आगामी एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलम्पियन नितेन्द्र सिंह रावत ने गर्म सुबह शुरुआत से बढ़त बनाये रखते हुए पूर्ण मैराथन का खिताब 2:16.05 का प्रभावशाली समय लेकर जीता। अनीश थापा मगर (2:16.41) और अनिल कुमार सिंह (2:16.47) ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। जुलाई-अगस्त में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए समय 2:18:40 (पुरुष) और 2:38:19 (महिला) था जबकि सितम्बर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए यह समय क्रमशः 2:18:48 और 2:39.28 था।आशीष कुमार (2:17.04), एबी बेल्लियप्पा (2:17.09) और कालिदास लक्ष्मण हिरावे (2:18.14) तीन अन्य पुरुष धावक थे जिन्होंने क्वालिफाइंग मार्क के नीचे का समय निकालकर नयी दिल्ली मैराथन को काफी सफल बना दिया। एजिस फ़ेडरल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य मार्केटिंग अधिकारी कार्तिक रमन ने कहा, हमें ख़ुशी है कि छह एलीट एथलीटों ने राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए टिकट हासिल कर लिया है। मैराथन काफी रोमांचक रही जिसमें धावकों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मैराथन का आयोजन एनईबी स्पोर्ट्स ने किया और इसे एएफआई द्वारा राष्ट्रीय मैराथन चैंपियनशिप के रूप में मान्यता प्राप्त है। कुल 13 हजार धावकों ने इसमें हिस्सा लिया जबकि 6500 से अधिक धावक हाफ मैराथन में थे जबकि 2000 से अधिक धावक 10 के में उतरे। पूर्ण मैराथन में करीब 2500 धावक उतरे जिसने इसे वर्ष की पहली बड़ी दौड़ बना दिया। ज्योति गावटे ने पूर्ण मैराथन का खिताब जीता लेकिन उनका 3:01.20 का समय इस वर्ष बाद में होने वाले दोनों मेगा आयोजनों का टिकट दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। नूपुर सिंह (3:16.03)और डिस्केट डोलमा (3:22.06) विजय मंच पर पहुंचने वाली दो अन्य एथलीट थी। रुपन देबनाथ (हाफ मैराथन, पुरुष ;1:12.02), ताशी लाडोल (हाफ मैराथन, महिला; 1:27.48); अभिषेक चौधरी (10के, पुरुष , 0:32.03) और अश्विनी जाधव (10के, महिला 0:39.22) अन्य विजेता रहे।

# भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका से हारकर सेमीफाइनल से चूकी

क्राइस्टचर्च। भारतीय महिला क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका से आखिरी गेंद तक खिंचे मुकाबले में रविवार को तीन विकेट से हारकर आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जाने से चूक गयी।

भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 274 रन बनाए, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में सात विकेट पर 275 रन बनाकर रोमांचक जीत हासिल की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत छह अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा। मैच बेहद रोमांचक रहा। भारतीय टीम ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन और फील्डिंग के दम पर एक समय पर आसानी से जीत हासिल करती दिख रही दक्षिण अफ्रीकी टीम को अंत में जीत के लिए तरसा दिया। दक्षिण अफ्रीका 27 ओवर में दो विकेट पर 139 रन पर था और यहां से मुकाबला एकतरफा लग रहा था, लेकिन हरमनप्रीत कौर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए न केवल दो विकेट निकाले, बल्कि बेहतरीन फील्डिंग से तीन रन आउट में भी योगदान दिया। 145 के स्कोर पर सेट बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट को आउट करने के बाद भारत ने लगातार अंतराल पर विकेट लिए। परिणामस्वरूप आखिरी ओवर तक पहुंच गया। मैच इतना फंस गया कि आखिरी ओवर की आखिरी गेंद तक कोई किसी को विजेता नहीं मान पाया। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में जीत के लिए सात रन चाहिए, जबकि भारत को चार विकेट। दीप्ति शर्मा ने दबाव में गेंदबाजी का जिम्मा संभाला और पहली गेंद पर एक रन देने के बाद दूसरी गेंद पर दूसरा रन बचाते हुए रन आउट कर दिया। अगली दो गेंदों पर एक-एक रन आया। अब दक्षिण अफ्रीका को दो गेंदों पर तीन चाहिए थे, हालांकि दीप्ति ने दबाव में आकर अगली गेंद नो बॉल डाल दी और फिर दो गेंदों पर दो रन रह गए, जो दक्षिण अफ्रीका ने एक-एक करके आसानी से बना लिए और मैच जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लौरा ने 11 चौकों की मदद से 79 गेंदों पर सर्वाधिक 80 रन बनाए, लेकिन मिग्नॉन डू प्रीज को दो चौकों के सहारे 63 गेंदों पर 52 रन बनाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत के लिए हरमनप्रीत और राजेश्वरी गायकवाड़ ने दो-दो विकेट लिए, जबकि इससे पहले बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना ने छह चौकों और एक छक्के की मदद से 84 गेंदों पर 71, कप्तान मिताली राज ने आठ चौकों के सहारे 84 गेंदों पर 68, युवा बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने आठ चौकों के सहारे 46 गेंदों पर 53 और हरमनप्रीत ने चार चौकों के दम पर 57 गेंदों पर 48 रन बनाए।

आज दो आखिरी लीग मैचों के बाद प्लेऑफ का शेड्यूल स्पष्ट हो गया है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के अलावा इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज ने प्लेऑफ में क्वालिफाई किया है। 30 मार्च को ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के बीच पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड 31 मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे।

## पटेल और ललित ने मुंबई से छीनी जीत

एजेंसी



मुम्बई। आल राउंडर अक्षर पटेल (नाबाद 38) और ललित यादव (नाबाद 48) की शानदार पारियों तथा उनके बीच 30 गेंदों पर 75 रन की तूफ़ानी अविजित साझेदारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को आईपीएल मुकाबले में रविवार को 10 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर रोमांचक जीत हासिल की।

मुंबई ने सलामी बल्लेबाज ईशान किशन की नाबाद 81 रन की विस्फोटक पारी से 20 ओवर में पांच विकेट पर 177 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन दिल्ली ने 18.2 ओवर में छह विकेट पर 179 रन बनाकर चौंकाने वाली जीत हासिल की।

अक्षर पटेल ने मात्र 17 गेंदों पर नाबाद 38 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए जबकि ललित ने 38 गेंदों पर नाबाद 48 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए।

दिल्ली ने मजबूत लक्ष्य का पीछा करते हुए 3.3 ओवर में 30 रन की तूफानी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद उसके विकेट नियमित अंतराल में गिरते रहे।

पृथ्वी शॉ ने 24 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 38 रन की जोरदार पारी खेली। टिम साइफ़र्ट ने 14 गेंदों में चार चौकों की मदद से 21 रन बनाये।

दिल्ली ने 14वें ओवर तक जाते जाते अपने छह विकेट 104 रन तक गंवा दिए।

इस समय तक मुंबई जीत की स्थिति में नजर आ रही थी लेकिन अक्षर और ललित ने इसके बाद कमाल की बल्लेबाजी करते हुए जीत मुंबई के हाथों से छीनकर दिल्ली की झोली में डाल दी। कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ़ दे मैच का ख़िताब दिया गया।

इससे पहले ईशान ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ 67 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

रोहित के आउट होने के बाद ईशान ने मुंबई की पूरी पारी को संभाले रखा। रोहित ने 32 गेंदों पर 41 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए जबकि ईशान मात्र 48 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 81 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। तिलक वर्मा ने तीन चौकों की मदद से 22 और टीम डेविड ने एक छक्के के सहारे 12 रन बनाये।किशन ने रोहित के साथ पहले एक बढ़िया ओपनिंग साझेदारी की और फिर अंत में एक फ़िनिशर का रोल भी निभाया।

दिल्ली की तरफ से चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव 18 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। दिल्ली की टीम से कुलदीप आज एक अलग रंग में दिखे और उन्होंने कई अहम विकेट लिए।

## 3बीएल के बाद भारतीय पुरुष टीम को 3×3 बास्केटबॉल में सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग

**नयी दिल्ली।** हाल ही में संपन्न 3बीएल प्रो बॉस्केटबॉल लीग के तीसरे सीजन के सफल समापन के बाद भारतीय पुरुष टीम ने फीबा 3×3 बास्केटबॉल रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। भारत 70वें से सीधे 16वें स्थान पर पहुंच गया है।

3बीएल प्रो बॉस्केटबॉल लीग के कमिशनर रोहित बख्शी तथा निदेशक प्रेरणा शर्मा ने रविवार को यहां 3बीएल की विजेता पुरुष टीम गुरुग्राम मास्टर्स और महिला खिताब की विजेता दिल्ली दीवास के खिलाड़ियों और गुरुग्राम मास्टर्स फ्रेंचाइजी के को-ऑनर्स विकास बंसल और राजीव तिवारी की मौजूदगी में संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि इस अप्रत्याशित रैंकिंग में उछाल का प्रमुख कारण भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) और अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) द्वारा मान्यता प्राप्त 3×3 प्रो बास्केटबॉल लीग के तीसरे सत्र का आयोजन है, जो आठ से 21 मार्च तक चंडीगढ़ के मोहाली में किया गया, जिसमें प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरुष तथा महिला 3एक्स3 बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। विशेष भृगुवंशी (अर्जुन अवार्डी और पुरुष राष्ट्रीय टीम के कप्तान), अनीता पॉलदुरई (पद्मश्री), गीतू अन्ना राहुल (अर्जुन अवार्डी), रसप्रीत सिद्धू, अमृतपाल सिंह, पलप्रीत सिंह, प्रिंसपाल सिंह और स्टेफी निक्सन सहित देश भर से शीर्ष भारतीय पुरुष और महिला टीम के स्टार खिलाड़ी 18 फ्रेंचाइजियों (12 पुरुष और छह महिलाएं) में 3बीएल का हिस्सा रहे। इस मौके पर 3बीएल की शीर्ष तीन पुरुष टीमों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। पुरुष वर्ग में गुरुग्राम मास्टर्स विजेता बना है, जबकि अहमदाबाद विंगर्स उप विजेता और मुंबई हीरोज को तीसरा स्थान मिला है। विजेता पुरुष टीम को 35 लाख रुपए, उप विजेता टीम को 25 लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 15 लाख रुपए की इनाम राशि दी गई।

रोहित ने कहा, 3बीएल सीजन तीन की शुरुआत से पहले मैंने वादा किया था कि भारतीय टीमों की वैश्विक फीबा 3×3 फेडरेशन रैंकिंग लगभग 30वीं होगी। हमें इस बात की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि भारत रैंकिंग में अब चीन, ईरान और फिलीपींस जैसी एशियाई महाशक्तियों और यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया से भी आगे निकल गया है जो एशियाई सर्किट में प्रतिस्पर्धा करते हैं। भारत की रैंकिंग विश्व में संयुक्त रूप से 33वें रैंक पर पहुंच गई है।

संयुक्त रैंकिंग पुरुषों और महिलाओं के रैंकिंग पॉइंट्स का जियोमेट्रिक औसत है। लीग के कमिशनर ने बताया कि भारतीय पुरुष टीम की रैंकिंग केवल तीन हफ्तों में 70वें से 16वें स्थान पर पहुंच गई है। पुरुष टीम की रैंकिंग दुनिया में शीर्ष 20 में होने के अलावा मंगोलिया के बाद पूरे एशिया में दूसरे स्थान पर है।

इस बीच, भारतीय महिला टीम की रैंकिंग भी 55वें से 48वें स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि 2020 टोक्यो ओलंपिक के मानदंड के मुताबिक पुरुष तथा महिला दोनों वर्गों से केवल आठ टीमें ओलंपिक में 3×3 इवेंट में प्रतिस्पर्धा करती हैं। फीबा 3×3 फेडरेशन रैंकिंग में शीर्ष चार टीमों को सीधे प्रवेश मिलता है, जबकि अगली 16 रैंक वाली टीमें ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलती हैं।

# यूक्रेन-जॉर्जिया के बायोलैब्स का अमेरिका सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रहा है इस्तेमाल: रूस

मॉस्को। रूस ने अमेरिका पर यूक्रेन और जॉर्जिया की जैव प्रयोगशालाओं (बायोलैब्स) को अपने सैन्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने रूसी टीवी सेंटर को शनिवार को दिये साक्षात्कार में कहा हमने अंतरराष्ट्रीय विधिक संस्थाओं की मदद से यूक्रेन और जॉर्जिया में बनी इन जैव प्रयोगशालाओं में जाने का प्रयास किया लेकिन हमें ऐसा नहीं करने दिया गया। वहां काम करने वाले कर्मचारी आपके वहां पहुंचने पर बेहद चतुराई और पूरे सम्मान के साथ आपका रिसेप्शन एरिया में स्वागत करेंगे, आपको पीने के लिए पेयपदार्थ मुहैया कराये जायेंगे और कैटलॉग्स दिखाये जायेंगे लेकिन किसी को प्रयोगशालाओं के अंदर जाने नहीं दिया जायेगा, न ही आपको और न ही किसी विशेष पर्यवेक्षक को अंदर जाने की इजाजत दी जायेगी।

सुश्री जखारोव ने सवाल किया कि आखिर ऐसा क्यों और इसका क्या मतलब है, ऐसा इसलिए और इसका यह मतलब है कि इन प्रयोगशालाओं के भीतर कुछ गैरकानूनी प्रयोग किये जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका इन प्रयोगशालाओं को अपने सैन्य मकसद से इस्तेमाल कर रहा है।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलि' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को अमेरिका से मांग की कि वह यूक्रेन की जैव प्रयोगशालाओं को धन मुहैया करने में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के बेटे हंटर बिडेन की भूमिका के बारे में स्पष्टीकरण दे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि हंटर बिडेन ने यूक्रेन में अमेरिका के सैन्य जैविक कार्यक्रम को चलाने के लिए निवेश किया है। उन्होंने लगभग 2.4 अरब डॉलर का निवेश इन प्रयोगशालाओं में किया है।

रूस के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने कहा कि रूसी विशेषज्ञों ने खुलासा किया है कि अमेरिका का रक्षा विभाग यूक्रेन की जैव प्रयोगशालाओं में सीधे सीधे जैविक हथियार बना रहा है। रूस का रक्षा मंत्रालय यूक्रेन की प्रयोगशालाओं में अमेरिका द्वारा चलाये जा रही गुप्त सैन्य गतिविधियों के बारे में इन प्रयोगशाला में काम करने वाले कर्मचारियों से मिले कागजातों का अध्ययन किया जा रहा है। कोनाशेनकोव के अनुसार अमेरिका की गैरपंजीकृत दवाइयों के यूक्रेनी सैनिकों पर परीक्षण करने की योजना है।

गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन के डोनेत्स्क और लुहांस्क पीपुल्स रिपब्लिक्स के लोगों की यूक्रेनी सेना से बचाने की गुहार की बात कहते हुए 24 फरवरी से यूक्रेन के खिलाफ विशेष सैन्य अभियान की शुरूआत की थी। रूस का कहना है कि यूक्रेन में उसके विशेष सैन्य अभियान का उद्देश्य यूक्रेन में नाज़ीवाद का खात्मा और असैन्यकरण है। इसी कारण रूस ने यूक्रेन में केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है और इससे यूक्रेन की जनता को कोई खतरा नहीं है। रूस लगातार इस बात पर भी दबाव देता रहा है कि उसकी यूक्रेन पर कब्जे की कोई योजना नहीं है।

### इमरान के सहयोगी विपक्ष के साथ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से पहले उनके सहयोगी और जम्हूरी वतन पार्टी के प्रमुख नवाबजादा शाहजैन बुगती विपक्ष के साथ हो गए हैं। बुगती इससे पहले बलूचिस्तान में सुलह और सद्भाव पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक का कार्यभार संभाले हुए थे। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार श्री बुगती ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी के साथ उनके आवास पर बैठक के बाद प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष का समर्थन करने की घोषणा की। इससे पहले एक ऑडियो संदेश में श्री खान ने कहा, आज जो जलसा हो रहा है वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की लड़ाई नहीं है, बल्कि पाकिस्तान के भविष्य की लड़ाई है। आज हम पाकिस्तान का इतिहास बनाने निकले है। डॉन अखबार के अनुसार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की नेता मरियम नवाज ने पंजाब के विपक्षी नेता हमजा शहबाज के साथ जीटी रोड के रास्ते अपनी पार्टी के कारवां का नेतृत्व किया और इसे पीटीआई सरकार के ताबूत में आखिरी कील बताया जा रहा है।

## रूस ,यूक्रेन से सेना वापस बुला ले, तो हट सकते हैं प्रतिबंध: ब्रिटेन

लंदन 27 मार्च (वार्ता) ब्रिटेन ने यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई के बाद विभिन्न देशों से प्रतिबंधों का सामना कर रहे रूस को इनसे बचने का उपाय सुझाते हुए कहा कि कि अगर रूस यूक्रेन से अपनी सेना को वापस बुला लेता है तो उसके खिलाफ लगाये प्रतिबंधों को हटा दिया जायेगा।

ब्रिटेन की विदेश सचिव लिज़ ट्रूज़ ने रविवार को टेलीग्राफ को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन से सेना वापस बुलाने के बाद ही रूस के खिलाफ लगाये प्रतिबंधों को हटाया जायेगा। अगर रूस ऐसा करता है तो उसे आगे ऐसी कोई कार्रवाई न करने की प्रतिबद्धता भी दिखानी होगी अन्यथा की स्थिति में उसे फिर से प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।

बीबीसी के अनुसार अभी तक अमेरिका,ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने 1000 से अधिक रूसी नागरिकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रतिबंध लगाये हैं।

ब्रिटिश विदेश सचिव ने कहा,अगर रूस बातचीत को लेकर गंभीरता दिखाता है तो यूक्रेन भी इसके लिए तैयार है लेकिन मुझे नहीं लगता कि अभी ये दोनों ही बातचीत के लिए तैयार हैं इसी कारण से अभी प्रतिबंधों को और कड़ा करने की जरूरत है।

## पाकिस्तान के भविष्य के लिए आयें रैली में : इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे देश के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को जारी संदेश में लोगों से देश के भविष्य की इस लड़ाई में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने की अपील की। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने जारी संदेश में कहा,आज राजधानी में बहुत बड़ा जलसा होने जा रहा है और यह केवल पीटीआई की लड़ाई है बल्कि पाकिस्तान के भविष्य की लड़ाई है इसलिए, आज हम सभी बड़ी संख्या में अपने अपने घरों से बाहर निकल कर इतिहास रचें। एआरवाई न्यूज में बताया गया कि प्रधानमंत्री ने लोगों से जल्द से जल्द रैली में पहुंचने की अपील की साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर उन्होंने देर की तो रैली आयोजन स्थल तक पहुंचने में उन्हें देर हो जायेगी क्योंकि राजधानी में जगह-जगह जाम की परेशानी होगी। पीटीआई के सीनेटर फ़ैज़ल खान ने ट्वीट कर कहा कि जनसभा दोपहर में तीन बजे शुरू होगी और प्रधानमंत्री इमरान खान चार बजे के आसपास रैली को संबोधित करेंगे। नेशनल असेंबली में विपक्षी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी द्वारा आठ मार्च को सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में चर्चा से पहले अपनी पार्टी की मजबूती दिखाने के लिए पीटीआई ने इस रैली का आयोजन किया है।


### इमरान इस्लामाबाद में रैली को करेंगे संबोधित

इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के स्थगन होने के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हजारों समर्थक रविवार को इस्लामाबाद में 'अमर बिल मरूफ' जनसभा में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। प्रधानमंत्री ने कहा, आज जंग पाकिस्तान की है, पीटीआई की नहीं। द इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने लोगों से जल्दी अपने गंतव्य तक पहुंचने का भी आग्रह किया। गत 24 मार्च को श्री इमरान ने 'डाकुओं के समूह' के खिलाफ 27 मार्च को एक सार्वजनिक बैठक का आह्वान किया था, जो पिछले 30 वर्षों से देश को लूट रहे हैं। इस बीच, विपक्षी गठबंधन पीडीएम के बैनर तले जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पाकिस्तान (जेयूआई-एफ) के समर्थक श्रीनगर हाईवे पर पहुंच गए हैं। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की नेता मरियम नवाज ने पंजाब के विपक्षी नेता हमजा शहबाज के साथ जीटी रोड के रास्ते अपनी पार्टी के कारवां का नेतृत्व किया और इसे पीटीआई सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने के बराबर बताया। हालांकि, गृह मंत्री शेख राशिद ने चेतावनी दी है कि जेयूआई-एफ को इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर विपक्षी दलों ने रेड जोन में प्रवेश करने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीटीआई के एक प्रवक्ता के हवाले से डॉन ने बताया कि मीडियाकर्मियों को भी समारोह की रिकॉर्डिंग के लिए कैमरे के साथ आने की अनुमति नहीं दी गई है। हालांकि मोबाइल से वे इसके फुटेज और फोटो ले सकते हैं। कैमरे को जोखिम पैदा करने वाला बताया गया है।

### चीन में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का दूसरा ब्लैक बॉक्स मिला

बीजिंग। चीन में दुर्घटनाग्रस्त हुए चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के बोइंग विमान 737 का दूसरा ब्लैक बॉक्स दुर्घटना स्थल से बरामद कर लिया गया है। सीसीटीवी की रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस की उड़ान संख्या एमयू 5735 सोमवार 21 मार्च को जब कुनमिंग से गुआंग्झू जा रही थी, तभी रास्ते में पहाड़ी इलाके में किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान ने तेजी से गोता खाया और सुदूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 132 लोग सवार थे जिसमे 123 यात्री और नौ चालक दल के सदस्य थे। सीसीटीवी की रिपोर्ट में बताया गया कि विमान का दूसरा ब्लैक बॉक्स दुर्घटनास्थल से बरामद कर लिया गया है, लेकिन दुर्घटना के कारणों का अभी पता चलना बाकी है। चीन के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है, बोइंग 737 के कॉकपिट का वॉइस रिकॉर्डर बुधवार को ही मिल गया था।

### जर्मनी एरो 3 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने पर कर रहा विचार



बर्लिन। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ और बुंडेसवेहर के महानिरीक्षक एबरहार्ड जोर्न ने इजरायल से एरो 3 (हेट्ज 3) मिसाइल रक्षा प्रणाली हासिल करने की संभावनाओं पर चर्चा की है। समाचार पत्र द बिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। अखबार के अनुसार, जर्मनी को इस तरह की खरीद में 200 करोड़ यूरो का खर्च आएगा और यह एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम साल 2025 से सेवा में आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस मिसाइल प्रणाली में बहुत शक्तिशाली रडार लगे हैं, जिससे पोलैंड, रोमानिया और बाल्टिक देशों को कवर किया जा सकेगा। बिल्ड ने हालांकि यह भी बताया कि एरो 3 पर फिलहाल अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटरा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# मीरा ने ग्लैमरस आउटफिट में किया रैम्प वॉक, शाहिद कपूर का रिएक्शन

एजेंसी

मुंबई। शाहिद कपूर और मीरा राजपूत बी-टाउन के मोस्ट पॉपुलर कपल में से हैं। भले ही मीरा शोबिज इंडस्ट्री से नहीं हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता किसी भी सेलिब्रिटी से कम नहीं है। वह हमेशा किसी ना किसी वजह से लाइमलाइट में रहती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वालीं मीरा राजपूत अपनी फिटनेस और फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। दिल्ली में स्न्नष्टष्टद्ब और लक्मे फैशन वीक द्वारा एक फैशन वीक का आयोजन किया गया। इस दौरान कई बड़ी हस्तियां रैम्प वॉक करती नजर आईं। इवेंट के तीसरे दिन मीरा राजपूत डिजाइनर आयशा राव के लेटेस्ट कलेक्शन की शो स्टॉपर बनीं। अब शाहिद कपूर ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है।

### पत्नी के लिए चीयरलीडर बने शाहिद

पत्नी के रैम्प वॉक करने पर शाहिद कपूर ने उन्हें चीयर किया। शाहिद ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें मीरा गॉर्जियस दिख रही हैं। स्टार वाइफ ने रैम्प पर फ्लोरल लहंगा और ब्लाउज पहना। शाहिद ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'स्टनर।' साथ ही उन्होंने हार्ट का इमोजी पोस्ट किया। शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म की फिल्म की बात करें जल्द ही वह 'जर्सी' में नजर आएंगे। इसमें उनके अपोजिट मृणाल ठाकुर है। यह तमिल फिल्म की हिन्दी रीमेक है। 'जर्सी' काफी पहले ही रिलीज होने वाली थी लेकिन कोरोना की वजह से इसे कई बार टाला गया। इसके अलावा शाहिद कपूर राज एंड डीके के साथ ओटीटी पर डेब्यू भी करने वाले हैं।



# पूजा हेगड़े संग सेल्फी लेते वक्त शख्स ने किया कुछ ऐसा, हुआ ट्रोल

नयी दिल्ली। अक्सर लोग अपने पसंदीदा सेलेब्रिटीज के साथ एक फ्रेम में नजर आने के लिए काफी बेताब रहते हैं। मौका मिलते ही ये अपने फेवरेट स्टार्स के साथ फोटो खिंचवाकर उस पल को हमेशा के लिए संजोकर रखते हैं। हालांकि कई बार कुछ लोग सेल्फी लेने के चक्कर में कुछ ऐसा कर जाते हैं, जिनसे उन्हें अपने पसंदीदा स्टार की नाराजगी और बाद में सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ जाता है।

इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ जब एक शख्स ने साउथ की मशहूर एक्ट्रेस पूजा हेगड़े संग सेल्फी लेने की डिमांड कर दी। हाल ही में पूजा जिम के बाहर स्पॉट हुईं। उन्हें देखते ही पैपराजी की भीड़ लग गई। पूजा ने भी किसी को निराश न करते हुए कैमरे के सामने पोज दिया और फिर वापसी के लिए अपनी कार की ओर जाने लगीं। तभी एक शख्स सेल्फी लेने के लिए पूजा से गुजारिश करता है। एक-दो सेल्फी लेने के बाद भी जब उसका मन नहीं भरता है तो वह पूजा के पीछे-पीछे उनकी कार तक जाने लगता है। इस दौरान फोटोग्राफर्स भी उस पर खूब चिल्लाते हैं। लेकिन वह किसी की एक नहीं सुनता। खुद पूजा भी बाद में उसके साथ सेल्फी लेने से मना करते हुए अपनी गाड़ी में बैठ जाती हैं।



# राम चरण ने प्रशंसकों को आरआरआर के लिए दिया धन्यवाद

**हैदराबाद।** दक्षिण के फिल्म अभिनेता राम चरण ने रविवार को नई रिलीज फिल्म 'आरआरआर' को पसंद और प्रशंसा करने के लिए प्रशंसकों का अभार जताया।


'मगधीरा' अभिनेता ने रविवार को अपना 37वां जन्मदिवस मनाया। ट्विटर पर 'यवेदु' अभिनेता ने कहा, एस एस राजामौली निर्मित फिल्म आरआरआर के लिए स्नेह और प्रशंसा के लिए धन्यवाद।

राम चरण ने कहा, जिन्होंने उत्साह के साथ सिनेमाघरों में सिनेमा देखा सभी को मेरा धन्यवाद। मैं विनम्रतापूर्वक जन्मदिन के उपहार को स्वीकार करता हूं।

राजमौली निर्मित 'आरआरआर' 25 मार्च को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई, इसमें टॉलीवुड के दो बड़े अभिनेता पर्दे पर दिखे, जूनियर एनटीआर और चरण के साथ बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आलिया भट्ट ने दक्षिण के सिनेमा में पदार्पण किया। यह सिनेमा भारत में ब्रिटिश राज के दौरान के दो प्रसिद्ध क्रांतिकारी नेता के नाटकीय चित्रण पर आधारित है जो स्वतंत्रता के लिए किए गए लड़ाई के बाद इतिहास में महत्वपूर्ण व्यक्ति हो गए। तेलंगाना के गोंड जनजाति के प्रसिद्ध जनजाति नेता कोमुरम भीम और आंध्र प्रदेश के नेता अल्लुरी सीताराम राजू जिन्होंने ब्रिटिश राज की खिलाफत वन नीतियों के लिए की और जनजाति के वास्ते लड़ाई की।



# राखी ने फैन्स से की ऐसी डिमांड, छूट गए पसीने



**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत का हरफनमौला अंदाज सभी के दिलों को भाता है। राखी अक्सर कुछ न कुछ ऐसा कर या कह जाती है, जिससे वह सूर्खियों में बनी रहती हैं। राखी ने इस बार सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर अपने फैन्स से कुछ ऐसी डिमांड कर दी है, जिससे सभी के पसीने छूट गए हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो को राखी ने खुद शूट किया है, जो अब खूब वायरल हो रहा है। इसमें वह कहती नजर आती हैं, मेरी आईडी पर ये दिल मत भेजा करो यार। किडनी भेजो किडनी। आईफोन लेना है मुझे, भेजो जल्दी, नया वाला आईफोन 13 प्रो। राखी के इस मजेदार वीडियो को लोग खूब पसंद कर रहे हैं और इस पर फनी कमेंट्स भी दे रहे हैं। एक यूजर ने राखी को सुझाव देते हुए लिखा है, सलमान खान से मांग लो, वह आपको एक नया आईफोन भेज देंगे। दूसरे ने कमेंट किया है, इतना पैसा कमाते तो हो आप और कितना चाहिए। इससे पहले राखी ने एक और वीडियो शेयर किया था जिसमें वह हद से ज्यादा शॉर्ट ड्रेस पहन काउच पर बैठी पोज देती नजर आ रही थीं।

# 'पठान' में शाहरुख का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर बेटी सुहाना ने दिया रिएक्शन



मुंबई। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'पठान' के लिए कमाल का फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है, जिसे देखकर फैंस दंग रह गये हैं। जहां हर कोई किंग खान के इस बदलाव को देखकर हैरान है, वहीं अब उनकी बेटी सुहाना खान ने इस्टाग्राम अकाउंट पर पिता की फोटो शेयर की है, जिसमें वह शर्टलेस होकर अपने 'एट पैक एब्स' फ्लॉन्ट करते हुए दिख रहे हैं।

शाहरुख ने 56 साल की उम्र में ऐसी बॉडी बनाकर फैंस को बेहतरीन सरप्राइज दिया है। सुहाना ने फोटो के साथ ऐसा कैप्शन दिया है जिसकी खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने लिखा, मेरे डैड 56 साल के हैं। हमें बहाने नहीं बनाने चाहिए।

शाहरुख ने भी अपनी इस फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जो इन दिनों इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रही है। उन्होंने पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, शाहरुख अगर थोड़ा रुक भी गया तो पठान को कैसे रोकोगे... एप्स और एब्स सब बना डालूंगा।

शाहरुख चार साल के लंबे अरसे के बाद 'पठान' से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं. इसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म साल 2023 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं और प्रोडक्शन का काम यश राज फिल्म्स से संभाला है। इससे पहले उनकी फिल्म 'जीरो' 2018 में रिलीज हुई थी।




# शरीर में आयरन की कमी होने पर नजर आते हैं यह संकेत, हो जाएं सतर्क

मिताली जैन

**जब आपके शरीर में आयरन की कमी हो जाती है तो हो सकता है कि आपकी स्किन सामान्य से अधिक पीली नजर आए। खासतौर से, आपके चेहरे, लोअर इनर आईलिड और नाखून पीले नजर आ सकते हैं। यह पीलापन हीमोग्लोबिन के निम्न स्तर के कारण होता है, जो ब्लड को रेडनेस देता है।**

आज के समय में व्यक्ति का खानपान कुछ ऐसा है कि इससे उन्हें पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त नहीं हो पाते हैं। लगातार ऐसा होने से व्यक्ति के शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे शरीर की कार्यप्रणाली सही तरह से काम नहीं कर पाती हैं। इन्हीं पोषक तत्वों में से एक है आयरन। खानपान से लेकर ब्लड लॉस, प्रेग्नेंसी आदि ऐसे कई कारण होते हैं, जो शरीर में आयरन की कमी की वजह बनते हैं। आमतौर पर, लोगों को इसके बारे में पता नहीं चलता।




लेकिन अगर आप ध्यान दें तो आपका शरीर खुद आयरन की कमी के संकेत देता है। बस जरूरत है कि आप इस पर ध्यान दें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रहे हैं, जो शरीर में आयरन की कमी की ओर इशारा करते हैं-

### बहुत अधिक थका हुआ महसूस करना

जब शरीर में आयरन की कमी हो जाती है, तो आप बिना किसी कारण भी खुद को बहुत अधिक थका हुआ महसूस कर सकते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि आपके टिश्यूज तक ऑक्सीजन कम मात्रा में पहुंचती है। जिसके कारण आपके शरी को पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा नहीं मिलती है और ऐसे में आपको अत्यधिक थकान का अहसास होता है।

### स्किन में पीलापन नजर आना

जब आपके शरीर में आयरन की कमी हो जाती है तो हो सकता है कि आपकी स्किन सामान्य से अधिक पीली नजर आए।

खासतौर से, आपके चेहरे, लोअर इनर आईलिड और नाखून पीले नजर आ सकते हैं। यह पीलापन हीमोग्लोबिन के निम्न स्तर के कारण होता है, जो ब्लड को रेडनेस देता है।

### सांस की तकलीफ होना

कुछ लोगों के शरीर में आयरन की कमी होने पर सांस लेने में भी तकलीफ होती है। अमूमन लोग इसे अस्थमा से जोड़कर देखते हैं, लेकिन यह आयरन की कमी का एक लक्षण भी हो सकता है, क्योंकि कम हीमोग्लोबिन का स्तर आपके शरीर को आपकी मांसपेशियों और ऊतकों तक ऑक्सीजन को प्रभावी ढंग से पहुंचाने से रोकता है। जिससे सांस लेने में परेशानी होती है।

### सिरदर्द की समस्या होना

सिर में दर्द कई कारणों से हो सकता है। जैसे- अत्यधिक तनाव या शरीर में पानी की कमी। हालांकि, शरीर में आयरन की कमी होने पर भी लोगों को सिर में दर्द की शिकायत होती है। हालांकि, ऐसा क्यों होता है, इसके बारे में ठीक तरह से कुछ नहीं कहा जा सकता। डोपामाइन की शिथिलता, एस्ट्रोजन के स्तर और आयन की कमी के बीच संबंध पर अधिक शोध की आवश्यकता है।

### बाल और स्किन का सूखा और डैमेज्ड होना

यदि आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इससे आपकी स्किन और बालों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है, जिससे आपको स्किन व हेयर में सूखापन या डैमेज का सामना करना पड़ सकता है।

# वॉकिंग नहीं, रिवर्स वॉकिंग की मदद से बनाएं खुद को चुस्त व तंदुरूस्त

मिताली जैन

**चूंकि रिवर्स वॉकिंग करते समय हम अपनी बॉडी की आदत के विपरीत चलते हैं। ऐसे में रिवर्स वॉकिंग करना आपकी इन्द्रियों के लिए भी अच्छा माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि रिवर्स वॉकिंग आपकी सोचने की क्षमता को और भी अधिक बेहतर बनाने में मदद करती हैं।**

जब खुद को फिट रखने के सबसे आसान तरीकों की बात होती है, तो उसमें सबसे पहले वॉकिंग का ही नाम लिया है। यह एक ऐसी फिजिकल एक्टिविटी है, जिसे कोई भी बेहद आसानी से कर सकता है। आमतौर पर, लोग अपने मार्निंग या इवनिंग रूटीन में वॉकिंग को शामिल करते हैं। लेकिन अगर आप इस फिजिकल एक्टिविटी को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आप रिवर्स वॉकिंग कर सकते हैं। इस तरह वॉकिंग करते हुए आपको आगे नहीं, बल्कि पीछे की तरफ चलना होता है। सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन



रिवर्स वॉकिंग के अपने कई बेनिफिट्स हैं, जिसके बारे में हर किसी को जानना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको रिवर्स वॉकिंग से मिलने वाले कुछ फायदों के बारे में इस लेख में चर्चा कर रहे हैं-

### रिवर्स वॉकिंग से अधिक कैलोरी बर्न होती है

यह तो हम सभी जानते हैं कि जब वॉकिंग की जाती है तो इससे आपकी कैलोरी बर्न होती है। लेकिन अगर आप उतने ही समय व कदमों को चलकर अधिक कैलोरी बर्न करना चाहते हैं तो आपको रिवर्स वॉकिंग करनी चाहिए। इससे आपकी कैलोरी अपेक्षाकृत अधिक बर्न होती है, जिससे आपको जल्द शेप में आने में मदद मिलती है।

### बैलेंसिंग में मददगार

हम सभी की आदत होती है कि जब भी हम चलते हैं तो आगे की ओर चलते हैं।

लेकिन अगर आप रिवर्स वॉकिंग करते है तो इससे आप अपनी डायरेक्शन को चेंज करते हैं। ऐसे में आपको संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक स्थिरता की आवश्यकता होती है। नियमित रूप से यह अभ्यास करने से आपको अपनी बॉडी को बैलेंस करने में मदद मिलती है। हालांकि, गिरने या टक्कर से बचने के लिए हमेशा सुनिश्चित करें कि आप बिना किसी बाधा वाले क्षेत्र में चल रहे हैं।

### इन्द्रियों पर पड़ता है सकारात्मक असर

चूंकि रिवर्स वॉकिंग करते समय हम अपनी बॉडी की आदत के विपरीत चलते हैं। ऐसे में रिवर्स वॉकिंग करना आपकी इन्द्रियों के लिए भी अच्छा माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि रिवर्स वॉकिंग आपकी सोचने की क्षमता को और भी अधिक बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

### पैर होते हैं अधिक मजबूत

हम आमतौर पर जब आगे की ओर चलते हैं तो कुछ मांसपेशियां जो हमारे पैरों के पिछले हिस्से में होती हैं, उनका सही तरह से व्यायाम नहीं हो पाता है। लेकिन जब आप रिवर्स वॉकिंग करते हैं तो वे मांसपेशियां भी मूव करती हैं। जिससे आपके पैर अधिक मजबूत बनती हैं।

# फैमिली ट्रिप के लिए बेस्ट हैं ये 5 जगहें, गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को लेकर जरूर जाएं

प्रिया मिश्रा

**रोजमर्रा की जद्दो-जहद और टेंशन से दूर परिवार के साथ वक्त बिताने की बात ही अलग होती है। यही वजह है कि लोग छुट्टी मिलते ही परिवार के साथ घूमने निकल पड़ते हैं। अगर आप भी गर्मियों की छुट्टी में बाहर घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं तो यह लेख ज़रूर पढ़े।**


घूमना किसे पसंद नहीं होता है! वह भी जब फैमिली के साथ घूमने जाना हो तो मजा दोगुना हो जाता है। रोजमर्रा की जद्दो-जहद और टेंशन से दूर परिवार के साथ वक्त बिताने की बात ही अलग होती है। यही वजह है कि लोग छुट्टी मिलते ही परिवार के साथ घूमने निकल पड़ते हैं। अगर आप भी गर्मियों की छुट्टी में बाहर घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं तो यह लेख ज़रूर पढ़े। आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं जो फैमिली ट्रिप के लिए बेस्ट हैं -

### आगरा

अगर फैमिली के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आगरा जा सकते हैं। यह शहर घूमने के लिहाज से बेहद अच्छा है और इसका एक खास ऐतिहासिक महत्त्व है। यहाँ आप बच्चों को ताजमहल और आगरा फोर्ट दिखा सकते हैं और परिवार के साथ मौज-मस्ती भरे पल एन्जॉय कर सकते हैं।

### अंडमान और निकोबार

अंडमान और निकोबार एक बेहतरीन पर्यटन स्थल है, जहाँ आप अपने परिवार या पार्टनर के साथ जा सकते हैं। यहां के सदाबहार वन और



खूबसूरत रेतीले समुद्र तट हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहाँ आप बच्चों को सेल्यूलर जेल भी दिखा सकते हैं, जिसे इतिहास में कालापानी की सजा के लिए जाना जाता है। यहाँ आप हैवलॉक आइलैंड पर वॉटर स्पोर्ट एक्टिविटीज का लुत्फ़ भी उठा सकते हैं।

### दार्जिलिंग

दार्जिलिंग एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है जहाँ आप अपने परिवार के साथ छुट्टियां बिताने जा सकते हैं। अपने चाय के बागानों के लिए यह हिल स्टेशन दुनियाभर में मशहूर है। यहाँ आप अपने परिवार के साथ प्राकृतिक सुंदरता के बीच सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। यहाँ आप बच्चों को टॉय ट्रेन में घुमाना ना भूलें।

### श्रीनगर

श्रीनगर शहर अपनी खूबसूरत वादियों और झीलों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहाँ आप अपने परिवार के साथ डल झील की सवारी कर सकते हैं।

श्रीनगर में ट्यूलिप गार्डन, शालीमार बाग, परी महल और चश्मे शाही कुछ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं। यहाँ की प्राकृतिक खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।

### नैनीताल

उत्तराखंड का नैनीताल जिला अपनी खूबसूरत झीलों और जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के लिए प्रसिद्ध है। यहां आप वन्यजीवों के साथ-साथ पेड़-पौधों की भी बहुत सारी प्रजातियां देख सकते हैं। यहाँ पर आप अपने परिवार के साथ एडवेंचर जंगल सफारी में जा सकते हैं। नैनीताल में और भी कई खूबसूरत जगहें हैं, जैसे गर्जिया देवी मंदिर, सीताबनी वन्यजीव अभ्यारण्य, कॉर्बेट फॉल्स आदि।

CMYK CMYK CMYK CMYK